

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 | जेपी ने गांधी मैदान में ही किया था संपूर्ण ...

जिला पदाधिकारी ने राजस्व विभाग ... | 10



वर्ष : 14 | अंक : 58 | पटना, रविवार, 07 जून, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.0°C
न्यूनतम तापमान 21.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,58,340 |
| चांदी | 2,97,600 |
| सेंसेक्स | 74,243 |
| निफ्टी | 23,366 |

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएसई ने 12वीं के छात्रों के लिए बढ़ाई मार्क्स वेरिफिकेशन-पुनर्मूल्यांकन की तिथि

नई दिल्ली। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं परीक्षा 2026 के स्टूडेंट्स को राहत देते हुए आंसर बुक के वेरिफिकेशन और सवालों के पुनर्मूल्यांकन आवेदन की अंतिम तिथि अब 6 जून के बजाय 7 जून मध्य रात्रि तक बढ़ा दी है। इससे उन छात्रों को मौका मिलेगा जो किसी कारणवश तय समय में आवेदन नहीं कर पाए थे। बोर्ड ने सभी पात्र छात्रों से अपील की है कि वे नई समय सीमा के अंदर अपने आवेदन जमा कराएं। बता दें सीबीएसई की ओर से मार्क्स वेरिफाई या टोटलिंग के लिए 500 की जगह 100 रुपए, वहीं प्रति सवाल दोबारा कॉपी जांच करवाने के लिए 100 की जगह सिर्फ 25 रुपए तय किए गए हैं। सीबीएसई ने पोस्ट-रिजल्ट सर्विस पोर्टल पर हुए सुनियोजित साइबर हमलों को लेकर दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस यूनिट में शिकायत दर्ज कराई है। बोर्ड ने साफ किया है कि साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की 24 घंटे निगरानी और त्वरित कार्रवाई के कारण सभी हमलों को रोका गया है और डेटा में कोई सेंध या अनधिकृत एक्सेस नहीं हुआ है। बोर्ड सचिव की ओर से शुक्रवार को अधिकृत वेबसाइट पर जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि हाल ही में शुरू किए गए पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल पर बीते तीन दिनों में बार-बार साइबर हमले हुए हैं। यह पोर्टल देशभर के लाखों विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन, अंक पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन जैसी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 2 जून 2026 को शुरू किया गया था।

# अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूतः मोदी

- पीएम ने आर्थिक सलाहकार परिषद के साथ की चर्चा
- वैश्विक उथल-पुथल के दौर में भारत की आर्थिक वृद्धि को और गति देने के उपायों पर हुई व्यापक चर्चा

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें वैश्विक उथल-पुथल के दौर में भारत की आर्थिक वृद्धि को और गति देने के उपायों पर व्यापक चर्चा की गई। प्रधानमंत्री और परिषद के सदस्यों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न विचारों और नीतिगत उपायों पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही आम नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम बनाने तथा कारोबार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को बढ़ावा देने संबंधी सुधारों पर भी चर्चा हुई। बैठक में परिषद के सदस्यों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के भारत और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का भी आकलन प्रस्तुत किया। ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार, निवेश और वैश्विक आर्थिक स्थिरता से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए गए।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारत के आर्थिक परिवर्तन और दीर्घकालिक विकास की प्राथमिकताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में सुधारों की प्रक्रिया को और गति देने तथा ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुनिश्चित करने के संबंध में भी विचार साझा किए गए। सरकार का मानना है कि अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और दीर्घकालिक विकास के लिए सुधारों तथा निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय खेलों को बिहार में ओलम्पिक स्तर की सुविधाएं दी जायेगी : सम्राट



**प्रमुख बिन्दु :-**

- खिलाड़ियों को 'मेडल लाओ नौकरी पाओ' योजना के तहत प्रोत्साहित किया जा रहा है
- राजगीर में निमार्णाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण 31 दिसंबर 2026 तक पूर्ण करें
- पटना के डुमरी खेल परिसर में सभी खेलों के लिये अलग-अलग अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण कराया जाए
- राज्य के कुल 8053 ग्राम पंचायतों में से 4700 ग्राम पंचायतों में कुल 5266 में खेल मैदान का निर्माण पूर्ण हो गया है। शेष खेल मैदानों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें
- ग्राम पंचायतों में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण के माध्यम से खेल मैदानों का निर्माण कराएं
- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, खेल उपकरण, कोचिंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं

### राजगीर में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण 31 दिसंबर तक पूरा करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजगीर में निमार्णाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण 31 दिसंबर 2026 तक पूर्ण करें। पटना के डुमरी खेल परिसर में सभी खेलों के लिये अलग-अलग अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के कुल 8053 ग्राम पंचायतों में से 4700 ग्राम पंचायतों में कुल 5266 में खेल मैदान का निर्माण पूर्ण हो गया है। शेष खेल मैदानों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें। ग्राम पंचायतों में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण के माध्यम से खेल मैदानों का निर्माण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना स्थित मोइनुल हक स्टेडियम के पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने हेतु बीसीसीआई एवं बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित करें। मोइनुल हक स्टेडियम तक बेहतर सड़क एवं परिवहन कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें ताकि खेल के आयोजन के दौरान भीड़ की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में ऐसे पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए जिनमें नवाचार, देशस्तर पर उपयोगिता एवं रोजगार की अधिक संभावनाएं हों। जिला स्तरीय खेल भवन-सह-व्यायामशालाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा इनके संचालन एवं रख-रखाव के लिए पीपीपी मॉडल की संभावनाओं का आकलन किया जाए। प्रखंड स्तरीय आउटडोर

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में खेल विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने खेल अवसंरचना का विकास, विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति, खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधायें, प्रोत्साहन एवं सम्मान तथा राज्य में खेल विकास के लिये भावी कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय खेलों को बिहार में ओलम्पिक स्तर की सुविधाएं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिये कई कदम उठायें गये हैं। राज्य में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचनाओं का निर्माण चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है। युवा एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने पर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। बेहतर खेल प्रदर्शन के लिये खिलाड़ियों को सुविधायें देने के साथ-साथ उन्हें 'मेडल लाओ नौकरी पाओ' योजना के तहत प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### स्टेडियमों के निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए

सीएम ने कहा कि प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियमों के निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा इनके संचालन एवं रख-रखाव की व्यवस्था पीपीपी मॉडल के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर नियमित खेल उत्सवों एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाए। पंचायत खेल क्लबों से पुराने खिलाड़ियों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों को जोड़कर खेल संस्कृति को विकसित किया जाए। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, खेल उपकरण, कोचिंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। जिला एवं प्रखंड स्तर पर खेल सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाए।

# विक्रमशिला सेतु पर बने चार बेली ब्रिज 7 जून को होंगे जनता को समर्पित : मंत्री

- बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र ने विक्रमशिला सेतु पर बनाए गए चार बेली ब्रिज का किया निरीक्षण



प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र ने शनिवार को विक्रमशिला सेतु पर बनाए गए चार बेली ब्रिज का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की समीक्षा की। इस दौरान भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि जिस दिन विक्रमशिला सेतु का स्लैब क्षतिग्रस्त हुआ था, उसी दिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मामले का संज्ञान लिया और बिना किसी देरी केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात कर आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया। इसके बाद राज्य सरकार, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयास से रिकॉर्ड समय में बेली ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि भागलपुर जिला प्रशासन, पथ निर्माण विभाग और सभी संबंधित एजेंसियों ने मिलकर दिन-रात मेहनत की, जिसके परिणामस्वरूप देश में पहली बार इतने कम समय में हैंगर ट्रस पर बेली ब्रिज तैयार किया गया है। आज निर्माण कार्य की अंतिम समीक्षा और निरीक्षण किया गया है तथा सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं। ई. कुमार शैलेंद्र ने बताया कि 7 जून को सुबह 10 बजे चारों बेली ब्रिज जनता को समर्पित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तैयार किए गए इस ढांचे में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है और इसे पूरी तरह सुरक्षित बनाया गया है। स्थायी समाधान के संबंध में मंत्री ने कहा कि इसकी तकनीकी समीक्षा और जांच जारी है। सभी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है और 15 सितंबर के बाद इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं, जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि 7 जून को सुबह 10 बजे से बेली ब्रिज को आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस मार्ग से छोटे वाहनों के आवागमन की अनुमति होगी, जबकि बड़े वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था पहले से उपलब्ध है।

# भारत बना दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश : राजनाथ

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बीच भारत ने एक बार फिर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर शानदार 7.7 प्रतिशत दर्ज की गई है। इसके साथ ही, इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में अर्थव्यवस्था की रफ्तार और अधिक बढ़कर 7.8 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। भारत के इस शानदार आर्थिक प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्रियों ने देश की आर्थिक प्रगति, दूरदर्शी नीतियों और सुदृढ़ आधारशिला की सराहना की है। देश की इस आर्थिक मजबूती पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह शानदार विकास दर भारत की बढ़ती ताकत और उस ठोस बुनियाद को दशार्ती है, जिसे पिछले 12 वर्षों में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म (सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन) के मंत्र के जरिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां आज दुनिया के कई बड़े देश आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं, वहीं भारत स्थिरता और ऊंचे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र-निर्माण के प्रति समर्पण, इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्यमिता पर विशेष ध्यान देने के कारण ही आज भारत वैश्विक स्तर पर एक सम्मानित और आत्मनिर्भर आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। विकास की यह गति विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के साथ ही 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को नए अवसर प्रदान कर रही है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी जीडीपी के इन आंकड़ों पर बेहद खुशी जाहिर की।

# पंजाबः अंतिम संस्कार के लिए जा रहे एक ही परिवार के आठ लोगों की सड़क हादसे में मौत

प्रात : किरण

चंडीगढ़ /एजेंसी। पंजाब के फिरोजपुर जिले में शनिवार को एक पिकअप गाड़ी और एक भारी ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। जलालाबाद गांव के एक ही परिवार के लगभग 25 लोग अमृतसर जिले के ब्यास में एक धार्मिक स्थल पर परिवार के एक सदस्य का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। यह हादसा सुबह करीब 5:40 बजे फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर हुआ। पिक-अप गाड़ी और ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिक-अप गाड़ी घिसटती चली गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस, राहगीरों और स्थानीय लोगों को गाड़ी के अंदर फंसे कई लोगों को बाहर निकालने के लिए क्षतिग्रस्त गाड़ी के हिस्सों को काटना पड़ा। पिक-अप गाड़ी में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। उन्होंने कहा, हादसे की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि घायलों को एम्बुलेंस से फिरोजपुर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सिविल अस्पताल के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. निखिल गुप्ता ने बताया कि कई गंभीर रूप से घायल लोगों को आगे के इलाज के लिए फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर किया गया।

# पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने अपने सुरक्षाकर्मियों को भेजा वापस

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी जहाँ अपने 10 सर्कुलर रोड स्थित अपने सरकारी आवास नहीं खाली करने पर अड़ी है वहीं शनिवार को उन्होंने अपने सरकारी आवास के बाहर तैनात सभी सुरक्षाकर्मियों को वापस भेज दिया है। दरअसल, बिहार सरकार ने लालू यादव और राबड़ी देवी को मिली जेड प्लस सुरक्षा वापस ले ली है। शनिवार की सुबह 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास के बाहर एक भी सुरक्षकर्मी नहीं दिखे। बाहर सन्नाटा पसरा है। उधर, राजद के प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने इस फैसले को साहसिक फैसला बताते हुए कहा कि राजद अध्यक्ष लालू यादव और राबड़ी देवी ने जो भी सुरक्षा सरकार द्वारा दी गई थी उसे वापस कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शुक्रवार को ही सरकार ने अपने आका के निर्देश पर लालू यादव और राबड़ी देवी के परिवार की सुरक्षा में घोर कटौती की थी। शासन इस परिवार को अपमानित करना चाहता है। उन्होंने हालांकि आगे कहा कि किसी के अपमानित करने से कोई अपमानित नहीं हो जाता। लोकतंत्र में जनता मालिक है। विपक्ष को सत्ता पक्ष समाप्त करना चाहता है। उन्होंने कहा कि कभी मकान खाली करने, कभी सुरक्षा में कमी कर अपमानित किया जा रहा है। यह राजनीति नहीं अपमानित करने की साजिश है। उन्होंने संभावना जताई कि राजद के सभी लोग अपनी सुरक्षा वापस कर देंगे। जनता के

# सीमा सुरक्षा में बड़ा बदलावः घुसपैठ रोकने के लिए शुरू होगी स्मार्ट बॉर्डर परियोजना

- शाह ने कहा, सीमा सुरक्षा को मजबूत करना केंद्र की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। देश की सीमाओं को अधिक सुरक्षित और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि जल्द ही देश की सीमाओं पर सात से आठ स्थानों पर ह्यस्मार्ट बॉर्डरह्व पायलट परियोजना शुरू होगी। इस योजना का उद्देश्य घुसपैठ, तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से रोक लगाना है। त्रिपुरा के लंकामुरा सीमा चौकी पर बीएसएफ जवानों को संबोधित केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि सरकार सीमा पार से होने वाली घुसपैठ के जरिए किसी भी प्रकार के जनसांख्यिकीय बदलाव को स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चाहे त्रिपुरा हो, बंगाल हो या बिहार, सीमा सुरक्षा को मजबूत करना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री के अनुसार, स्मार्ट बॉर्डर परियोजना में आधुनिक तकनीक, स्थानीय प्रशासनिक संसाधनों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। यह योजना मौजूदा बाड़बंदी व्यवस्था का पूरक होगी और सीमाओं को अधिक प्रभावी ढंग से सुरक्षित बनाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना की रूपरेखा करीब अंतिम चरण में है और शुरूआती चुनौतियों को दूर करने के बाद पूरे सीमा क्षेत्र में लागू होगी।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने त्रिपुरा में सीमा सुरक्षा से जुड़ी एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से लगी करीब 650 किलोमीटर लंबी सीमा पर मौजूद 15 वर्ष से अधिक पुरानी 119 किलोमीटर बाड़ को बदलने की मंजूरी दे दी गई है। इससे सीमा प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

**टकराव** | **दोनों पक्षों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किये**

# अमेरिका-ईरान एक बार फिर सैन्य टकराव के बेहद करीब



प्रात : किरण

वॉशिंगटन/तेहरान/एजेंसी। अमेरिका-ईरान के बीच शुक्रवार को तनाव एक बार फिर सीधे सैन्य टकराव के बेहद करीब पहुंच गया। दोनों पक्षों ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किये। खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष विराम की परीक्षा के बीच ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागे जाने के बाद अमेरिकी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी ड्रोन और रडार ठिकानों को निशाना बनाया। इसी दौरान एक अन्य मोर्चे पर इजरायल-लेबनान में संघर्ष विराम समझौता होने के बावजूद इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच झड़पें तेज हो गई हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर यह युद्धविराम लागू है, लेकिन जमीन पर इसका पालन बेहद कमजोर नजर आ रहा है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि ईरानी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। शुरूआती आकलन के अनुसार, अमेरिकी सेना ने कुवैत और बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई सात मिसाइलों में से छह को हवा में ही नष्ट कर दिया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही गिर गई। बयान में कहा गया है कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सेंटकॉम ने कहा, ह्लबहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं।ह्व इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने दावा किया था कि उसने क्षेत्र में मौजूद दुश्मन के ठिकानों पर हमले किये हैं।

### ईरान के साथ समझौता अभी नहीं हुआ, लेकिन उनके पास विकल्प नहीं: ट्रंप

वॉशिंगटन/एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, क्योंकि ईरानी नेतृत्व मजबूत और स्वाभिमानी है, लेकिन अंततः उसके पास समझौते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। श्री ट्रंप ने एनबीसी न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में कहा, ह्ल वे मजबूत हैं, वे गर्व से भरे हुए हैं। कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा। उनके पास कोई विकल्प नहीं है, हालांकि इसमें थोड़ा समय लगेगा। ह्व श्री ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए चल रही वार्ता चौथे महीने में प्रवेश कर चुकी है। अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है। हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास दोनों पक्षों द्वारा की गई सैन्य कार्रवाइयों के कारण तनाव फिर बढ़ गया है, जिससे युद्धविराम पर भी खतरा मंडराने लगा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पक्कीदरगाह के पास 35.8 लीटर नशीला कफ सिरप बरामद, महिला समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

फतुहा। थाना क्षेत्र के पक्कीदरगाह के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कोडिंग युक्त कफ सिरप की खेप के साथ एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने बताया कि 5 जून को नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में पुलिस टीम पक्कीदरगाह के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पीपा पुल की ओर से आ रहे एक टेम्पो (इफ्01ढद7456) को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर बंकाघाट स्टेशन के पास घेराबंदी कर टेम्पो को पकड़ लिया। तलाशी में टेम्पो से 100 मिलीलीटर की 358 बोतल प्रतिबंधित कोडिंग कफ सिरप (कुल 35.800 लीटर) बरामद की गई। मौके से वैशाली जिले के राजू कुमार और हनुमान कुमार तथा समस्तीपुर जिले की शोभा देवी को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में नदी थाना कांड संख्या 222/2026 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम-2018 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस तस्करी नेटवर्क और इसके वितरण तंत्र की जांच में जुट गई है। अभियान में एसआई विवेक कुमार, एएसआई संतोष कुमार, एएसआई मनोज कुमार, राजेश कुमार सहित सशस्त्र बल और गृहरक्षक जवान शामिल थे।

### दानापुर में पंचायत चुनाव जल्द कराए जाएंगे

दानापुर । नगर के अंतर्गत शनिवार को पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण रोस्टर आते ही चुनाव को लेकर चर्चा का बाजार गर्म हो गया है।नगर निकाय के परिसीमन के बाद दानापुर प्रखंड में मात्र दस पंचायत बचे हैं। प्रखंड के कोथवां, जमालुद्दीन चक एवं लखनीबिगहा पंचायत हट गए हैं। दस पंचायत में ही चुनाव होंगे। आरक्षण रोस्टर के अनुसार मुखिया पद के लिए कासिमचक, पुरानी पानापुर, मानस एवं हथियाकांध पंचायत मे महिला अनारक्षित, गंगहरा, मुबारकपुर-रघुरामपुर एवं हेतनपुर पंचायत अन्य अनारक्षित, पतलापुर पंचायत अन्य पिछड़ा वर्ग, सरारी एवं जमसौत पंचायत अन्य अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई है। सरपंच के सीट भी मुखिया के तरह ही आरक्षित की गई है। आरक्षण रोस्टर की बात सामने आते ही पंचायत चुनाव में अपना भाग्य आजमाने वाले लोग अभी से ही लग गए हैं। इसको लेकर चर्चा भी होने लगी है कि अब जल्दी ही पंचायत चुनाव होंगे।

### पटना जंक्शन एवं बख्तियारपुर जंक्शन पर चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

पटना। पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल द्वारा उचित टिकट एवं वैध प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध लगातार सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में आज दिनांक 06.06.2026 को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निदेर्शानुसार तथा सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल (फ्ढत्र) की संयुक्त टीम द्वारा पटना जंक्शन एवं बख्तियारपुर जंक्शन पर विशेष किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

# फाइलेरिया उन्मूलन में सीएचओ की भूमिका अहम : बीसीएम

## बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

■ मसौढ़ी प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर पीएसपी सदस्यों का होगा गठन





**प्रात: किरण संवाददाता**

मसौढ़ी (पटना)। फाइलेरिया लाइलाज और घातक बीमारी है। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकार संकल्पित है। फाइलेरिया बीमारी जिसे एक बार हो जाता है। फिर वह कभी ठीक नहीं होता है। उक्त बातें शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौढ़ी के सभागार में प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ को संबोधित करते हुए बीसीएम राकेश कुमार ने कही।इससे पहले बता दें कि शनिवार को पीएचसी,मसौढ़ी के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सभी सीएचओ को आगामी 2027 तक राज्य से फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर किए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रम के रोड मैप के बारे में बताया गया। इस दौरान बीसीएम राकेश कुमार ने सीफार संस्था के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जाने वाले अभियान की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि सीफार के द्वारा पहले चरण में प्रखंड के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर को चिहित कर फाइलेरिया उन्मूलन के लिए किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम से पंचायत के लोग काफी लाभान्वित हुए हैं। साथ ही सीफार संस्था के सहयोग से प्रखंड के 18 फाइलेरिया मरीजों का यूडीआईडी कार्ड के लिए आवेदनं कया गया है। जो मसौढ़ी पीएचसी के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) का गठन किया जाएगा। इस मंच के सदस्यों के माध्यम से पंचायत व गांवों में फाइलेरिया बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही रोगी हितधारक मंच के माध्यम से हर वर्ष चलने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान की सफलता को लेकर आमजनों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावे एमएमडीपी किट वितरण और नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) के दौरान लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में पीएसपी सदस्यों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि एमडीए अभियान की सफलता को लेकर रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) के सदस्यों के द्वारा आमजनों के बीच जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाता है। ताकि अभियान के दौरान प्रखंड के ज्यादा से ज्यादा लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जा सके। बैठक में सीएचओ प्रीति कुमारी,खुशबू कुमारी,स्वाति, मुकेश कुमार, जूही कुमारी,गुड़िया कुमारी, अनामिका कुमारी, स्वीटी कुमारी, खुशबू कुमारी, संतोष प्रसाद, रीना देवी, जानवी सिंह, सिकंदर कुमार तथा सीफार के प्रोजेक्ट एसोसिएट विकास चौहान मौजूद थे।

# पटना जंक्शन पर यात्री सुविधा को ले रबरयुक्त ट्रैक क्रॉसिंग लगाया गया

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। भारत के व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में से एक पटना जंक्शन पर दानापुर मंडल, पूर्व मध्य रेल द्वारा निर्मित नई रबरयुक्त ट्रैक क्रॉसिंग (बैरो क्रॉसिंग) ने यात्री सुविधाओं तथा परिचालन दक्षता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा दिया है। देखने में साधारण प्रतीत होने वाली ये क्रॉसिंग अब यात्रियों, दिव्यांगजनों, रेलवे कर्मचारियों तथा पार्सल यातायात की आवाजाही को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पटना जंक्शन प्रतिदिन भारी संख्या में यात्रियों एवं पार्सल यातायात का संचालन करता है। बिहार को देश के विभिन्न महानगरों से जोड़ने वाले प्रमुख परिवहन केंद्र के रूप में यह स्टेशन अत्यधिक व्यस्त रहता है। साथ ही स्टेशन के माध्यम से बड़ी मात्रा में पार्सल एवं सामानों का भी आवागमन होता है, जिससे स्टेशन परिसर के भीतर सुचारु आवाजाही एक महत्वपूर्ण परिचालन आवश्यकता बन जाती है। उपर्युक्त अधिकांश ट्रेनें प्लेटफॉर्म संख्या 2, 3, 4 एवं 5 से संचालित होती हैं। महावीर मंदिर की तरफ स्थित प्लेटफॉर्म संख्या 1 के पश्चिमी छोर पर नवनिर्मित रबरयुक्त ट्रैक क्रॉसिंग प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 3 तथा 4 एवं 5 को जोड़ती है। पारंपरिक बैलेस्ट (गिट्टी) युक्त ट्रैक क्षेत्र की तुलना में यह समतल एवं फिसलन-रोधी सतह प्रदान करती है, जिससे ट्रैक पार करना अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है। इसके परिणामस्वरूप पार्सल ट्रॉलियों तथा रेलवे सेवा उपकरणों की आवाजाही तेज और सुरक्षित हुई है, जिससे लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्यों में लगने वाला समय भी कम हुआ है।

यात्रियों के लिए भी यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। ये क्रॉसिंग प्लेटफॉर्म संख्या 1 से प्लेटफॉर्म संख्या 2, 3, 4 एवं 5 तक सहज आवागमन सुनिश्चित करती हैं, विशेषकर उन समयों में जब फुट ओवरब्रिज पर अत्यधिक भीड़ होती है। परिणामस्वरूप यात्रियों की सुविधा बढ़ने के साथ-साथ स्टेशन संचालन भी अधिक सुचारु हुआ है। इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव दिव्यांग यात्रियों की सुगमता में सुधार के रूप में सामने आया है।

# रेल जीएम ने गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन का किया निरीक्षण

**प्रात: किरण संवाददाता**



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज गया-कोडरमा-हजारीबाग टाउन-अरगडा-पतरातू-गढ़वा रोड रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया । इसी क्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा ग्रैंड कॉर्ड (जीसी) लाइन के गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन के मध्य टनल संख्या 01 का विशेष रूप से गहन निरीक्षण किया गया । इस घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक के परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से इस टनल का रीडिजाइन और डाइमेंशन बढ़ाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जा रहा है । पिछले महीने ही महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में डाउन लाइन में खाली बीओबीआर रेक के परिचालन के ट्रायल का निरीक्षण किया गया था । अब इस सेक्शन के अप लाइन में बीओबीआर रेक के परिचालन के उद्देश्य से इस टनल के डाइमेंशन बढ़ाने के कार्य चल रहा है जिसका आज महाप्रबंधक महोदय द्वारा गहन निरीक्षण किया गया । गुरूपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक ऑपरेशन शुरू करने से बाढ़, बरौनी एन.टी.पी.सी प्लांट्स के लिए वैगन टर्नराउंड में सुधार होगा । इससे वैगन टर्न राउंड में काफी कमी आएगी और रेक की उपलब्धता बढ़ जाने से ज्यादा लोडिंग संभव हो पाएगा ।

इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र तथा मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

# एनसीसी भवन में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने किया मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन

**प्रात: किरण संवाददाता**




पटना । समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा महावीर कैंसर संस्थान, पटना के सहयोग से एक कैंसर स्क्रीनिंग कैंप एवं मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर राजेंद्र नगर स्थित एनसीसी भवन में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा दी गई महावीर कैंसर संस्थान की अत्याधुनिक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन के माध्यम से कैंसर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। संस्थान के अनुभवी चिकित्सकों एवं तकनीशियनों की टीम ने उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किए। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की पूर्व अध्यक्ष सोनल जैन ने बताया कि कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य जांच समय पर उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी उद्देश्य को लेकर इस विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें। क्लब के पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन ने इस अवसर पर एनसीसी के सभी बच्चों, चिकित्सकों, सहयोगी संस्थाओं और एनसीसी के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी समाजहित में ऐसे जनकल्याणकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। महावीर कैंसर संस्थान की सीनियर कंसलटेंट डॉ. अंजिली कुमारी ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित जांच कराने तथा बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। मौके पर एनसीसी कमांडेंट कोल. संजीव, रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के सदस्य मयूर पोद्दार, निहित डालमिया, बिंदु चौधरी, इला मित्तल सहित अन्य रोटेरियंस तथा एनसीसी के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सारा हॉस्पिटल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, स्वास्थ्य सुविधाओं की जमकर की सराहना

**प्रात: किरण संवाददाता**



पटना । राजधानी के हनुमाननगर स्थित सारा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में शनिवार को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पहुंचे। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हर्षवर्धन ने उन्हें अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन करते हुए अस्पताल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सारा हॉस्पिटल जैसी संस्थाएं इस लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान भारत के तहत 12 विशेष विभागों की शुरूआत पर खुशी जताई। वहीं हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का हमारे अस्पताल में आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उनके आने से हमारा हौसला और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर मिलता है। इसी के तहत 12 विशेष विभागों की सेवाएं शुरू की गई है जिससे मरीजों को कैशलेश और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारा हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा, ईएनटी, न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक एवं पॉलीट्रॉमा, यूरोलॉजी, नियोनेटल केयर पैकेज, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न तथा आपातकालीन डे- केयर जैसी सुविधाएं शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बिहार के आयुष्मान कार्डधारक मरीजों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना है।

### टीओपी में चक्के की चोरी

#### हिरासत में लिया गया किशोर

दानापुर। रूपसपुर टीओपी के बाहर लगी जब्त गाड़ियों के चक्के की चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक विधि विरुद्ध किशोर समेत तीन लोगो पुलिस ने हिरासत में लिया। तीनों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई की। जिसमें दो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात रूपसपुर, टीओपी के निकट पुलिस कार्रवाई में जब्त वाहन के चक्काचौड़ी करते रंगे हाथ विधि विरुद्ध किशोर समेत तीन को पकड़ा। पकड़े गए युवक की पहचान राम जयपाल नगर निवासी शिवम कुमार एवं आकाश कुमार शामिल हैं।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

दानापुर। नगर के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस परएसडब्ल्यूएम-2026 के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासक सह कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार के निदेर्शानुसार स्वच्छता पदाधिकारी अपर्णा कुमारी के संरक्षण में कार्यालय के सभागार में आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुपरवाइजरों एवं सफाईकर्मी शामिल हुए। नगर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।प्रशिक्षण के दौरान सुपरवाइजरों एवं सफाईकर्मियों को स्रोत पर कचरा पृथक्करण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता मानकों के अनुपालन, कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

### प्रखंड नोडल पदाधिकारियों के साथ जिला पशुपालन पदाधिकारी ने की बैठक

पटना। जिले के सभी 23 प्रखंडों में प्राथमिक बकरी पालक सहयोग समिति लि० का निर्माण उपरांत सभी सहयोग समिति में नए बकरी पालक सदस्यों को जोड़ने, बैंक में खाता खोलने एवं बकरी सहयोग समिति के उद्देश्य एवं फायदा से समिति के प्रबन्ध कारिणी कमिटी के सदस्यों को बताने हेतु सभी प्रखंड नोडल पदाधिकारियों के साथ डॉ० अरूण कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी पटना बैठक कर निदेश दिया कि समिति से बकरी पालकों को बकरियों के सामूहिक खरीद से लागत में कमी और सामुहिक बिक्री से बेहतर मूल्य मिलेगा। बिचौलियों पर निर्भरता कम होगा, जिससे बकरी पालकों को आर्थिक लाभ होगा। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। बिमारी से बचाव हेतु टीकाकरण, बिमारी की स्थिति में ससमय चिकित्सा व आर्थिक क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने में सहयोग, बीमा एवं जोखिम का फायदा, तकनीकी लाभ के तहत बकरियों के कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा एवं प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा।

कॉम्फेड के तर्ज पर बकरी के मीट एवं दुध का उचित बाजार उपलब्ध कराने हेतु विभाग बकरी पालकों हेतु त्रिस्तरीय बकरी पालक सहकारी मॉडल तैयार करेगी। यह मॉडल उत्पादन, पशु चिकित्सा, बीमा, चारा प्रबंधन, सामूहिक विपणन, प्रसंस्करण और ब्रांडिग को एकीकृत करेगा। यह बकरी पालक सहयोग समिति बकरीपालकों के लिए ह्लगेम चेंजरह्व साबित हो सकते है। इसलिए जिला के बकरी पालक जिनके पास पॉच या पॉच से अधिक बकरियाँ है वो इस समिति के सदस्य बनने के लिए सबंन्धित प्रखंड के पशुचिकित्सा पदाधिकारी से संपर्क कर सकते

# पटना में संपन्न हुआ राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग की बैठक

**प्रात: किरण संवाददाता**



पटना। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माने जाते हैं। समाज और सरकार के बीच सेतु का कार्य करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए कार्यरत राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग की एक महत्वपूर्ण बैठक पटना के सर्किट हाउस में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक निशिकांत राय ने की। बैठक में संगठन की गतिविधियों, भविष्य की योजनाओं तथा पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग की वर्तमान गतिविधियों और कार्यप्रणाली की सघन समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय सलाहकार बिपिन कुमार सिंह तथा बिहार प्रदेश सलाहकार सह उत्तर प्रदेश प्रभारी वरुण कुमार सिन्हा ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने संगठन के कुछ निर्णयों और योजनाओं पर पुनर्विचार करते हुए व्यापक समीक्षा के बाद आगे की रणनीति निर्धारित करने का सुझाव दिया। दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस बात पर बल दिया कि पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को और अधिक प्रभावी तथा मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता अभियान तथा पत्रकारों से जुड़े मामलों में सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता पर भी जोर दिया।बैठक में उपस्थित विभिन्न पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. प्रो. निशा कुमारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य लक्ष्मीकांत पटेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता जीवन ज्योति तथा बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष नीरव समदर्शी ने पत्रकारों की वर्तमान चुनौतियों और संगठन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

वक्ताओं ने कहा कि आज पत्रकारों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार समाचार संकलन के दौरान उन्हें सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक दबावों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत संगठन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है।बैठक का एक महत्वपूर्ण आकर्षण परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम भी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत राय ने संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों को आयोग का आधिकारिक परिचय पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश सलाहकार सह उत्तर प्रदेश प्रभारी रिटायर्ड आईपीएस वरुण कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय प्रवक्ता जीवन ज्योति तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा को परिचय पत्र सौंपा गया।इस अवसर पर निशिकांत राय ने कहा कि परिचय पत्र केवल एक पहचान का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संगठन के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पत्रकारों के हित में सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

# डाक विभाग की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत छात्रवृत्ति विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**प्रात: किरण संवाददाता**



पटना। डाक विभाग की महत्वाकांक्षी योजना ह्यदीन दयाल स्पर्श योजना के तहत वर्ष 2025-26 के छात्रवृत्ति विजेताओं के लिए एक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में चीफ पोस्टमास्टर रंजय कुमार सिंह के द्वारा सभी सफल और होनहार विजेताओं को पुरस्कार व छात्रवृत्ति राशि डाक विभाग की ओर से प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीफ पोस्टमास्टर रंजय कुमार ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने फिलाटेली (डाक टिकट संग्रह) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाः

ह्लडाक टिकट केवल कागज का टिकट मात्र नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और ज्ञान का एक अनमोल जीवंत दस्तावेज हैं। स्पर्श योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में इस ज्ञानवर्धक शौक को बढ़ावा देना है, जिससे उनकी रचनात्मकता और सामान्य ज्ञान का विकास हो सके।

**योजना की मुख्य बातें :**

उद्देश्यः कक्षा 6वीं से 9वीं तक के स्कूली बच्चों में डाक टिकट संग्रह की रुचि को पुनर्जीवित करना।

चयन प्रक्रियाः इस स्कॉलरशिप के लिए बच्चों का चयन उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड और फिलाटेली क्विज/परियोजना के आधार पर किया जाता है।प्रोत्साहनः चयनित छात्रों को डाक विभाग की ओर से सालाना छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है ताकि वे इस अनूठे शौक को जारी रख सकें।

समारोह के दौरान पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विजेता बच्चे (आयुष सिंह, अनुभव रॉय, प्रज्ञा मिश्रा एवं श्रेयश सिंह), अभिभावक, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और पटना जी.पी.ओ. के उप मुख्य डाकपाल (प्रशासन) श्री विनय कुमार दूबे, फिलाटेली इंचार्ज अखिलेश कुमार एवं कई कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित अतिथियों और बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# सफल किडनी ट्रांसप्लांट की उपलब्धि पर पारस हेल्थ द्वारा राष्ट्रीय नेफ्रोलॉजी सेमिनार संपन्न

**प्रात: किरण संवाददाता**



पटना। पारस हेल्थ, पटना द्वारा 100 सफल किडनी ट्रांसप्लांट पूरे करने की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय स्तर का वैज्ञानिक नेफ्रोलॉजी सेमिनार आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिस में देश भर से 400 विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर देशभर के प्रतिष्ठित नेफ्रोलॉजिस्ट, किडनी प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, यूरोलॉजिस्ट एवं चिकित्सा शिक्षाविदों ने भाग लिया और किडनी रोगों एवं प्रत्यारोपण चिकित्सा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने अनुभव एवं विचार साझा किए। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार, जनरल सर्जरी के डायरेक्टर डॉ.अहमद अब्दुल हई, आर्थोपेडिक के डायरेक्टर डॉ. जॉन मकोपाध्याय, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रो साइंसेज डॉ. शशि कुमार, डॉ. अपूर्व कुमार चौधरी, डॉ. शाहजानंद प्रसाद सिंह और डॉ. सुनील कुमार सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

पारस हेल्थ, पटना के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रो साइंसेज डॉ. शशि कुमार ने अपने संबोधन में संस्थान के रीनल ट्रांसप्लांट कार्यक्रम की यात्रा और 100 सफल किडनी प्रत्यारोपण की उपलब्धि को साझा करते हुए कहा, यह उपलब्धि हमारी पूरी टीम की प्रतिबद्धता, विशेषज्ञता और मरीजों के विश्वास का परिणाम है। पारस हेल्थ ने बिहार में किडनी प्रत्यारोपण सेवाओं को नई दिशा दी है और भविष्य में भी हम मरीजों को विश्वस्तरीय उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

पारस हेल्थ पटना के जोनल डायरेक्टर श्री अनिल कुमार ने कहा, 100 सफल किडनी ट्रांसप्लांट की उपलब्धि चिकित्सा उत्कृष्टता और टीमवर्क का प्रतीक है। इस सेमिनार ने देश के अग्रणी विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर ज्ञान एवं अनुभव के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया, जिसका लाभ अंततः मरीजों को मिलेगा।

कार्यक्रम का आयोजन होटल ताज सिटी सेंटर, पटना में किया गया, जहां बड़ी संख्या में चिकित्सकों, मेडिकल छात्रों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सहभागिता की। सेमिनार के दौरान क्रॉनिक किडनी डिजीज (उङऊ) के मरीजों में एनीमिया का आधुनिक प्रबंधन, हाइपरकलेमिया की चुनौतियां, सेंसिटाइज्ड मरीजों में किडनी ट्रांसप्लांट, पोस्ट-ट्रांसप्लांट एक्यूट सेलुलर रिजेक्शन, बीके वायरस नेफ्रोपैथी तथा जटिल परिस्थितियों में डोनर नेफ्रेक्टॉमी जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम में डॉ. अशोक बैद्य, डॉ. आर.के. यादव, डॉ. प्रतीक दास, डॉ. बी.के. उपाध्याय, डॉ. संतोष कुमार तथा डॉ. अपूर्व कुमार चौधरी सहित देश के कई वरिष्ठ विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने किडनी रोगों के बेहतर प्रबंधन, प्रत्यारोपण के बढ़ते अवसरों तथा मरीजों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान पारस हेल्थ, पटना की किडनी प्रत्यारोपण टीम को सम्मानित भी किया गया। विशेषज्ञों ने बिहार में किडनी रोगों के बढ़ते बोझ को देखते हुए समय पर जांच, जागरूकता और उन्नत उपचार सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया।

**पारस हेल्थ के बारे में**

पारस हेल्थ पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। इस अस्पताल की बेड क्षमता 400 से ज्यादा की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं साथ ही 2 छक्छअउ मशीन एंव ढएळ-उळ की सुविधा भी उपलब्ध है।

# जेपी ने गांधी मैदान में ही किया था संपूर्ण क्रांति का आगाज : श्रवण

## सूचना एवं जन संपर्क विभाग के मंत्री ने सभा को किया संबोधित

- सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में विशाल सभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में जेपी सेनानियों के स्तर से जेपी गोलम्बर के पास विशाल सभा का आयोजन हुआ। इसमें जेपी सेनानी के नेता राम प्रवेश सिंह की अध्यक्षता में आठ सूत्री मांग को रखा गया। इस विशाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 5 जून 1974 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने पटना के गांधी मैदान में ह्यसम्पूर्ण क्रान्तिह्न का आह्वान किया था। यह आन्दोलन सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन का आन्दोलन था। इस समय देश में बढ़ते भ्रष्टाचार, कुशासन और तानाशाही प्रवृतियों के विरुद्ध जेपी सेनानियों ने संघर्ष का विगुल फूंका था। मंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी के तानाशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ लाखों युवाओं, छात्रों और समाजवादियों ने खून-पसीना बहाकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। श्री कुमार ने आगे कहा कि जेपी आन्दोलन के संघर्ष और बलिदान का ही परिणाम है कि बिहार में पिछले करीब 35 वर्षों से गैर-कांग्रेसी सरकारों का नेतृत्व स्थापित रहा है।मंत्री ने अपने संबोधन में बिहार के पूर्ण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विषेश रूप से प्रशंसा करते हुए कहा कि वे छात्र नेता के रूप में लोक नायक जयप्रकाश नारायण के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उन्होंनें छात्र युवा संघर्ष वाहिनी और संपूर्ण क्रान्ति आन्दोलन के माध्यम से समाज परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व सांसद श्री नरेश यादव ने भी इस सभा को सम्बोधित किया। कहा कि आज देश में समाजवादी विचारधारा को व्यवहारिक रूप से आगे बढ़ाने वाले नेताओं में श्री नीतीश कुमार का स्थान विशिष्ट हैं। इस अवसर पर डॉ (प्रो) शंकर कुमार संयाल, पूर्व कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार, राम कुमार मंडल, डॉ. देवेन्द्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में जेपी आंदोलन से जुड़े सेनानी समाजिक कार्यकत्ताओं तथा विभिन्न जिलों से आए कार्यकत्ताओं और नेता उपस्थित थे।

# विश्व मंदी की आशंकाओं के बीच भारत की अर्थव्यवस्था बनी मजबूती का प्रतीक : सरावगी

- भारत जल्द बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने देश की आर्थिक स्थिति पर आज कहा कि आज जब दुनिया के कई बड़े देश आर्थिक चुनौतियों और मंदी की आशंकाओं से जूझ रहे हैं, तब भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर भारत की साख लगातार बढ़ रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए भारत की वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि चीन की वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत, अमेरिका की 2.3 प्रतिशत तथा जी-7 देशों की औसत वृद्धि दर 1.6 प्रतिशत है, जबकि भारत 7.7 प्रतिशत की मजबूत विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है। यह दशार्ता है कि भारत की आर्थिक नीतियां सही दिशा में काम कर रही हैं और देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे मजबूत औद्योगिक विकास, बढ़ती घरेलू मांग, आधारभूत संरचना में बड़े निवेश और सुधारवादी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। केंद्र सरकार द्वारा उद्योग, कृषि, स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था और विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम देश की विकास दर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि आज पूरा विश्व आर्थिक अनिश्चितताओं और मंदी की आशंकाओं से घिरा हुआ है, लेकिन भारत लगातार विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और उनकी आर्थिक नीतियों की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है और आज देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है। उन्होंने ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने का लक्ष्य भी हासिल करेगा।

# बाबा गरीब नाथ धाम को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनाने की तैयारी : मंत्री

- पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने मुजफ्फरपुर के पर्यटन स्थलों का विशेष दौरा किया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने शनिवार को मुजफ्फरपुर जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की संभावनाओं की समीक्षा की। मंत्री ने रजला शिव मंदिर, केवल स्थान, तुर्की मेलागाछी, गोबरसही पोखर सहित कई स्थलों का दौरा किया। विशेष रूप से बाबा गरीब नाथ धाम के बारे में कहा कि यह जिले का प्रमुख धार्मिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बेहतर पार्किंग, सफाई, रोशनी, शौचालय, वेटिंग शेड, कैफेटेरिया और वे-साइड एमेनिटीज विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा गरीब नाथ धाम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर पूरे बिहार का प्रमुख आध्यात्मिक एवं पर्यटन केंद्र बनाने का लक्ष्य है।

श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को नई पहचान मिल रही है। बाबा गरीब नाथ धाम सहित सभी स्थलों पर बेहतर सुविधाएं विकसित करने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# फल, फूल, सब्जियां और मसालों की खेती से किसानों की बढ़ेगी आर्थिक आय

- एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत सरकार दे रही है भारी अनुदान
- स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, मधुमक्खी पालन आदि से जुड़ी दर्जनों योजनाओं का लाभ ले सकते हैं किसान और युवा
- महिला किसानों को दी जा रही है प्राथमिकता

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार का कृषि विभाग किसानों और युवाओं के लिए फल, फूल, सब्जियां और मसालों की खेती से आर्थिक लाभ कमाने का सुनहरा मौका लेकर आया है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, मशरूम आदि की खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन, फूल और मसालों की खेती के लिए भारी अनुदान दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने बागवानी के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2005-2006 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन की शुरूआत की थी। कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को उच्च दामों वाली सब्जियों, फलों, फूलों तथा मसालों आदि की खेती के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। फल, फूल, मधुमक्खी पालन और विभिन्न बागवानी फसलों की खेती के लिए 75 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान किया गया है।

**महिला किसानों को दी जा रही प्राथमिकताः** एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत पपीता विकास योजना, आम एवं लीची के क्षेत्र विस्तार की योजना, राज्य योजना के तहत मुख्यमंत्री बागवानी मिशन के अंतर्गत अंजीर फल विकास योजना, स्ट्रॉबेरी विकास योजना और क्लस्टर में बागवानी की योजना के तहत लाभुकों के चयन में महिला किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

इन योजनाओं में मशरूम, मखाना, पपीता और ड्रैगन फ्रूट उत्पादन की योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं में महिलाओं की 30 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रावधान है। माना जा रहा है कि इस पहल से जहां एक ओर कृषि क्षेत्र का तेजी से विकास होगा, वहीं दूसरी ओर महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार के प्रयास से मशरूम जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों से लेकर प्राकृतिक खेती तक, महिलाएं अब बिहार की कृषि का मजबूत स्तंभ बनती जा रही हैं। किसान और युवा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत लाभ लेने के लिए बिहार कृषि ऐप या कृषि विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

# राज्य में 181 महिला हेल्पलाइन नंबर से महिलाओं को 24 घंटे सहायता

- अबतक 69,101 मामले दर्ज, जिनमें से 58,596 मामले निपटाए गए

पटना। राज्य में हिंसा या संकट से प्रभावित महिलाओं को तत्काल मदद पहुंचाने के उद्देश्य से 181 महिला हेल्पलाइन नंबर की स्थापना की गई है। यह सेवा 24 घंटे (24/7) टोल-फ्री उपलब्ध है और पीड़ित महिलाओं को एक ही नंबर पर सम्पूर्ण सहायता प्रदान करती है। समाज कल्याण विभाग से संचालित महिला बाल विकास निगम की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं, जिसमें घरेलू हिंसा, शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी आदि मामले शामिल हैं। कॉल करने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों से जोड़ा जाता है। 181 हेल्पलाइन पर अब तक 69 हजार 101 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 58 हजार 596 मामले सफलतापूर्वक निपटाए जा चुके हैं। इस सेवा के माध्यम से हिंसा से प्रभावित महिलाओं को उनके निवास या कार्यस्थल के निकटतम पुलिस, वन स्टॉप सेंटर, अस्पताल, एम्बुलेंस तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जैसी एजेंसियों से तत्काल रेफरल उपलब्ध कराया जाता है। संरक्षण अधिकारी व अन्य संबंधित प्राधिकरणों के समन्वय से महिलाओं को सुरक्षा, काउंसलिंग, कानूनी सहायता और शेल्टर की सुविधा आसानी से मुहैया कराई जा रही है। राज्य सरकार का यह प्रयास महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# विप चुनाव : लोजपा आर से अशरफ अंसारी प्रत्याशी घोषित

- पार्टी नेताओं ने किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के बिहार प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने द्विवार्षिक विधान परिषद चुनाव 2026 को लेकर पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को प्रत्याशी घोषित किए । उक्त अवसर पर प्रेस से संवाद करते हुए जनाब अशरफ अंसारी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ' चिराग पासवान के प्रति आभार जताया और कहा कि मेरे जैसे कार्यकर्ता पर जो पार्टी और हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भरोसा जताया है , मैं उस पर सदैव खडा उतरने का काम करूंगा । पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि जनाब अशरफ अंसारी जी के विधान पार्षद प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है । जनाब अशरफ अंसारी विगत 2 दशकों से पार्टी के कई पदों पर अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया है इससे पूर्व वे पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उसके पश्चात राष्ट्रीय महासचिव, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और प्रदेश उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं ।

इस खबर को सुनते ही पार्टी दफ्तर में सैकड़ो कार्यकताओं का हुजूम उमड़ जाना इस बात को दशार्ता है कि जनाब अशरफ अंसारी जी के नाम को लेकर पार्टी के कार्यकताओं में कितना उत्साह और हर्ष व्याप्त है। डॉ भट्ट ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान और हमारी पार्टी हमेशा से इस विचार पर विश्वास करती है कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकताओं में निहित होती है। बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव-2026 के लिए अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाना केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि उन हजारों कार्यकताओं के संघर्ष, समर्पण और निष्ठा का सम्मान है, जिन्होंने वर्षों तक पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। अशरफ अंसारी जी ने संगठन के एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तक की यात्रा अपनी मेहनत, प्रतिबद्धता और जनसेवा के बल पर तय की है। उनका चयन इस बात का स्पष्ट संदेश है कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में पद और अवसर किसी विशेष वर्ग या परिवार की विरासत नहीं, बल्कि कार्यकताओं की तपस्या और योगदान का परिणाम हैं। प्रदेश कार्यालय में जनाब अशरफ अंसारी से मिलकर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पार्टी के सभी मंत्री संजय पासवान विधायक डॉ प्रकाश चंद्र विनीता मेहता सोनू सिंह अमित कुमार रानू बेबी कुमारी उदय सिंह मिथुन कुमार बाबूलाल शौर्य हुलास पांडे पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनीत सिंह प्रदेश महासचिव रवि रंजन सिंह शोभा सिंहा पासवान अमित किशोर सिंह प्रोफेसर राम प्रवेश यादव सलीम साहिल सरवर अली रंजन सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता और नेता मुख्य रूप से मौजूद थे ।

# सब माया है का ज्ञान आ गया है तो बंगले की माया भी छोड़िए : नीरज

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। विधान परिषद साहब मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। उन्होंने अपने सुरक्षाकर्मियों को किसी विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत वापस नहीं किया है, बल्कि केवल उन्हें जाने के लिए कहा है।

भाषागत रूप से वापस जाओ कहना और विधिवत सुरक्षा लौटाना दोनों अलग-अलग बातें हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राबड़ी देवी को अब यह एहसास होने लगा है कि संसार की सारी भौतिक वस्तुएं, पद और प्रतिष्ठा क्षणभंगुर हैं। प्रसिद्ध शायर फैज की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा -

''सब माया है, सब ढलती फिरती छाया है...'' सनातन दर्शन एवं श्रीमद्भगवद्गीता में 'माया' को भ्रम और मोह का प्रतीक बताया गया है। जब व्यक्ति पद, संपत्ति, सत्ता और सुविधाओं को ही जीवन का अंतिम सत्य मान लेता है, तब वह मोह के चक्र में फंस जाता है।

उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि यदि वास्तव में राबड़ी देवी जी को माया का बोध हो गया है, तो उन्हें केवल सुरक्षा कर्मियों को लौटाने का नाटक नहीं करना चाहिए, बल्कि सरकारी बंगला, सरकारी सुविधाएं, बुलेटप्रूफ वाहन, कैबिनेट मंत्री के समकक्ष प्राप्त सुविधाएं तथा अन्य विशेषाधिकार भी त्याग देने चाहिए।

उन्होंने कहा कि पटना में सैकड़ों करोड़ रुपये की संपत्ति होने के बावजूद यदि वे त्याग और वैराग्य का संदेश देना चाहती हैं, तो अपने वेतन एवं अन्य सुविधाओं को अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा जनकल्याण के कार्यों में दान कर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर सकती हैं।

साथ ही उन्होंने राजद समर्थकों को आगाह करते हुए कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में लाठी, डंडा, भाला जैसे घातक हथियारों के साथ प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार नहीं, बल्कि कानून का उल्लंघन है। भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत ऐसे गैर-कानूनी जमावड़े में शामिल होने पर दो वर्ष तक की सजा, जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है।

उन्होंने प्रश्न किया कि जो नेता अपने समर्थकों को लाठी लेकर सड़क पर उतरने के लिए उकसा रहे हैं, क्या वे उनके विरुद्ध दर्ज होने वाले मुकदमों, जेल और कानूनी परिणाम की जिम्मेदारी भी लेने को तैयार हैं?

# एनडीए ही अतिपिछड़ा समाज का असली हितैशी : शंकर पटेल

पटना। जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद एवं जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य जितेन्द्र पटेल ने कहा कि एनडीए में अतिपिछड़ा समाज को सम्मान मिल रहा है और एनडीए ही अतिपिछड़ा समाज का असली हितैशी है। दोनों नेता ने कहा कि एनडीए के शासनकाल में जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न मिला। जबकि केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, पूर्व मंत्री डॉ भीम सिंह, धर्मशीला गुप्ता, शंभू शरण पटेल सहित कई नेताओं को राज्यसभा भेजा। वहीं दो वर्षीय विधानसभा में आठ सीटों में से पांच सीटों पर अतिपिछड़ा समाज व नौ में तीन महिला नेता को भेजकर अतिपिछड़ा व महिला समाज के हितैशी होने का वादा निभाया है। दोनों नेता ने कहा कि जदयु ने अपने चार सीट में तीन सीट पर अतिपिछड़ा नेता क्रमशः ललन प्रसाद, धानुक समाज, भारती मेहता नोनिया समाज तथा शिवरानी प्रजापति कुत्हार समाज को विधान परिषद भेजकर अतिपिछड़ा व महिला समाज के प्रति अपने वादा को निभाया है। वही एनडीए में शामिल लोजपा रामविलास ने भी पिछड़ा मुस्लिम अशरफ अंसारी को विधान परिषद को भेजकर पिछड़ा समाज के प्रति सम्मान को दशार्या है। जबकि विपक्षी खेमा की ओर से अतिपिछड़ा समाज के नेता को अपमानित कर विधान परिषद से निकलवाने वाले व बड़े रसूख वाले नेता का नाम सामने आ रहा है जो गलत है।

# तेजस्वी यादव और उनका पूरा परिवार सत्तापक्ष के घृणित राजनीति के सामने कभी नहीं झुके हैं, नहीं झुकेंगे: अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजद प्रमुख लालू प्रसाद एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की सुरक्षा व्यवस्था में की गई कटौती पूरी तरह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित निर्णय है। विपक्ष के शीर्ष नेताओं की सुरक्षा कम करना सरकार की गलत मंशा दशार्ता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे स्थिति में लालू प्रसाद यादव जी, राबड़ी देवी जी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई शेष सुरक्षा भी वापस करने का जो निर्णय लिया है, वह स्वागतयोग्य और साहसिक कदम है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी और उनका पूरा परिवार सत्तापक्ष के घृणित राजनीति के सामने कभी नहीं झुके हैं, नहीं झुकेंगे। मजबूती के साथ जनता के मुद्दों को लेकर सरकार के विरुद्ध लड़ाई जारी रखेंगें। राजद प्रवक्ता ने कहा कि उच्च स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की पात्रता नहीं रखने वाले सत्तापक्ष के दर्जनों नेताओं को उच्च स्तर की सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। वहीं बिहार के जनप्रिय नेता, राजनीति जगत के हस्ती लालू यादव जी और उनके परिवार के साथ सुरक्षा व्यवस्था और आवास को लेकर भेदभाव किया जा रहा है। बिहार की जनता सब देख रही है, आने वाले समय में सत्तापक्ष को मुंहतोड़ जवाब देगी।

# डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह की जयंती पर राजद कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक सदस्य, समाजवादी नेता, मनरेगा मैन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर रघुवंश प्रसाद सिंह की जयंती राजद के राज्य कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर मनायी गयी। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मंगनी लाल मंडल ने कहा कि रघुवंश बाबू हमेशा गरीबों, मजदूरों के सामाजिक उत्थान के प्रति सोच रखे और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और अधिकार दिलाने के प्रति हमेशा सजग रहे। इनके इसी सोच का परिणाम है कि मनरेगा के माध्यम से गांव में रहने वाले खेतिहर मजदूरों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया। और इन्होंने हमेशा इन वर्गों के प्रति अपनी चिंता रखी और इनके लिए जो कार्य किया है वो हमेशा याद रखा जायेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक उपेंद्र पासवान,प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, बल्ली यादव, हरेंद्र कुशवाहा, भाई अरुण कुमार, निर्भय अंबेडकर, प्रमोद कुमार राम, संजय यादव, देवकिशुन ठाकुर, राजेश पाल, दिलीप कुमार सिंह, रीना चौधरी सहित बड़ी संख्या में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की।

# जंतर-मंतर पर हुये छात्र, नौजवान के प्रदर्शन में शामिल नेताओं पर किये गये हमले पर कारवाई की मांग : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र, नौजवान द्वारा आयोजित प्रदर्शन में शामिल एन.एफ.आई.डब्लू. के राष्ट्रीय नेत्री एनी. राजा, निशा सिद्धू, ए. आई.एस.एफ. के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराज देवांग एवं साई तथा एआईवाईएफ के राष्ट्रीय सचिव हरीश बाला पर संघ परिवार संगठन द्वारा किये गये हमला की निंदा की है। जंतर-मंतर पर छात्र, नौजवानों का प्रदर्शन नीट प्रश्न पत्र लीक और सीबीएसई उत्तर पुस्तिका मुल्यांकन में हुयी अन्याय एवं धांधली के चलते परीक्षा रद्द होने से लाखों छात्रों के जीवन के साथ हुए खिलवाड़ के लिये केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान के इस्तीफा की मांग को लेकर आयोजित की गयी थी। उन्होंने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफा और इस हमले में शामिल संघ परिवार के गुंडों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की मांग की है।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रमंडल यूथ चेस चैम्पियनशिप 2026 अंडर-18 के विजेता मो रेयान को किया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पर राष्ट्रमंडल यूथ चेस चैम्पियनशिप 2026 (अंडर-18) के विजेता मो रेयान को 22 लाख 50 हजार रुपए का चेक प्रदान कर किया सम्मानित और प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मो रेयान की यह उपलब्धि राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने मो रेयान को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री ने मो रेयान को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान मो रेयान के माता, पिता एवं प्रशिक्षक भी साथ थे।

## सीएम ने भारतीय महिला हॉकी टीम को हार्दिक बधाई दी

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अंडर-18 एशिया कप 2026 में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। सीएम ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि यह उपलब्धि भारतीय महिला हॉकी की बढ़ती शक्ति तथा हमारी युवा खिलाड़ियों के अपार प्रतिभा और क्षमता का परिचायक है। टीम के सभी खिलाड़ियों एवं सहयोगी स्टाफ को इस सफलता के लिए बधाई और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए मंगलकामनाएं।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सचिव

- पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने मीठापुर-चिरैयाटांड़ फ्लाईओवर परियोजना का किया स्थल निरीक्षण
- अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, कहा- सुरक्षा मानकों का हो शत-प्रतिशत अनुपालन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने पटना शहर अंतर्गत निमार्णाधीन मीठापुर-चिरैयाटांड़ फ्लाईओवर परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। सचिव ने तकनीकी टीम और विभागीय अभियंताओं के साथ मीठापुर फ्लाईओवर से चिरैयाटांड़ फ्लाईओवर (भाया करबिगहिया) को जोड़ने के लिए पहुंच पथ एवं दोनों तरफ सर्विस लेन निर्माण कार्य की बारीकी से जायजा ली। निरीक्षण में सचिव ने निर्माण स्थल पर संवेदक और अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए निर्धारित समयसीमा में परियोजना को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया।

यह फ्लाईओवर आर ब्लॉक-जीपीओ- मीठापुर गोलम्बर-करबिगहिया स्टेशन होते हुए कंकड़बाग तक जाएगी। इससे वाहनों की आवाजाही बिना किसी बाधा के हो सकेगी। करीब 292.74 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन इस परियोजना की कुल लंबाई 1730 मीटर है और परियोजना का निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा रहा है।

वर्तमान में नींव का कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि सब-स्ट्रक्चर, सुपर-स्ट्रक्चर और पहुंच पथ (अप्रोच रोड) का कार्य करीब 70 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। पहले चरण में जीपीओ गोलम्बर से पुराने बस स्टैंड तक जुलाई में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। पूरी परियोजना का कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि दिसंबर 2026 निर्धारित है। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानसून के प्रारंभ होने से पूर्व संभावित बाधाओं का समय रहते निराकरण सुनिश्चित कर लिया जाए ताकि निर्माण कार्य की गति प्रभावित न हो।सचिव श्री पाल ने बताया कि राजधानी पटना की यातायात व्यवस्था को सुगम, आधुनिक और पूरी तरह जाममुक्त बनाने के लिए इस परियोजना का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर और एप्रोच रोड के पूर्ण होने से पटना की यातायात व्यवस्था पहले से और बेहतर हो जाएगी।

फ्लाईओवर के निर्माण से करबिगहिया स्टेशन के समीप होने वाले दैनिक और गंभीर यातायात जाम से आम जनता को हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी। इस परियोजना के माध्यम से नवनिर्मित मीठापुर-महुली फ्लाईओवर से पटना शहर की ओर आने वाले भारी ट्रैफिक को बेहद सुगम और तीव्र मार्ग मिलेगा। साथ ही यह फ्लाईओवर मीठापुर गोलम्बर को सीधे एनएच-30 बाईपास से जोड़ेगी, जिससे बाहरी और अंतर-शहरी वाहनों को शहर के व्यस्ततम अंदरूनी रास्तों में प्रवेश किए बिना ही सीधा निकास मिल जाएगा।

# जंतर मंतर पर आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल हुए दीपंकर



पटना। माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि शनिवार को जंतर-मंतर जाकर भारत के जेन जी के उभरते प्रतिरोध की ऊर्जा को महसूस किया और प्रश्नपत्र लीक कांडों के लिए जिम्मेदार मोदी सरकार के मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त की। युवाओं का जो गुस्सा अब तक डिजिटल मीडिया में जमा हो रहा था, वह अब सड़कों पर अभिव्यक्त होना शुरू हो गया है। अब यह पूरे भारत में लोकतंत्र, न्याय और जवाबदेही की लड़ाई लड़ने वाली ताकतों के लिए एक स्वागतयोग्य और महत्वपूर्ण क्षण है।

## संक्षिप्त खबरें

### सचिव अवनीश कुमार व अध्यक्ष अजय कुमार चुने गए

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के भुसवर लिटियाही वार्ड 8 स्थित एक निजी परिसर में डीवाईएफआई भुसवर लिटियाही शाखा का पुनर्गठन कर छठ शाखा सम्मेलन संपन्न हुआ।सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में डीवाईएफआई जिलाध्यक्ष महेश कुमार ने किया। मौके पर 25 सदस्यीय शाखा का पुनर्गठन हुआ।जिसमें सर्वसम्मति से अवनीश कुमार को शाखा सचिव,अजय कुमार को अध्यक्ष,राजेश कुमार शर्मा उपाध्यक्ष,पंकज कुमार संयुक्त सचिव व मनोज कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### कल्याणपुर उत्तर में राकेश रोशन अध्यक्ष तो मारुतिनंदन बने सचिव

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के कल्याणपुर उत्तर पंचायत में भारत की जनवादी नौजवान सभा शाखा का सम्मेलन विद्यानंद विद्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन में महेश कुमार जिलामंत्री ने संगठन के विस्तार एवं युवाओं की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मारुति नंदन को सचिव, राकेश रोशन को अध्यक्ष, भोला पंडित को उपाध्यक्ष, रोहित पासवान को संयुक्त सचिव तथा राजकुमार पंडित को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को 7 जून को आयोजित होने वाले प्रखंड सम्मेलन में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया।मौके पर प्रखंड कमेटी सदस्य अवधेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष बबलू कुमार, जिला मंत्री महेश कुमार एवं एसएफआई के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार, अरुण राय, संजीव कुमार राम, ललित राय, डॉ. विभीषण पंडित, राजेश कुमार, संतोष कुमार, विशाल कुमार, दीपक कुमार सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने एवं जनमुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

### सड़क हादसे में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

विभूतिपुर/समस्तीपुर । थाना क्षेत्र के कापन में सड़क हादसे में जख्मी हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक कापन वार्ड 05 निवासी शंकर राम का 21 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार बताया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि है कि 1 जून सोमवार को अभिषेक कुमार अपने साथी विजय कुमार राम के साथ बाइक से घर लौट रहा था। घर से 500 मीटर दूरी पहले ही बाइक और स्कॉर्पियो के बीच टक्कर हो गया।इस घटना में अभिषेक कुमार का साथी विजय कुमार राम का मौके पर ही मौत हो गया था वही जख्मी अवस्था में अभिषेक का इलाज समस्तीपुर के एक निजी क्लीनिक में जारी था। जहां इलाज के दौरान शनिवार को अभिषेक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद अभिषेक का शव घर लाया जाएगा। बता दें कि अभिषेक की शादी पिछले महीने 13 मई को हुई थी। अभिषेक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है।

### विशेष ग्राम सभाः सर्वसम्मति से चंदन कुमार चुने गए स्वच्छता पर्यवेक्षक

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत में मुखिया अरुण कुमार महतो की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रखंड बीस सूत्री सदस्य मनोज कुमार ने किया। सभा में पंचायत सचिव हरिहर यादव ने स्वच्छता पर्यवेक्षक चयन के लिए तैयार मेधा सूची पढ़कर सुनाई। इसमें प्रथम वरीयता प्राप्त चंदन कुमार (पिताः पवन साहनी) के नाम पर उपस्थित सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मुहर लगाई। दूसरे स्थान पर मुकेश कुमार राम और तीसरे स्थान पर विकास कुमार मल्लिक रहे।इस अवसर पर ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि चयन प्रक्रिया के बाद अब पंचायत में कहीं भी कचरा नहीं फेंका जाएगा, ताकि पंचायत की छवि खराब न हो। बैठक में उपमुखिया अशोक राय, विकास मित्र राजकुमारी देवी, रोजगार सेवक रामबाबू यादव, डाटा ऑपरेटर धीरज कुमार, संजीव कुमार सहनी, मुकेश कुमार राम, विकास मल्लिक, अजय कुमार, दशरथ राम, रविंद्र कुमार, प्रमोद साहनी, विवेक सहनी, हेमंत कुमार, ओम प्रकाश सहनी, प्रभात कुमार, जनार्दन प्रसाद सहनी, रामवचन राम, पवन सहनी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### दूर देहात द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत संचालित दूर देहात संस्था के समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत आज एक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवाओं ने स्थानीय बुजुर्गों व किसानों से मिले अनुभवों के आधार पर पिछले 20 वर्षों में आए पर्यावरणीय बदलावों पर चर्चा की।प्रतिभागियों ने गिरते भूजल स्तर, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन का खेती व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को रेखांकित किया।

# डीएम ने निर्माणाधीन प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने हनुमाननगर प्रखंड सह अंचल भवन के निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी एवं संवेदक को परिसर की चाहरदीवारी निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सम्पन्न करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने आगामी 16 जून को हनुमाननगर प्रखंड अंतर्गत आयोजित सहयोग शिविर की सफलता एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवन,थलवाड़ा का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिविर आयोजन से संबंधित सभी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को समयबद्ध ढंग से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों के समाधान हेतु पर्याप्त संख्या में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाए,ताकि आम लोगों के आवेदन सुगमता से प्राप्त किए जा सकें तथा उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित हो सके।उन्होंने शिविर परिसर में सभी विभागों के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग अपने निर्धारित काउंटर पर उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर सरकार एवं आम जनता के बीच संवाद और सेवा वितरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि किसी भी लाभुक को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने शिविर स्थल पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जो व्यक्ति लिखना पढ़ना नहीं जानते हैं उनके आवेदन लिखने के लिए एक विशेष काउंटर स्थापित रहेगा।निरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा तारालाही मौजा में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के ह्यनिर्माण हेतु चिन्हित स्थल का भी भ्रमण किया गया। सहयोग शिविर आयोजित होने के 10 दिन पहले से आवेदन लिया जाएगा।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भूमि की स्थिति,उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं तथा औद्योगिक विकास की संभावनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्र के विकास की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।निरीक्षण के दौरान जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# दिल्ली के जंतर मंतर पर अराजक तत्वों के आंदोलन का उद्देश्य देश को अस्थिर करना : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। देश में शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा प्रश्न पत्र लीक जैसे छद्म मुद्दे की आर में दिल्ली के जंतर मंतर पर टुकड़े टुकड़े गैंग का प्रदर्शन पूरी तरह से फ्लॉप रहा तथा इस प्रदर्शन के पीछे विपक्षी दलों की सह पर देश को अस्थिर करने की साजिश रची गई थी जिसे छात्र छात्राओं ने बुरी तरह से फ्लॉप कर दिया तथा यह साबित कर दिया कि राष्ट्रद्रोहियों के लिए देश में कोई जगह नहीं है। भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने दिल्ली में जंतर मंतर पर अराजक तत्वों के प्रदर्शन को पूरी तरह से फ्लॉप शो बताते हुए कहा कि इंस्ट्राग्राम जैसी सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर पैसे देकर लाइक कमेंट की संख्या बढ़ाना अलग बात है लेकिन जमीन पर उसे हकीकत में नहीं बदला जा सकता है । सांसद डा ठाकुर ने टुकड़े टुकड़े गैंग तथा केजरीवाल की आम आदमी पार्टी में शोषल मीडिया के लिए काम कर चुके अभिजीत दीपे, उग्रवाद सोच के नेता सोनम बांगचे, प्रकाश राज, जैसे भारत को अस्थिर करने की सोच रखने वाले अराजक तत्वों को नसीहत देते हुए कहा है कि भारत को बांग्लादेश नेपाल तथा श्रीलंका समझने की भूल नहीं करे क्योंकि यहां देश के यशस्वी पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में टुकड़े टुकड़े गैंग के मंसूबे कभी सफल नहीं हो सकते। सांसद डा ठाकुर ने शिक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर इन अराजक तत्वों के प्रदर्शन को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि इन मुद्दों पर शिकायत मिलने पर सीबीएसई बोर्ड के अध्यक्ष को हटा दिया गया जो इस बात का परिचायक है कि मोदी सरकार शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार के समझौते नहीं कर सकती।

# पर्यावरण दिवस पर महिलाओं ने लिया हर माह एक पौधा लगाने का संकल्प



बेनीपुर(दरभंगा) । विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा दरभंगा पूर्वी की जिलाध्यक्ष निभा देवी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महिलाओं ने फलदार एवं छायादार पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर निभा देवी ने कहा कि प्रकृति और मां दोनों जीवनदायिनी हैं, इसलिए पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा हर घर तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाएगी तथा लगाए गए पौधों की देखभाल भी सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रत्येक माह कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

# आर के दत्ता बने हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के दरभंगा जिला अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। चार वर्ष के बाद पुनः हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर दरभंगा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयनपत्र व पदभार ग्रहण करने के उपरान्त पटना से दरभंगा आगमन पर उत्साहित हम कार्यकर्ताओ के द्वारा दिल्ली मोड दरभंगा मे अंगवस्त्र,पाग,माला से सम्मानित करने के लिए सबका सादर आभार. मेरे साथ मधुबनी जिलाध्यक्ष पद पर दोबारा मनोनीत विमला कुमारी को भी सम्मानित किया गया.खासकर पार्टी के संरक्षक सह केन्द्रीय मंत्री जीतन राम माझी,राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री डा.संतोष कु.सुमन,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पाण्डेय,प्रदेश अध्यक्ष डा.अनिल कुमार सहित समस्त हम परिवार के प्रति सादर आभार ब्यक्त किया।दिल्ली मोड मे सम्मानित करने वालो मे मुख्य रुप से महानगर अध्यक्ष हरिशंकर गुप्ता,युवा जिलाध्यक्ष संतोष कु.सिन्हा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामदेव यादव,श्रमिक जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा,केवटी प्रखण्ड अध्यक्ष रामसंजीवन सदा,हम नेता मिश्रीलाल मंडल,समाजसेवी मो.रुस्तमजी,पूनम देवी,श्याम किशोर राम,अमर कु.पासवान,रामलाल धनकार शामिल थे।

# साक्ष्य के अभाव में दहेज हत्या कांड के अभियुक्त को अदालत ने किया रिहा

दरभंगा।एक वर्ष दस महिना 26 दिन से दहेज के लिए कथित गर्भवती पत्नी की हत्या के आरोप में दरभंगा मंडल में काराधीन ललित नारायण मिथिला विश्विद्यालय थाना क्षेत्र के गंगवारा निवासी ज्वाला खट्टीक को साक्ष्य के आभाव में शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजन कुमार मिश्रा की अदालत ने रिहा किया। काराधीन ज्वाला खट्टीक की ओर से निःशुल्क मुकदमा लड़ने वाले अधिवक्ता विनोद ठाकुर और धमेन्द्र लाल कर्ण ने बताया कि गंगवारा की राखी देवी ने 30 जून 2024 को विश्वविद्यालय थाना में अपना फर्दव्यान दर्ज कराकर प्राथमिकी संख्या 187/24 दर्ज कराकर ज्वाला खट्टीक और उसके वृद्ध माता द्रोपदी देवी को अभियुक्त बनायी थी। इस मामलें में अनुसंधानक के दबाव के चलते ज्वाला खट्टीक ने दिनांक 10 जूलाई 2024 को दरभंगा के प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण किया और कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं अनुसंधानक ने 7/10/24 को आरोप पत्र काराधीन आरोपी के विरुद्ध समर्पित किया तथा अदालत ने 28 अक्टूबर 2024 को संज्ञान लिया एवं एडीजे कोर्ट ने 25 नवम्बर 24 को आरोप गठन कर अभियोजन पक्ष से पांच साक्षियों का बयान लिया। इस मामले को ज्वाला खट्टीक की ब्याहता पत्नी रानी देवी और पुत्र सुमित कुमार ने लगातार कोर्ट में मुस्तैद रहा। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री मिश्रा की अदालत ने साक्ष्य के आभाव में शनिवार को काराधीन ज्वाला खट्टीक को रिहा करने का निर्णय सुनाया। कोर्ट की निर्णय सुनकर ज्वाला खट्टीक की पत्नी रानी देवी और पुत्र सुमित कुमार ने रोते हुए बताया कि झूठा मुकदमा को लड़ने में परिवार को घोर आर्थिक संकट से गुजड़ना पड़ा है। लेकिन कोर्ट ने उनके परिवार के साथ न्याय किया है। वहीं अधिवक्ता द्वय ने निःशुल्क मुकदमा लड़कर काराधीन ज्वाला के परिवार को न्याय दिलाने में सफल रहे।

# संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति ने पोर्टल एकेडेमिक मॉड्यूल पर क्लिक कर किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर शनिवार को विधिवत शुरू हो गई। कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने समर्थ पोर्टल के एकेडेमिक मॉड्यूल पर क्लिक कर आधिकारिक रूप से प्रवेश प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। समर्थ पोर्टल के लोकार्पण के अवसर पर अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने कहा कि लोक भवन, पटना के दिशा निर्देश पर इस शैक्षणिक सत्र 2026-27 से सभी कार्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से सम्पादित होना है। इसी के तहत नामांकन मॉड्यूल की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि सभी के समवेत प्रयास से इस कार्य को मूर्त रूप देना है। अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो पुरेन्द्र वारिक ने उपशास्त्री, शास्त्री एवं आचार्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अधिसूचना जारी किया।समर्थ नोडल पदाधिकारी डॉ नरोत्तम मिश्र ने बताया कि समर्थ पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल एडमिशन, स्टूडेंट लाइफ साइकिल, पे-रोल, पेंशन, लीव मैनेजमेंट, एम्प्लॉई, कोर, लीगल, आरटीआई, ग्रीवांस, फ्लीट, स्पोर्ट्स, मिनट आर्काइव और रिट्रीवल को सक्रिय कर दिया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ दिनेश झा, वित्त पदाधिकारी डॉ पवन कुमार झा, उपकुलसचिव डॉ नवीन कुमार झा व डॉ सुनील कुमार झा, सहायक प्राचार्य डॉ छबिलाल न्यौपाने, कुन्दन भारद्वाज, गोपाल उपाध्याय, रवीन्द्र कुमार मिश्र, सुशील कुमार झा, अभिषेक झा, सिद्धेश कुमार झा, टीएसए डी एस पुष्पेंद्र सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# किसी भी पद पर रहूं, बेनीपुर के सम्मान को ठेस नहीं पहुंचने दूंगा : विनय चौधरी

बेनीपुर(दरभंगा)।बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन का सचेतक बनाए जाने पर विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी का बेनीपुर व्यवसायिक संघ की ओर से अभिनंदन किया गया। बेनीपुर बाजार में आयोजित समारोह में संघ के सचिव शंभू प्रसाद सिंह ने उन्हें माला, पाग और चादर भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वह हमेशा क्षेत्र की जनता के भाई और सेवक के रूप में कार्य करते रहे हैं तथा आगे भी जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय किए गए वादे के अनुरूप वह क्षेत्र के मान-सम्मान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे। साथ ही लोगों से व्यक्तिगत और पारिवारिक विवादों में उन्हें शामिल नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि सार्वजनिक हित और विकास से जुड़े मुद्दों के लिए वह 24 घंटे उपलब्ध हैं। विधायक ने कहा कि सरकार ने उन्हें सचेतक की जिम्मेदारी सौंपी है, लेकिन किसी भी बड़े पद पर पहुंचने के बाद भी वह क्षेत्र के सम्मान और जनता के विश्वास को ठेस नहीं पहुंचने देंगे। उन्होंने बेनीपुर बाजार की जाम समस्या के स्थायी समाधान के लिए एसएच-88 पर ओवरब्रिज तथा जलजमाव से मुक्ति के लिए धरौरा चौक से धेरुख बजरंगबली मंदिर तक सड़क किनारे पक्का नाला निर्माण की स्वीकृति और राशि आवंटन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अधिकांश आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा चुका है और अब बड़ी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में काम किया जा रहा है। कौशर-शिशैला चौड़ में दरभंगा नगर निगम का कचरा डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र का पर्यावरण प्रभावित होगा और इसका पुरजोर विरोध होना चाहिए। कार्यक्रम में शंभू प्रसाद सिंह, संजीव कुमार सिंह, अधिवक्ता अमरेश झा, रामसागर ठाकुर, राजीव कुमार झा सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ने किया।

# पर्याप्त एलपीजी एवं पेट्रोलियम भंडार से राहत जिले में आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित



● सतत निगरानी और पर्याप्त भंडारण से उपभोक्ताओं को राहत गैस वितरण व्यवस्था दुरुस्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिले में एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है। जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।जिला प्रशासन द्वारा जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 06 जून 2026 को जिले में कुल 39,892 एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। विभिन्न तेल कंपनियों के माध्यम से नियमित आपूर्ति जारी है तथा जिले की 99 गैस एजेंसियों के जरिए उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ता हितों से किसी प्रकार का समझौता नही किया जाएगा। पूर्व में जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर चार गैस एजेंसियों को सील किया जा चुका है। सभी गैस वितरकों को शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। अतिरिक्त राशि वसूली, उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान करने अथवा वितरण में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे अनावश्यक गैस बुकिंग एवं पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें तथा कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अवैध भंडारण की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर भी ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में 999.5 हजार लीटर पेट्रोल तथा 1156.1 हजार लीटर हाई स्पीड डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि संपूर्ण स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पर्यटन मंत्री ने किया बाबा गरीबनाथ कोरिडोर स्थल का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने मुजफ्फरपुर में शनिवार को बाबा गरीबनाथ धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना के तहत स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने वैशाली और मुजफ्फरपुर की सीमा पर फकुली के पास प्रस्तावित प्रवेश द्वार और अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान स्थल की पैमाइश भी कराई गई। पर्यटन मंत्री ने बताया कि बाबा गरीबनाथ धाम के लिए एक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इसके तहत वैशाली-मुजफ्फरपुर सीमा पर एक भव्य तोरण द्वार बनाया जाएगा, जो धाम का मुख्य प्रवेश द्वार होगा। साथ ही, रजला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने शिवालय मंदिर परिसर स्थित पोखर और घाट के सौंदर्यीकरण की भी जानकारी दी। पोखर में भगवान नारायण-लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए गेस्ट हाउस सहित आधुनिक सुविधाओं का निर्माण भी प्रस्तावित है।मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन योजनाओं के पूरा होने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रेलवे लाइन की पटरी पर मिली अधेड़ पुरूष की शव

मनीगाछी(दरभंगा)।सकरी रेलवे जंक्शन के पश्चिम होम सिग्नल के पास रेलवे लाइन की पटरी पर शनिवार को एक अधेड़ पुरूष की शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों का मानना है कि किसी ट्रेन से कट कर इसकी मौत हुई है। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक सत्यप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि एक अज्ञात अधेड़ की लाश रेलवे पटरी के दोनो ट्रैक के बीच पड़ा हुआ था। जिसकी उम्र लगभग 55 वर्ष होगी। शव को लगभग 9.10 बजे सुबह में जयनगर जा रही जानकी एक्सप्रेस का ड्राइवर ने देखा और इसकी सूचना स्टेशन कार्यालय को दिया।इसके बाद हमलोगों ने इसकी सूचना जीआरपी को दिया। जीआरपी ने शव को ट्रैक के बीच से हटाकर अपने कब्जे में ले लिया। इसकी पुष्टि जीआरपी के निरीक्षक किंग कुन्दन ने करते हुए बताया कि शव की पहचान नहीं हो सकी है।मृतक पैजामा कुर्ता पहना हुआ है। उसका एक पैर कटा हुआ है और सर फटा हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तथा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# कार्य में लापरवाही को लेकर आवास सहायक का दो वार्षिक मानदेय वृद्धि पर रोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत आलमपुर कोदरिया पंचायत के ग्रामीण आवास सहायक शशि भूषण रजक पर कार्य में लापरवाही का लगे आरोप के आलोक में दो वार्षिक मानदेय वृद्धि पर रोक लगाया गया है। उक्त बात की जानकारी उप विकास आयुक्त समस्तीपुर के कार्यालय से निर्गत पत्र के माध्यम से दी गई है। बताया गया है कि भाकपा माले के प्रखंड सचिव अजय कुमार के द्वारा 20 फरवरी 2026 को एक शिकायत पत्र दायर किया गया था। उक्त शिकायत पत्र के आलोक में विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदन समर्पित किया गया। परिवादी द्वारा इस विषय वस्तु के आलोक में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ग्रामीण विकास विभाग पटना में भी परिवाद दायर किया गया। जिसने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस एप 2024 के माध्यम से सर्वेक्षण अभियान के तहत आलमपुर कोदरिया के आवास सहायक शशि भूषण रजक द्वारा जानबूझकर योग कल 72 परिवारों का नाम सर्वेक्षण सूची में शामिल नहीं किया गया। उक्त परिवार की जांच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी 5 मार्च 2026 को विभागीय आलोक शिकायत निवारण कार्यालय ग्रामीण विकास विभाग बिहार पटना को प्रतिवेदन किया जिसमें 72 परिवारों में से 10 परिवारों का सर्वेक्षण सूची में नाम उपलब्ध था। 26 परिवारों का पूर्व से आवास योजना से निर्मित पक्का मकान/ईंट,खपरा/पक्का दीवार था।02 परिवार द्वारा स्वयं आवास निर्माण कराया जा रहा है। दो परिवार घर पर उपस्थित नहीं थे। 32 ऐसे परिवार जिनके मकान कच्चा है परंतु सर्वेक्षण सूची में नाम शामिल नहीं है। उक्त संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा संबंधित आवास सहायक से स्पष्टीकरण मांगा गया जिसके जवाब में आवास सहायक द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि आलमपुर कोदरिया पंचायत में कल 746 परिवारों का नाम जोड़ा गया। इसके अतिरिक्त तकनीकी समस्या के कारण नाम जोड़ नहीं सका जिसकी जानकारी संबंधित को दी गई है। यह भी उल्लेख किया गया कि आलमपुर कोदरिया पंचायत में सेल्फ सर्वे के संबंध में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया गया जिसके फलाफल 168 परिवार सेल्फ सर्वे के माध्यम से नाम जोड़ा गया। परिवादी के द्वारा आवास सहायक की लापरवाही के कारण वंचित होने वाले योग परिवारों का नाम सूची में जोड़ने का आग्रह किया गया परंतु विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण सूची में नाम जोड़ना संभव नहीं है। उक्त संबंध में विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ग्रामीण विकास विभाग बिहार पटना के द्वारा निर्देश दिया गया कि आलमपुर कोदरिया पंचायत के ग्रामीण आवास सहायक शशि भूषण रजक द्वारा आवास प्लस एप 2024 के माध्यम से आवास विहीन परिवारों का सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही प्रमाणित होता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूतिपुर के प्रतिवेदन में पाए गए तथ्यों के आलोक में आलमपुर कोदरिया पंचायत के ग्रामीण आवास सहायक शशि भूषण रजक का संचयी प्रभाव के साथ दो वार्षिक मानदेय वृद्धि पर रोक लगाई गई।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूतीः सेंट्रल बैंक की 20 शाखाओं ने किया व्यापक ऋण वितरण



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा शनिवार को देशव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला उद्योग केंद्र, मधुबनी के सभागार में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत लाभुको को ऋण स्वीकृति एवं वितरण किया गया।अग्रणी जिला प्रबंधक गजेंद्र मोहन झा ने बताया कि मधुबनी जिले में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सभी 20 शाखाओं द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), गव्य विकास, मत्स्य पालन, पशुपालन, मुर्गी पालन, फूड प्रोसेसिंग, पीएमएफएमई सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 200 से अधिक लाभुकों को कुल 10 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत एवं वितरित की गई। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य किसानों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं ग्रामीण उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी (जीविका), निदेशक आरसेटी सहित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं कृषि वित्त पदाधिकारी (एएफओ) उपस्थित रहे।

# कर्मचारी पेंशनधारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर विशेष कैंप 9 एवं 10 जून को

दरभंगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भारत सरकार मुजफ्फरपुर के अधीन आने वाले कर्मचारी पेंशन धारी नियुक्ताओं इत्यादि की समस्याओं के समाधान हेतु विभाग के बिहार एवं झारखंड अंचल के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त -1 राजेश्वर राजेश का दो दिवसीय मुजफ्फरपुर दौरा होना है जिस क्रम में वहां बिहार एवं झारखंड अंचल के आंचलिक कार्यालय पटना के कुछ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में मुजफ्फरपुर भविष्य निधि कार्यालय बीएसएनएल भवन परिसर कंपनी बाग मुजफ्फरपुर में एक समाधान शिविर का आयोजन भी दिनांक 9 एवं 10 जून 2026 को होगा। मुजफ्फरपुर क्षेत्र के अधीन आने वाले 13 जिलों मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, दरभंगा, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सिवान व सारण के जो भी लाभार्थी यथा- कर्मचारी पेंशनधारी या उनके परिवार के सदस्य तथा नियोक्ता अपनी संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु उक्त 9 एवं 10 जून को आयोजित दो दिवसीय शिविर में पहुंचकर अपनी समस्या रख सकते हैं ताकि उनकी समस्या का समाधान यथा शीघ्र हो सके।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 07 जून, 2026



# विद्युत समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ विधायक ने की समीक्षा बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। कांटी व मड़वन प्रखंड के ज्वलंत विद्युत समस्याओं को लेकर कांटी विधायक अजीत कुमार ने शुक्रवार को बीबीगंज स्थित अपने आवास पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में बिजली की स्थिति दुरुस्त करने के लिए विधायक ने अधिकारियों के साथ लंबी चर्चा की। चर्चा के दौरान लो वोल्टेज का समस्या झेल रहे कांटी क्षेत्र के छिटकाहीं विद्युत सब स्टेशन के उपभोक्ताओं के समस्या का निदान करने, कांटी - मड़वन के दो दर्जन से अधिक गरीब बस्ती के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार एवं एल टी लाइन को बस्ती से हटाकर सड़क के किनारे शिफ्ट करने, एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, कांटी ग्रामीण फीडर को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने, कांटी नगर क्षेत्र के सभी ट्रांसफार्मर को नगर क्षेत्र के फीडर से जोड़ने, पकरी पकोहीं वास्तु विहार के उपभोक्ताओं के विद्युत समस्या का तुरंत निदान करने, कांटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में बांस - बल्ले पर दिए गए विद्युत कनेक्शन को नया पोल- तार लगाकर रेगुलराइज करने, कांटी- मड़वन मे बसे नए मोहल्ले के उपभोक्ताओं को समुचित विद्युत की सुविधा उपलब्ध कराने, बिजली बिल की गड़बड़ी को सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाने, कांटी विधानसभा क्षेत्र में 20 घंटा से अधिक विद्युत आपूर्ति की सुविधा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने सहित कई मामले पर विशेष रूप से चर्चा हुई। अधिकारियों ने विधायक अजीत कुमार को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा सुझाए गए सभी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करके उन सारे समस्याओं का निदान हर हालत में कराएंगे। बैठक में अधीक्षण अभियंता पंकज राजेश, विद्युत कार्यपालक अभियंता मोहम्मद साजिद हुसैन, सहायक अभियंता सत्यपाल, कनीय विद्युत अभियंता अविनाश रंजन एवं राजीव कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड : इलाज के दौरान एक और मरीज की मौत, प्रशासन सख्त कार्रवाई की तैयारी में

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ब्रह्मपुरा स्थित प्रसाद हॉस्पिटल के आईसीयू में हुई भीषण अग्निकांड की घटना में घायल एक और मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक की पहचान मड़वन प्रखंड के चैनपुर परड़ी गांव निवासी अंजनी कुमार सिंह के रूप में हुई है। वे आग लगने की घटना में गंभीर रूप से झुलस गए थे और उनका इलाज शहर के अशोका हॉस्पिटल में चल रहा था। परिजनों के अनुसार, उपचार के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। मृतक अंजनी कुमार सिंह, रामपाल सिंह के पुत्र थे। उनका पोस्टमार्टम एसकेएमसीएच में कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव चैनपुर ले जाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## अंजनी कुमार की मौत की खबर से विधायक दुखी, होंगे अंत्येष्टि में शामिल

मुजफ्फरपुर। शहर के प्रसाद हास्पिटल के आईसीयू अग्निकांड में गंभीर रूप से घायल अंजनी कुमार सिंह की आज एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।उनके निधन पर कांटी विधायक अजित कुमार ने अपनी गहरी शोक-संवेदना व्यक्ति की है। उन्होंने कहा है कि अंजनी कुमार सिंह उनके करीबी सहयोगी थे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है। विधायक ने बताया कि वे अंतिम दर्शन और अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होंगे।वहीं, प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड के बाद प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। गुरुवार को आईसीयू वार्ड में लगी भीषण आग की घटना की जांच कमिश्नर के निर्देश पर शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में अस्पताल भवन का स्वीकृत नक्शा उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आई है। इसके बाद प्रशासन द्वारा अस्पताल भवन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल भवन को ध्वस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। प्रशासन घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच कर रहा है, जबकि पीड़ित परिवार दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड ने पूरे जिले को झकझोर दिया है।

# लोक संस्कृति पर आधारित लोक उत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।अभिनन्दन संस्था द्वारा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित लोक कला, लोक संस्कृति पर आधारित लोक उत्सव का बिहार बाल भवन किलकारी में शनिवार को समापन हो गया।समापन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कठपुतली कलाकार सुनील कुमार ने कहा कि लोक उत्सव जीवन दर्शन का जीवंत दस्तावेज हैं।लोक उत्सव में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संगोष्ठी में विभिन्न प्रकार की लोक कला एवं संस्कृति पर चर्चा,लोक रत्न भिखारी ठाकुर के जीवन पर चर्चा,लोक नृत्य डोमकच, जट्टजट्टिन,झूमर, सोहर, सामा चकवा, लीची गीत और विभिन्न प्रकार के क्षेत्रीय लोक गीतों नृत्यों के साथ साथ दोस्ती नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कलाकार को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।स्वर्णिम कला केन्द्र की संस्थापिका उषा किरण श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र भेंट कर के लोक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।.स्वर्णिम कला केन्द्र के सुभांगी सुमन, स्वेता श्रीवास्तव, काजल कुमारी, लिली कुमारी, अनिशा कुमारी द्वारा झिझिया, कजरी, झूमर लोक गीत लोक नृत्य की प्रस्तुति दी.सुनील कुमार के निर्देशन में दोस्ती नाटक का मंचन किया गया,जिसमें मुख्य भूमिका में चंदेश्वर राम,खुशबू कुमारी उर्फ प्रमिला देवी, स्वेता यादव, अनिता कुमारी, शिव कुमार, विकाश कुमार, नाटक के माध्यम से पर्यावरण के प्रति दोस्ताना नजरिया रखने के लिए जागरूक किया गया । बिहार बाल भवन किलकारी मुजफ्फरपुर के पल्लवी,आराध्या,परी, आस्था रंजन,कृतिका,तहरीमवैष्णवी अग्रवाल,वैमवी,त्रिदित्या. श्रेया, स्वाधा रोशनी, आर्यन, प्रतिक,प्रियांशु, कुंज बच्चों द्वारा पर्यावरण विषय पर भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर मुख्य रुप से संस्थान के अध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्र मिश्रा अविनाश कुमार, अरुण कुमार, सोनू सरकार शम्भु मोहन प्रसाद,सीआरपी कमीशनरी रिसोर्स पर्सन पूर्णिमा बाला,सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रश्मि आनंद,चंद्रभूषण प्रसाद,गोपाल फलक,कायनात आफरीन, सीमा कुमारी, गौरीशंकर मिश्रा, अरुनीमा, अमन राज, सोनू कुमार, सौरभ कुमार, सुजाता कुमारी, रूपा पाठक, राजू सहनी, आशीष राज, बब्लू कुमार, राजीव कुमार, अर्पिता कुमारी, कृष्णनंदन कुमार, प्रियंका चौधरी मौजूद थे।संचालन अनिल कुमार ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन अभिनन्दन संस्थान के सचिव प्रभात कुमार ने किया।

# गोविंद शर्मा हत्याकांड में दो और अभियुक्त गिरफ्तार, अब तक तीन की गिरफ्तारी



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नगर थाना क्षेत्र के चर्चित गोविंद शर्मा हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही इस कांड में अब तक कुल तीन आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, शहर के आईकॉन टावर अपार्टमेंट में गोविंद शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में एसटीएफ के सहयोग से मुख्य अभियुक्तों में शामिल रविकांत उर्फ बाबुल चौधरी को दरभंगा एयरपोर्ट के समीप से गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे अभियुक्त सौरभ कुमार को रक्सौल से गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मामले के अनुसंधान में लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है और जल्द ही शेष आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गोविंद शर्मा हत्याकांड शहर में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस की इस कार्रवाई को मामले के खुलासे की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# अधूरे नाला निर्माण से बढ़ा हादसों का खतरा बदहाल सड़क से स्थानीय लोग परेशान

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के पोखरियापीठ रोड स्थित उज्ज्वल विद्यापीठ से शेरपुर रोड आदर्श गैस गोदाम तक चल रहा नाला निर्माण कार्य स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कई महीनों से जारी निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है, जिसके कारण क्षेत्र में दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा कई जगहों पर नालों को खुला छोड़ दिया गया है, जबकि कई स्थानों पर कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। खासकर स्कूली बच्चे, टोटो चालक और बाइक सवार खुले नालों में गिरकर घायल हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नाला निर्माण के साथ-साथ सड़क की स्थिति भी बेहद खराब हो गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और जगह-जगह पानी जमा रहता है। हैरानी की बात यह है कि बिना बारिश के भी सड़क पर जलजमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने तथा खुले नालों को सुरक्षित ढंग से ढंकने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जनहित से जुड़े इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करेगा।

# प्रसाद अस्पताल में झुलसे एक और मरीज की मौत, अब तक 7 मरे

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। प्रसाद हास्पिटल अग्निकांड में झुलस कर गंभीर रूप से घायल मड़वन प्रखंड के चैनपुर परड़ी गांव निवासी अंजनी कुमार सिंह की मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आज मौत हो गयी। उनके निधन के साथ ही इस अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गयी है। निधन के बाद अंजनी सिंह के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज में कराया जा रहा है। यह जानकारी जिला प्रशासन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव चैनपुर ले जायाजाएगा , जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# महावाणी स्मरण सह काव्य गोष्ठी आयोजित पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। निराला निकेतन में आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री की प्रतिमा स्थल पर महावाणी स्मरण सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उषा किरण श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन डॉ. संगीता सागर ने किया। काव्य गोष्ठी में विभिन्न कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। डॉ. हरि किशोर प्रसाद सिंह ने ह्यबीतल पुरना वरीस नया सुरूज उगलह्ल, अंजनी कुमार पाठक ने ह्यज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाओह्ल, अरुण कुमार तुलसी ने ह्यसुहाने जिंदगी की रंगभरी शामह्ल, प्रमोद नारायण मिश्र ने ह्यदिल रोता है मैं हंसता हूंह्ल तथा सत्येन्द्र कुमार सत्येन ने ह्यपिया जब दुल्हा बनी दुअरियाह्ल शीर्षक रचनाओं का पाठ किया। इसके अलावा डॉ. संगीता सागर ने ह्यमेरे गांव में था एक इमली का पेड़ह्ल, डॉ. उषा किरण श्रीवास्तव ने ह्यअपनी फुलवारी में मैंने तरह-तरह के फूल लगाएह्ल तथा अशोक भारती ने ह्यधूप पर जब भी लिखोगे बात चांदनी की होगीह्ल कविता प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान निराला निकेतन परिसर में डॉ. उषा किरण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पौधारोपण भी किया गया। उपस्थित साहित्यकारों एवं प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संगीता सागर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी कवियों, साहित्यप्रेमियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साहित्य और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से परिपूर्ण यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ढोली बीज निदेशालय में पौधारोपण

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीज निदेशालय, ढोली परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं 50 दिवसीय क्वालिटी सीड ग्रोवर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। हरियाली, कृषि नवाचार और सीखने की ऊर्जा से सराबोर इस आयोजन में अधिकारियों, प्रशिक्षणार्थियों और किसानों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. डी.के. रॉय ने पर्यावरण संरक्षण और कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और मानव जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने किसानों और युवाओं से कृषि में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन और आधुनिक तकनीकों का उपयोग ही कृषि को अधिक लाभकारी बना सकता है। उन्होंने बताया कि क्वालिटी सीड ग्रोवर प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को बीज उत्पादन, प्रसंस्करण एवं संरक्षण की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान धान, गेहूं, मक्का, अरहर, मूंग, मसूर, चना, सरसों एवं आलू जैसी प्रमुख फसलों की वैज्ञानिक खेती की जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, मिर्च और भिंडी जैसी सब्जी फसलों की उन्नत किस्मों, बीज उपचार, पौध प्रबंधन, सिंचाई तकनीक, रोग एवं कीट नियंत्रण तथा कटाई उपरांत प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। फील्ड डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से किसानों को उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाने की व्यावहारिक तकनीकों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. राजेश कुमार एवं डॉ. हेम चंद्र चौधरी ने किया। समापन सत्र का संचालन एवं समीक्षा डॉ. राजीव कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनय कुमार चौधरी एवं डॉ. श्रुति कुमारी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताया। किसान राम कुमार मिश्र, पवन कुमार, किशोर कुणाल एवं मुकेश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बीज उत्पादन और फसल प्रबंधन की कई नई तकनीकों की जानकारी मिली, जिन्हें वे अपने खेतों में अपनाएंगे। उन्होंने ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता भी जताई। कार्यक्रम में मनीष कुमार, राहुल कुमार, यमन कुमार, नित्यानंद निराला, प्रमोद कुमार, अरुण कुमार एवं ब्रह्मदेव पंडित सहित अन्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को आम, लीची एवं अन्य फलदार पौधे, सीड किट तथा प्रशिक्षण मैनुअल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, उन्नत कृषि पद्धतियों और सतत विकास के संकल्प के साथ हुआ।

# पुलिस टीम पर हमला और सड़क जाम मामले में कॉमेडी कलाकार गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।पियर थाना क्षेत्र के चर्चित कॉमेडी कलाकार रमेश सहनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। रमेश सहनी पियर थाना क्षेत्र के बड़गांव सहनी टोला निवासी है और अर्जुन सहनी का पुत्र बताया गया है। जानकारी के अनुसार, पियर थाना क्षेत्र के बड़गांव में पुलिस टीम पर हमला, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने तथा सड़क जाम करने के चर्चित मामले में उनकी गिरफ्तारी की गई है। यह मामला 6 फरवरी 2026 का है, जब बड़गांव में एक मामले की जांच के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया था। सरपंच लालबाबू सहनी की पिटाई के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी और विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। पुलिस के अनुसार, उस दौरान भीड़ ने पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त किया था तथा पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई थी। घटना के संबंध में तत्कालीन थानाध्यक्ष रजनीकांत के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में 50 नामजद एवं करीब 200 अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया था, जिनमें रमेश सहनी का नाम भी शामिल था। पियर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि पियर थाना कांड संख्या 27/26 के नामजद अभियुक्त रमेश सहनी को गुरुवार को पियर चौक से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में नामजद और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी और कानूनी कार्रवाई जारी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बंदरा में पौधारोपण हरित भविष्य का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बंदरा प्रखंड में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आमना वसी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन और पर्यावरण के लिए अमूल्य संपदा हैं। बीडीओ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का विषय है। यदि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छ भविष्य के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और वृक्षों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

# श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विकास मंडल सभागार में पद्मश्री डॉ गोपालजी त्रिवेदी के मृत्युपरांत शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित प्रतिभागियों ने उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में मुजफ्फरपुर विकास मंडल के सहमंत्री, संजीव कुमार, अध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार, पूर्व जिलापार्षद, मुसहरी, मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह। ह्यमुकेश ह्य , वसुंधरा सिंह आदि वक्ताओं ने गोपालजी त्रिवेदी जी के साथ अपने संस्मरणों को साझा किया। सभा का संचालन अरविन्द कुमार ने किया।गोपालजी त्रिवेदी मुजफ्फरपुर विकास मंडल के आजीवन सदस्य रहे और उन्होंने जयप्रकाश नारायण के साथ मिलकर मुसहरी प्लान बनाने में जेपी की मदद की थी । श्रद्धांजलि सभा के उपरांत उनकी स्मृति में मुजफ्फरपुर विकास मंडल के परिसर में एक आम का पेड़ लगाया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विचार-गोष्ठी आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक्शन एड के तत्वावधान में मुरौल पंचायत सरकार भवन परिसर में मुखिया प्रमिला देवी की अध्यक्षता में गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने जल, जंगल, जमीन को बचाने हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्रकृति का अपना रुख बदलने, जल संकट, पेड़-पौधों का कटाव, उपजाऊ मिट्टी को बेच देने, जल-जंगल -जमीन के दुरुपयोग करने की आदते बढ़ती जा रही हैं जिससे मानव, पशु, पक्षी तथा अन्य जीव जंतुओं पर खतरा बढ़ गया है ऐसे में कैसे पारिस्थितिकी न्याय संभव हो चर्चा की गई।कार्यक्रम को दस दिनों तक मुजफ्फरपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित किया जायेगा।

इस दौरान अधिक से अधिक लोगों को इन विषयों पर जागरूक कर पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा। गोष्ठी में रीमा भारती, सरपंच, पिलखी, सरपंच प्रतिनिधि, मुरौल सत्यनारायण प्रसाद सिंह, एक्शन एड के क्षेत्रीय प्रबंधक, सौरभ कुमार, प्रोग्राम ऑफिसर,मो० इकराम आदि वक्ताओं ने अपने -अपने विचार रखे। अरविन्द कुमार, जिला समन्वयक एक्शन एड ने विषय प्रवेश तथा गोष्ठी का संचालन किया।

मौके पर एक्शन एड के वोलेंटियर रामसुंदर राम, राकेश कुमार, रत्नेश जी उपस्थित थे। गोष्ठी के बाद पौधा रोपण किया गया। पंचायत सरकार भवन मुरौल परिसर में आम, जामुन, कटहल और, अमरुद के पौधे लगाए गए जिसके सुरक्षा हेतु समाज के लोगों ने जिम्मेदारी ली।कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन एक्शन एड के रामसुंदर राम ने किया।

# वाहन जांच में कांटी पुलिस को बड़ी सफलता अवैध हथियार के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कांटी थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक शातिर अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार, कांटी थाना क्षेत्र में रेलवे गुमटी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक व्यक्ति को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान नूर मोहम्मद उर्फ दसई, निवासी कांटी थाना क्षेत्र, के रूप में हुई है। मामले की जानकारी कांटी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ पश्चिमी वन सुचित्रा कुमारी ने दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके अन्य आपराधिक मामलों और गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूछताछ के बाद मामले में विधि-सम्मत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## विधायक ने एनटीपीसी कांटी के परियोजना प्रमुख के साथ की बैठक

मुजफ्फरपुर। एनटीपीसी कांटी के आवासीय परिसर स्थित आईबी में स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने एनटीपीसी के नये परियोजना प्रमुख एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान बैठक में विधायक अजीत कुमार ने एनटीपीसी में कार्यरत श्रमिकों के कई समस्याएं एवं सीएसआर के मद से स्थानीय स्तर पर होने वाले खर्च के मामले व अन्य जनसमस्याओं पर विस्तृत रूप से अधिकारियों के साथ चर्चा किया। विधायक अजीत कुमार के एनटीपीसी के आईबी पहुंचने पर नये परियोजना प्रमुख पंकज कुमार गुप्ता समेत उपस्थित अन्य अधिकारियों ने उनका पुष्प गुच्छ, पौधे व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान अधिकारियों ने श्री कुमार को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा बताए गए सभी बातें को त्वरित संज्ञान में लेकर उसका निदान किया जाएगा।

# मानकों का उल्लंघन करने वाले 13 निजी स्वास्थ्य संस्थान सील

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।एसकेएमसीएच के निकटवर्ती क्षेत्र में संचालित निजी नर्सिंग होम एवं स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 13 संस्थानों को सील कर दिया है। यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी) तुषार कुमार के नेतृत्व में चलाये गये विशेष जांच अभियान के दौरान की गई। मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए निजी स्वास्थ्य संस्थानों मे सरकारी मानदंड के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सेवा बहाल करने के उद्देश्य से तीन अलग-अलग जांच टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसहरी, मीनापुर, गायघाट एवं औराई के चिकित्सा पदाधिकारियों को शामिल किया गया था। टीमों ने एसकेएमसीएच के आसपास संचालित निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई संस्थानों में आवश्यक सरकारी मानकों, लाइसेंसिंग नियमों तथा क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन नहीं पाया गया। कुछ संस्थानों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे, जबकि कई जगहों पर स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में अनियमितताएं सामने आईं। मरीजों के हित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियो ने आज तत्काल प्रभाव से 12 स्वास्थ्य संस्थानों को सील कर दिया। इसके अलावा 5 जून को भी स्वास्थ्य मानक के उल्लंघन पाये जाने पर मदांता अस्पताल को भी सील किया गया है। जिन संस्थानों को सील किया गया है,उनमेंबालाजी हेल्थ केयर, रेडियस हेल्थ केयर, संतोष चाइल्ड केयर हॉस्पिटल, आशा हेल्थ केयर, श्री गंगाराम इमरजेंसी हॉस्पिटल, तिरुपति नर्सिंग होम, आयुष्मान हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल, सम्राट हॉस्पिटल, एस-एस हॉस्पिटल, हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल, भूमि चाइल्ड केयर हॉस्पिटल तथा ओम अल्ट्रासाउंड शामिल है। सिविल सर्जन ने कहा है कि भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मंत्री रघुवंश बाबू की 80 वीं जयंती मनाई गई

मुजफ्फरपुर।आज रघुवंश- कपूर्री विचार मंच मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में, माड़ीपुर में प्रखर समाजवादी नेता,पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री स्व.डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह जी की 80वीं जयंती समारोह मनाई गई। जयंती सभा को संबोधित करते स्व रघुवंश प्रसाद सिंह के सहायक निजी सचिव रहे साहू भूपाल भारती ने मनरेगा मैंन प्रखर समाजवादी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व रघुवंश प्रसाद सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग भारत सरकार से की । उन्होंने उनके व्यक्तिव तथा उनके समाजवादी चिंतन पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में बिहार रक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर ने स्वच्छ तथा बेदाग राजनीतिक पहचान बनाने वाले रघुवंश बाबू की जीवनी पाठ्य पुस्तकों में प्रकाशित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर पंडित ने सरकार तथा नगर निगम प्रशासन से उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रो देवव्रत अकेला, ने की अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ अकेला ने कहा कि रघुवंश बाबू की पुण्यतिथि इस वर्ष ऐतिहासिक रूप से मनाई जायेगी। मंच संचालन शिव शंकर पंडित तथा धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार सिंह ने किया। मुख्य वक्ताओं में डॉ मजूमदार, विकास कुमार सहनी, जेडीयू नेता अनवर आजाद, कामेश्वर सिंह, नितेश कुमार सिंह , कमल कुमार गुप्तर आदि शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. रघुवंश प्रसाद सिंह जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि के साथ शुरू की गई। अंत में 2मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, रविवार, 07 जून, 2026

सम्पादकीय

## पर्यावरण संरक्षण: सनातनवादी विकास बनाम भौतिकवादी

डॉ. भारत प्रकाश सुनेजा

प्रस्तावनाः आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर और चुनौतीपूर्ण समस्या से जूझ रहा है। हमारे चारों ओर ऐसे अनेक तत्व और गतिविधियाँ दिखाई देती हैं, जो प्रदूषण फैलाने के साथ-साथ प्रकृति के सुंदर संतुलन को भी निरंतर बिगाड़ रहे हैं। दुर्भाग्यवश, इन समस्याओं की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयास अत्यंत सीमित प्रतीत होते हैं। जिस प्रकार किसी भी गंभीर रोग का उपचार उसके मूल कारणों को समझे बिना संभव नहीं होता, उसी प्रकार पर्यावरण प्रदूषण रूपी इस विकराल समस्या का समाधान भी तभी संभव है, जब हम इसके मूल कारणों का गहन अध्ययन और विश्लेषण करें। ह्लमानव सभ्यताह्व और ह्लविकासह्व आदिकाल से एक दूसरे के अभिन्न पूरक रहे हैं। सनातन धर्म में विकास और भौतिकवादी विकास दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। भारतीय सनातन परम्परा, भौतिक विकास को कभी नहीं नकारती किन्तु उसे जीवन का अंतिम लक्ष्य मानने के स्थान पर आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम मानती है। प्रस्तुत लेख में विकास की इन्ही अवधारणाओं का संक्षेप में विवेचन करते हुए यह प्रयास किया गया है कि पर्यावरण प्रदूषण की मूल जननी कहीं न कहीं अनियंत्रित भौतिकवादी विकास ही है। साथ ही, यह लेख भारत की प्राचीन संस्कृति, परम्पराओं, संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों एवं रीति-रिवाजों की महत्ता को रेखांकित करते हुए सतत एवं संतुलित विकास की दिशा में उनके योगदान को प्रस्तुत करता है। आशा है कि यह लेख पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ इसके निवारण हेतु व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर अपनाए जा सकने वाले उपायों पर सार्थक चिंतन को भी प्रेरित करेगा। सनातनवादी विकासः पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है कि चारों ओर से वरण अथवा आवरण अथवा भरण करना। वैदिक विचारधारा के अनुसार, पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) ही जीवन का आधार हैं जो सह-अस्तित्व का भाव लिए समस्त जीवों की आवश्यकताओं की पूर्ती करते हुए, सम्पूर्ण जैव मंडल को एक सुदृढ़ सुरक्षा कवच भी प्रदान करते हैं। वेदों में पर्यावरण को निर्जीव या भोग्य वस्तु नहीं अपितु ईश्वर का साक्षात रूप एवं प्राणदाता माना गया है। जैसा कि अथर्ववेद (१२.१.१२) में वर्णित श्लोक ह्लमाता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याःह्व में पृथ्वी को माता और स्वयं को इसके पुत्र का दर्जा दिया गया है, साथ ही आकाश को पिता की संज्ञा दी गयी है। यह श्लोक पृथ्वी के साथ भावनात्मक और आध्यात्मिक सम्बन्ध स्थापित करता है इस प्रकार वेदों में पर्यावरण संरक्षण और संतुलन के लिए प्रकृति के प्रति असीम सम्मान एवं श्रद्धा व्यक्त की गयी है। किन्तु हम प्रकृति से प्राप्त संरक्षण और सुरक्षा को तथाकथित विकास की आड़ में निरंतर नष्ट करने में लगे हुए हैं। सनातनवादी विकास, प्रकृति का शोषण नहीं, बल्कि उसके साथ सामंजस्य बिठाने पर जोर देता है। सनातन संस्कृति यह सिखाती है कि भौतिक विकास बुरा नहीं है, लेकिन उस विकास में ह्लसंयमह्व और ह्लनैतिकताह्व (धर्म) का होना अनिवार्य है। बिना धर्म के भौतिकवादी विकास विनाश का कारण बनता है। भौतिकवादी विकासः हम सभी के लिए यह गौरव का विषय है कि विगत कुछ सदियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव ने अभूतपूर्व प्रगति करते हुए विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं और उद्देश्य मात्र यह रहा कि कैसे मानव जीवन को सुविधाजनक एवं विलासिता पूर्ण बनाया जावे। किंतु विडम्बना यह रही कि इस लक्ष्य को अर्जित करने की चाह में हम आँखे मूँदे, विकास की इस अंधी दौड़ में शामिल हो बैठे। हमने दिन प्रतिदिन शोधित, नवीनतम तकनीक को तथाकथित विकास का एक सरल माध्यम बना डाला। लेकिन यह सब करते समय, उससे होने वाले प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग, पारिस्थितिक असंतुलन जैसे सम्भावित गम्भीर दुष्परिणामों को नजरंदाज किया। हमने प्रकृति द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य संसाधनों का बेतहाशा दोहन किया किंतु इस प्रक्रिया में अपनी जीवनदायिनी धरती माँ की पीड़ा को अनुभव करने का प्रयास नहीं किया। परिणामस्वरूप आज सम्पूर्ण विश्व प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, और मानव सभ्यता स्वयं को इनके समक्ष असहाय अनुभव कर रही है। संभवतः यही कारण है कि भौतिकवादी त्वरित विकास की इस निरंतर दौड़ में ह्लविकासह्व शब्द के साथ अनजाने में विनाश शब्द भी जुड़ता चला गया

## एसआईआर को हरी झंडी और बाहर हुए लोगों की मुश्किलें

जगदीश रत्तनानी

एक गहरे स्तर पर एसआईआर प्रक्रिया की यह अव्यवस्था भारतीय लोकतंत्र के कामकाज में मौजूद एक बड़ी समस्या की ओर भी इशारा करती है। यह समस्या उस विशाल और भव्य संवैधानिक ढांचे और उन कमियों के बीच का अंतर है जो तब सामने आती हैं जब इस ढांचे को एक ऐसे राष्ट्र में लागू किया जाता है जहां सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और अन्य कई तरह की ढांचागत असमानताएं मौजूद हैं। इतिहास ही तय करेगा कि चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन- एसआईआर) पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को किस नजर से देखा जाएगा। इसी एसआईआर की वजह से पश्चिम बंगाल और दूसरे राज्यों के चुनावों में बड़ी संख्या में मतदाताओं को बाहर कर दिया गया है। 27 मई को चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने जो $फैसला सुनाया वह आयोग के लिए एक बड़ी और निर्णायक जीत है। यह फैसला और भी कई राज्यों में जोर-शोर से एसआईआर प्रक्रिया चलाने का रास्ता खोलता है जिससे शायद वोटर लिस्ट से और भी लोगों को बाहर किया जाएगा। ऐसे में जिन लोगों पर इसका असर पड़ेगा, उन्हें अगर दोबारा लिस्ट में शामिल होने की गुजारिश करनी है तो उन्हें और भी दस्तावेज पेश करने और अपील दायर करने की एक जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। इसमें यह प्रक्रिया वोटर लिस्ट से निकाले गए लोगों पर बहुत ज्यादा बोझ डालती है- भले ही वे पहले लिस्ट में रहे हों और नागरिक भी हों। इस प्रक्रिया की मुश्किलों का एक अंदाजा वंचित समुदायों के लिए काम करने वाले एक ट्रस्ट सबार इंस्टीट्यूट के एक पब्लिकेशन से मिलता है। एसआईआर की वजह से वोट देने के अधिकार से वंचित लोगों के लिए इसकी 82 पन्नों की गाइड एसआईआर अपीलः ए सिटीजनङ्स हैंडबुक है। इस तरह यह एक ऐसा मामला बन जाता है जिसमें समाधान कागजों पर तो उपलब्ध है लेकिन असल में उसे पाना बहुत मुश्किल है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुश्किल को माना तो है लेकिन इसे सुलझाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। जजों ने लिखा- हम इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि इतने बड़े पैमाने पर की जाने वाली इस प्रक्रिया से लोगों को काफी परेशानी हो सकती है, खासकर उन लोगों को जिन्हें प्रक्रिया से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में दिक्कतें आ सकती हैं। हालांकि, समानुपातिकता के सिद्धांत (डॉक्टरिन ऑफ प्रपोर्शिनिलिटी) के अनुसार यह जरूरी नहीं है कि सारी परेशानियां पूरी तरह से खत्म कर दी जाएं बल्कि यह जरूरी है कि उचित सुरक्षा उपायों के जरिए ऐसी परेशानियों को कम किया जाए। समानुपातिकता का सिद्धांत भारतीय कानून में न्यायिक समीक्षा का एक सिद्धांत है जो यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी कार्रवाई या सजा, उस उद्देश्य की तुलना में अत्यधिक कठोर न हो जिसे वह प्राप्त करना चाहती है। यह मौलिक अधिकारों और प्रशासनिक कार्रवाई के बीच संतुलन बनाता है। इसका अर्थ यह है कि यदि सरकार किसी नागरिक के अधिकार पर प्रतिबंध लगाती है तो वह प्रतिबंध आवश्यक और तार्किक होना चाहिए, न कि मनमाना। हटाए गए नामों की संख्या से साफ देखा जा सकता है कि इस प्रक्रिया का व्यापक दायरा और चुनाव प्रणाली पर इसका जबरदस्त असर पड़ा है। चुनाव खत्म होने के काफी समय बाद भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त अपीलीय ट्रिब्यूनलों के पास पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के खिलाफ लगभग 25 लाख अपीलें लंबित हैं। अभी पिछले हफ्ते ही पश्चिम बंगाल कांग्रेस की एसआईआर समिति के प्रमुख प्रसेनजीत बोस ने बताया कि 14 मई तक ट्रिब्यूनलों ने 6,581 अपीलों का निपटारा किया और इनमें से 61प्रतिशत मतदाताओं (4043 अपीलें) के नाम वोटर लिस्ट में फिर से शामिल कर लिए गए- जिसका मतलब है कि वे वोट देने के योग्य थे लेकिन अप्रैल में हुए विधानसभा चुनावों में वोट नहीं डाल पाए क्योंकि उनके नाम गलती से वोटर लिस्ट से हटा दिए गए थे। अगर यही रुझान जारी रहता है, तो यह एसआईआर की वैधता और पश्चिम बंगाल में मिले जनादेश पर सवाल खड़े करता है- खासकर जब कई सीटों पर हटाए गए मतदाताओं की संख्या, जीत के अंतर से भी ज्यादा थी।

## मालवीय नगर अग्निकांड: मुआवजे से नहीं, जवाबदेही और सुधार से बचेगी ज़िंदगी

**आग की लपटों से बचने के लिए लोगों को ऊँची इमारत से कूदते हुए देखा गया। सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों में प्रसारित हुए दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए अत्यंत पीड़ादायक थे। यह केवल एक दुर्घटना नहीं थी; यह उस व्यवस्था की विफलता का भयावह प्रमाण थी जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। हर बड़ी दुर्घटना के बाद कुछ दिन तक शोक, संवेदना, जांच और मुआवजे की घोषणाएं होती हैं। फिर धीरे-धीरे मामला सार्वजनिक स्मृति से ओझल हो जाता है। लेकिन मालवीय नगर की यह त्रासदी केवल शोक व्यक्त करके भुला देने योग्य घटना नहीं है। यह उन गहरे संरचनात्मक दोषों की ओर संकेत करती है जो भारत के महानगरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ और अधिक खतरनाक रूप धारण कर चुके हैं। यह हादसा हमें मजबूर करता है कि हम पूछें–क्या हमारी इमारतें वास्तव में सुरक्षित हैं? क्या अग्नि सुरक्षा नियम केवल कागजों तक सीमित हैं? और क्या प्रशासन की भूमिका केवल दुर्घटना के बाद राहत बांटने तक सीमित रह गई है? किसी भी बहुमंजिला इमारत में आग लगने की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है–सुरक्षित निकास, अग्निशमन उपकरण और समय पर बचाव।**






डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में 3 जून 2026 को लगी भीषण आग ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस दर्दनाक हादसे में इक्कीस लोगों की मौत और अनेक लोगों के घायल होने की खबर ने न केवल राजधानी बल्कि पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। आग की लपटों से बचने के लिए लोगों को ऊँची इमारत से कूदते हुए देखा गया। सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों में प्रसारित हुए दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए अत्यंत पीड़ादायक थे। यह केवल एक दुर्घटना नहीं थी; यह उस व्यवस्था की विफलता का भयावह प्रमाण थी जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। हर बड़ी दुर्घटना के बाद कुछ दिन तक शोक, संवेदना, जांच और मुआवजे की घोषणाएं होती हैं। फिर धीरे-धीरे मामला सार्वजनिक स्मृति से ओझल हो जाता है। लेकिन मालवीय नगर की यह त्रासदी केवल शोक व्यक्त करके भुला देने योग्य घटना नहीं है। यह उन गहरे संरचनात्मक दोषों की ओर संकेत करती है जो भारत के महानगरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ और अधिक खतरनाक रूप धारण कर चुके हैं। यह हादसा हमें मजबूर करता है कि हम पूछें–क्या हमारी इमारतें वास्तव में सुरक्षित हैं? क्या अग्नि सुरक्षा नियम केवल कागजों तक सीमित हैं? और क्या प्रशासन की भूमिका केवल दुर्घटना के बाद राहत बांटने तक सीमित रह गई है? किसी भी बहुमंजिला इमारत में आग लगने की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है–सुरक्षित निकास, अग्निशमन उपकरण और समय पर बचाव। यदि किसी भवन में मौजूद लोगों को अपनी जान बचाने के लिए खिड़कियों और बालकनियों से छलांग लगानी पड़े, तो इसका अर्थ है कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी थी। आग केवल भवन को नहीं जलाती, वह सुरक्षा संबंधी दावों और प्रशासनिक तैयारियों की वास्तविकता भी उजागर कर देती है। मालवीय नगर की घटना में यही हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, होटल में कई विदेशी नागरिक भी ठहरे हुए थे। यह तथ्य इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। भारत की राजधानी दुनिया भर के पर्यटकों, व्यापारियों और निवेशकों का स्वागत करती है। ऐसे में यदि राजधानी में ही सुरक्षा मानकों की स्थिति इतनी कमजोर हो कि विदेशी नागरिक भी असुरक्षित महसूस करें, तो यह केवल स्थानीय प्रशासन की विफलता नहीं बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी प्रश्नचिह्न है। आधुनिक महानगर की पहचान केवल ऊँची इमारतों और चमकदार होटलों से नहीं होती, बल्कि वहाँ उपलब्ध सुरक्षा और आपदा प्रबंधन प्रणाली से होती है। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शोक व्यक्त किया तथा मृतकों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की। ऐसी संवेदनाएं आवश्यक हैं और संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों को सहायता मिलनी भी चाहिए। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि मुआवजा किसी खोए हुए जीवन को वापस नहीं ला सकता। आर्थिक सहायता दुख की तीव्रता को कम नहीं कर सकती। किसी परिवार का सदस्य, किसी बच्चे का पिता, किसी माता-पिता की संतान या किसी व्यक्ति का जीवनसाथी एक रकम से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। इसलिए वास्तविक प्रश्न मुआवजे का नहीं, बल्कि रोकथाम का है। दिल्ली पुलिस द्वारा होटल मालिक के विरुद्ध गैर-इरादतन हत्या से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया जाना यह संकेत देता है कि जांच एजेंसियां इस घटना को केवल दुर्घटना नहीं मान रही हैं। यदि सुरक्षा नियमों की अनदेखी हुई, अग्निशमन मानकों का पालन नहीं किया गया या भवन निर्माण में नियमों का उल्लंघन हुआ, तो यह केवल प्रशासनिक त्रुटि नहीं बल्कि आपराधिक लापरवाही है। ऐसे मामलों में जिम्मेदारी तय करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जवाबदेही के अभाव में नियम केवल औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। लेकिन दोष केवल भवन मालिक का नहीं हो सकता। हमें यह भी देखना होगा कि निरीक्षण करने वाले अधिकारी कहाँ थे? क्या अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र समय-समय पर नवीनीकृत किए गए थे? क्या किसी निरीक्षण में कमियां सामने आई थीं? यदि आई थीं तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? यदि नहीं आई थीं तो क्या निरीक्षण सही तरीके से हुए थे? इन प्रश्नों के उत्तर केवल इस मामले के लिए नहीं, बल्कि पूरे शहरी प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझने के लिए आवश्यक हैं। भारत के अधिकांश महानगर आज अव्यवस्थित शहरीकरण की समस्या से जूझ रहे हैं। संकरी गलियां, अवैध निर्माण, क्षमता से अधिक भीड़, पार्किंग की अव्यवस्था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी लगभग हर शहर में सामान्य दृश्य बन चुके हैं। जब तक सब कुछ सामान्य रहता है, तब तक इन कमियों पर ध्यान नहीं जाता। लेकिन जैसे ही कोई आपदा आती है, यही कमियां जानलेवा साबित होती हैं। मालवीय नगर की तंग गलियों में दमकल वाहनों के पहुंचने में आई कठिनाइयों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि शहरी योजना और आपदा प्रबंधन के बीच समन्वय का गंभीर अभाव है। दिल्ली अकेली नहीं है। मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और अन्य महानगर भी इसी तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अनेक इमारतें ऐसी हैं जहां अग्निशमन यंत्र या तो मौजूद नहीं हैं या वर्षों से उनकी जांच नहीं हुई। आपातकालीन निकास मार्ग अक्सर बंद रहते हैं। कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान अतिरिक्त लाभ कमाने के लिए सुरक्षा मानकों से समझौता कर लेते हैं। दुखद यह है कि कई बार प्रशासन भी इन उल्लंघनों के प्रति उदासीन बना रहता है।नहीं: अग्नि सुरक्षा केवल भवन निर्माण का तकनीकी विषय नहीं है; यह नागरिक जीवन की रक्षा का मूल आधार है। विकसित देशों में अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन गंभीर अपराध माना जाता है। वहां नियमित निरीक्षण, अनिवार्य मॉक ड्रिल और कठोर दंड व्यवस्था लागू होती है। भारत में भी नियम मौजूद हैं, लेकिन समस्या उनके प्रभावी क्रियान्वयन की है।

## सनातन संस्कृति की दृष्टि में प्रकृति, चेतना और मानव जीवन का संबंध

**सरकारें करोड़ों-अरबों रुपये खर्च कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का प्रयास कर रही हैं। किन्तु यदि हम भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से सनातन परंपरा की ओर दृष्टि डालें, तो स्पष्ट होता है कि जिन सिद्धांतों को आज आधुनिक विश्व खोज रहा है, उन्हें हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व ही समझ लिया था। सनातन संस्कृति ने प्रकृति को केवल संसाधन नहीं माना, बल्कि उसे चेतन सत्ता और देवत्व का स्वरूप प्रदान किया। यही कारण है कि यहाँ पृथ्वी माता है, नदियाँ मातृस्वरूप हैं, पर्वत देवता हैं, वृक्ष पूजनीय हैं और समस्त जीव-जगत ईश्वर की सृष्टि का अभिन्न अंग माना गया है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में वर्णित भूमि सूक्त मानव और प्रकृति के संबंध का अद्भुत दर्शन प्रस्तुत करता है। हजारों वर्ष पूर्व रचित इस सूक्त में पृथ्वी को माता और मानव को उसका पुत्र बताया गया है। माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः अर्थात पृथ्वी मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ। यह केवल एक धार्मिक वाक्य नहीं है, बल्कि पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का सर्वोच्च संदेश है।**






जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

विश्व पर्यावरण दिवस आज केवल एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन या औपचारिक कार्यक्रम भर नहीं रह गया है।यह मानव सभ्यता के अस्तित्व, प्रकृति के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा एक गंभीर विषय बन चुका है। संसार का प्रत्येक देश पर्यावरण संरक्षण के लिए नई-नई योजनाएँ बना रहा है। वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और जैव विविधता के विनाश पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। सरकारें करोड़ों-अरबों रुपये खर्च कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का प्रयास कर रही हैं। किन्तु यदि हम भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से सनातन परंपरा की ओर दृष्टि डालें, तो स्पष्ट होता है कि जिन सिद्धांतों को आज आधुनिक विश्व खोज रहा है, उन्हें हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व ही समझ लिया था। सनातन संस्कृति ने प्रकृति को केवल संसाधन नहीं माना, बल्कि उसे चेतन सत्ता और देवत्व का स्वरूप प्रदान किया। यही कारण है कि यहाँ पृथ्वी माता है, नदियाँ मातृस्वरूप हैं, पर्वत देवता हैं, वृक्ष पूजनीय हैं और समस्त जीव-जगत ईश्वर की सृष्टि का अभिन्न अंग माना गया है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में वर्णित भूमि सूक्त मानव और प्रकृति के संबंध का अद्भुत दर्शन प्रस्तुत करता है। हजारों वर्ष पूर्व रचित इस सूक्त में पृथ्वी को माता और मानव को उसका पुत्र बताया गया है। माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः अर्थात पृथ्वी मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ। यह केवल एक धार्मिक वाक्य नहीं है, बल्कि पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का सर्वोच्च संदेश है। जिस प्रकार कोई पुत्र अपनी माता का सम्मान करता है, उसकी रक्षा करता है और उसके प्रति कृतज्ञ रहता है, उसी प्रकार मानव को भी पृथ्वी के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। आज का आधुनिक समाज पृथ्वी को संसाधनों का भंडार मानकर उसका अंधाधुंध दोहन कर रहा है। परिणामस्वरूप प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। वहीं सनातन संस्कृति हमें सिखाती है कि प्रकृति का उपयोग करो, लेकिन उसका शोषण मत करो। दुनिया की अधिकांश सभ्यताओं ने प्रकृति को जीतने का प्रयास किया, जबकि भारत की सनातन संस्कृति ने प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का मार्ग चुना। यहाँ सूर्य देव हैं, चंद्र देव हैं, अग्नि देव हैं, वायु देव हैं, वरुण देव हैं। वृक्षों को देवताओं का निवास स्थान माना गया है। पीपल, बरगद, तुलसी, नीम आदि वृक्षों की पूजा केवल धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण की वैज्ञानिक व्यवस्था भी है। जब किसी वस्तु को देवत्व का स्थान दिया जाता है तो उसके प्रति सम्मान स्वतः उत्पन्न होता है। यही कारण था कि भारतीय समाज सदियों तक प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीता रहा। आज अधिकांश लोग पर्यावरण को केवल पेड़-पौधों, नदियों और वायु की स्वच्छता तक सीमित समझते हैं। जबकि भारतीय दर्शन में पर्यावरण का अर्थ कहीं अधिक व्यापक है। पर्यावरण केवल बाहरी वातावरण नहीं है, बल्कि मनुष्य का आंतरिक वातावरण भी है। यदि नदियाँ स्वच्छ हों लेकिन मनुष्य का मन प्रदूषित हो, तो समाज स्वस्थ नहीं बन सकता। यदि वृक्ष हरे-भरे हों लेकिन विचार हिंसा, द्वेष और स्वार्थ से भरे हों, तो मानवता का कल्याण संभव नहीं है। इसलिए भारतीय संस्कृति बाह्य और आंतरिक दोनों प्रकार की शुद्धता पर बल देती है। आज संसार में जितनी समस्याएँ दिखाई देती हैं, उनके मूल में मानव मन का प्रदूषण है। लालच ने जंगलों को काटा। स्वार्थ ने नदियों को प्रदूषित किया। अहंकार ने युद्ध पैदा किए। लोभ ने प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कराया। ईर्ष्या और द्वेष ने सामाजिक विषमता को जन्म दिया। यदि मनुष्य का मन शुद्ध होता, तो शायद पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग से अभियान चलाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। भगवान बुद्ध ने कहा था कि मन ही सभी कर्मों का मूल है। गीता भी मन को मानव जीवन का मित्र और शत्रु दोनों बताती है। जब मन शुद्ध होता है तो व्यवहार भी शुद्ध होता है। और जब व्यवहार शुद्ध होता है तो प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता स्वतः विकसित होती है। सनातन संस्कृति ने जीवन को चार महत्वपूर्ण आधारों पर स्थापित किया है। मनुष्य जैसा भोजन करता है, वैसा ही उसका मन बनता है। सात्विक भोजन केवल स्वास्थ्य ही नहीं देता, बल्कि मन को भी शांत और निर्मल बनाता है। जीवनशैली का पर्यावरण से सीधा संबंध है। अनावश्यक उपभोग, अपव्यय और विलासिता प्रकृति पर अतिरिक्त दबाव डालती है। संयमित जीवन पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी उपाय है। विचार ही कर्म का आधार हैं। सकारात्मक और लोककल्याणकारी विचार समाज को सही दिशा देते हैं। यदि हमारा व्यवहार प्रकृति, समाज और अन्य जीवों के प्रति संवेदनशील है, तो पर्यावरण संरक्षण स्वतः संभव हो जाता है। भारतीय संस्कृति का प्रत्येक पर्व और उत्सव प्रकृति से जुड़ा हुआ है। वट सावित्री में बरगद की पूजा। तुलसी विवाह में तुलसी का सम्मान। छठ पर्व में सूर्य और जल का पूजन। नाग पंचमी में सर्पों के संरक्षण का संदेश। गोवर्धन पूजा में पर्वत और गौवंश के प्रति कृतज्ञता। ये सभी परंपराएँ प्रकृति और मानव के बीच सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विकास की परिभाषा बदल गई। उत्पादन और उपभोग को प्रगति का मापदंड मान लिया गया। परिणामस्वरूप वनों की

## राहुल की भविष्यवाणी जल्द गिर जायेगी मोदी सरकार के मायने?

सौरभ वार्ष्णेय

भारतीय राजनीति में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब किसी बड़े नेता द्वारा सरकार के भविष्य को लेकर कोई बड़ी भविष्यवाणी की जाती है, तो वह राजनीतिक चर्चा का विषय बन जाती है। हाल ही में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व वर्तमान सांसद राहुल गांधी ने यह बयान दिया कि वर्तमान सरकार एक वर्ष के भीतर गिर सकती है। उनके इस कथन ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। राहुल गांधी का मोदी सरकार एक साल में गिर जाएगी वाला बयान मई 2026 में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की सलाहकार परिषद की बैठक में दिया गया था। बाद में उन्होंने इसी तरह की बात दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में आदिवासी नेताओं को संबोधित करते हुए भी दोहराई। रिपोर्टों के अनुसार राहुल गांधी ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था अंदर से कमजोर हो रही है और अगले एक वर्ष में बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि आर्थिक संकट और जनदबाव के कारण सरकार पर असर पड़ेगा। इस बयान के बाद भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और आरोप लगाया कि विपक्ष सरकार को अस्थिर करने की राजनीति कर रहा है। बयान का राजनीतिक संदर्भ राहुल गांधी का यह बयान ऐसे समय आया है जब विपक्ष सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश कर रहा है। महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, सामाजिक तनाव और विभिन्न राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता जैसे विषय लगातार विपक्ष के एजेंडे में बने हुए हैं। ऐसे माहौल में सरकार के गिरने की संभावना जताना विपक्षी रणनीति का हिस्सा भी माना जा सकता है। राजनीति में इस प्रकार के बयान अक्सर कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने और जनता के बीच यह संदेश देने के लिए दिए जाते हैं कि सत्ता पक्ष अजेय नहीं है। विपक्ष अपने समर्थकों को यह विश्वास दिलाने का प्रयास करता है कि राजनीतिक परिवर्तन संभव है। क्या वास्तव में सरकार पर खतरा है? किसी भी सरकार के गिरने की संभावना का आकलन केवल राजनीतिक भाषणों के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसके लिए संसद में संख्या बल, सहयोगी दलों का समर्थन, जनमत और राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण आवश्यक होता है।यदि सरकार के पास स्पष्ट बहुमत है और सहयोगी दल उसके साथ मजबूती से खड़े हैं, तो केवल विपक्षी दावों के आधार पर सरकार का गिरना आसान नहीं होता। भारतीय लोकतंत्र में सरकारें सदन के बहुमत से चलती हैं और उनका भविष्य भी उसी से तय होता है। हालांकि राजनीति संभावनाओं का खेल है। यदि किसी गठबंधन में आंतरिक मतभेद बढ़ जाएं, सहयोगी दल अलग हो जाएं या कोई बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो जाए, तो परिस्थितियां बदल सकती हैं। लेकिन ऐसी संभावनाओं को तत्काल वास्तविकता मान लेना उचित नहीं होगा। विपक्ष की रणनीति राहुल गांधी के बयान को विपक्ष की व्यापक राजनीतिक रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। विपक्ष लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहा है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है और उसके प्रति असंतोष बढ़ रहा है।ऐसे बयान विपक्षी एकता को मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने और आगामी चुनावों की तैयारी के लिए माहौल बनाने में सहायक होते हैं। यह विपक्ष की उस कोशिश का हिस्सा हो सकता है जिसमें वह खुद को एक मजबूत विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। सत्ता पक्ष की प्रतिक्रिया सत्ता पक्ष ऐसे बयानों को सामान्यतः राजनीतिक हताशा या विपक्ष की निराशा बताकर खारिज करता है। सरकार समर्थकों का तर्क होता है कि जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया है और सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। इसलिए विपक्ष के दावों को वे राजनीतिक बयानबाजी से अधिक महत्व नहीं देते। लोकतंत्र में ऐसे बयानों का महत्व लोकंत्र में विपक्ष का काम सरकार की आलोचना करना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है। इसी प्रकार सरकार का दायित्व अपने कामकाज और उपलब्धियों के आधार पर जनता का विश्वास बनाए रखना है। इसलिए सरकार के भविष्य को लेकर की जाने वाली भविष्यवाणियां लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा हैं। लेकिन जनता के लिए अधिक महत्वपूर्ण यह है कि राजनीतिक दल विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक प्रगति जैसे मुद्दों पर क्या दृष्टिकोण रखते हैं। केवल सरकार गिराने या बचाने की चर्चा से लोकतांत्रिक बहस अधूरी रह जाती है।

# भू-अर्जन में तेजी लाने को डीएम सख्त, विकास परियोजनाओं की प्रगति की हुई गहन समीक्षा

■ लंबित मुआवजा भुगतान शीघ्र पूरा करने का निर्देश, बाईपास एवं एनएचएआई परियोजनाओं पर विशेष फोकस

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सारण जिले में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने को लेकर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने शनिवार को समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। बैठक में भू-अर्जन, मुआवजा भुगतान तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में बाधा बने भू-अर्जन संबंधी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने पथ निर्माण विभाग की परियोजनाओं के अंतर्गत एकमा-डुमाईगढ़ पथ, एकमा-मशरख पथ तथा छपरा बाईपास से मेडिकल कॉलेज पथ के लिए चल रही भू-अर्जन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए लंबित नोटिसों को तत्काल निर्गत करने एवं पात्र रैयतों को शीघ्र मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में गड़खा बाईपास, परसा बाईपास एवं अमनौर बाईपास परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अंचल अधिकारियों, डीसीएलआर एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि रैयतों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज एवं वाउचर शीघ्र प्राप्त किए जाएं ताकि भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। उन्होंने प्रत्येक परियोजना के लिए विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में संबंधित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहकर मौके पर ही लंबित मामलों का समाधान सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। बाकरपुर-मानिकपुर पथ, शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड एवं रामजानकी पथ परियोजनाओं के लंबित मुआवजा भुगतान को शीघ्र पूरा करने तथा संरचनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। पुल निर्माण निगम की डबल डेकर सड़क परियोजना की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि नगरपालिका चौक से मौना चौक तक निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिलाधिकारी ने मानसून से पहले प्री-कास्ट नाला निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही मौना चौक से मेवालाल चौक तक अस्थायी नाला निर्माण एवं जलनिकासी हेतु पर्याप्त पंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बारिश के दौरान जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो। भवन निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं के त्वरित समाधान एवं सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर बल दिया। बैठक में अनुरक्षण अवधि वाली सड़कों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी इन सड़कों का भौतिक सत्यापन कर क्षतिग्रस्त सड़कों की सूची उपलब्ध कराएं, ताकि समय पर मरम्मत कार्य कराया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, एनएचएआई प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, अंचल अधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

## कल्याण योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

छपरा। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों, विद्यालयों एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत दर्ज मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। उन्होंने पीड़ितों को सहायता राशि की दूसरी किस्त भुगतान से संबंधित लंबित मामलों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने तथा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर कल्याण छात्रावासों में रिक्त सीटों को जल्द भरने पर जोर दिया गया, ताकि पात्र विद्यार्थियों को समय पर सुविधा मिल सके। वहीं डॉ. भीमराव अंबेडकर विद्यालय, गरखा की शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विद्यालय एवं छात्रावासों के नियमित भौतिक निरीक्षण तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। समीक्षा के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण से संबंधित आवासीय विद्यालय एवं छात्रावासों के लिए भूमि उपलब्ध कराने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को शीघ्र भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके। प्रखंड स्तर पर संचालित प्राक्-प्रशिक्षण केंद्रों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए आईएएस, बीएएस एवं अन्य सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों तथा सफल अभ्यर्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संस्कार और आध्यात्मिक शिक्षा से बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास : डॉ. प्रियंका भारती

■ बच्चे देश और समाज के भविष्य की आधारशिला: बीके अनामिका

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, छपरा द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से (06 से 08 जून) तीन दिवसीय संस्कार समर कैम्प के आयोजन में लगभग 40 बच्चों के साथ- साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैम्प की मुख्य अतिथि आई स्पेशलिस्ट डॉ. प्रियंका भारती ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों के लिए संस्कार, नैतिक मूल्य और आध्यात्मिक शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था बच्चों को शिक्षा के साथ- साथ जीवन जीने की सही कला और सकारात्मक सोच प्रदान करती है। उन्होंने सभी बच्चों को बेहतर अध्ययन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए संस्कार समर कैम्प के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को नैतिक, आध्यात्मिक और सकारात्मक जीवन मूल्यों का महत्वपूर्ण बताया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्रह्माकुमारी छपरा केंद्र की प्रभारी बीके अनामिका दीदी ने कहा कि बच्चे देश और समाज के भविष्य की आधारशिला हैं। उन्हें बचपन में जैसे संस्कार दिए जाएंगे, वैसा ही भविष्य में उसी प्रकार के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक सोच का विकास समय की आवश्यकता है। बीके अरविंद भाई ने सभी बच्चों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया, जिससे बच्चों ने मानसिक शांति और एकाग्रता का अनुभव किया। बीके प्रियांशु बहन ने बच्चों को वैल्यू गेम्स खिलाकर उनमें सहयोग, एकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया। वहीं बीके वीणा बहन ने आत्मा एवं उसके दिव्य गुणों के बारे में सरल एवं प्रेरणादायक जानकारी दी। कैम्प के दौरान बच्चों को विभिन्न वैल्यू गेम्स, मनोरंजक गतिविधियों तथा संस्कार आधारित शिक्षाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बीके प्रिस, बीके अर्जुन, बीके प्रिया सहित कई अन्य ब्रह्माकुमारी भाई- बहनों का भी सराहनीय सहयोग रहा।

# किसान सम्मेलन का किया गया आयोजन



■ जिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

दरियापुर। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के राम जयपाल उच्च विद्यालय खानपुर के परिसर में पायनियर बीज कंपनी ने अपनी कंपनी की स्थापना के सौ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में एक किसान सम्मेलन का आयोजन किया।जिसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष जयमित्रा देवी,प्रतिनिधि अमर राय,जिप सदस्य गुड्डू सिंह तथा गोलोक बिहारी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस मौके पर जिप अध्यक्ष ने किसानों को कृषि के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेती करने के दौरान फसलों के सही बीज का चयन ही सबसे महत्वपूर्ण होता है,क्योंकि इसी पर उपज निर्भर करता है।इसलिए खेती के लिए उपयुक्त समय एवं गुणवत्तापूर्ण बीज का चयन करे।जिससे आर्थिक मुनाफा होगा।वही जिप सदस्य गुड्डू सिंह ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है।ऐसे में सही खाद बीज का चयन कर युवा वर्ग भी खेती कर आत्मनिर्भर बन सकते है।कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा भी पायनियर के उच्च गुणवत्ता के बीजों के बारे में किसानों को बताया गया।इसके साथ ही लकी ड्रॉ के माध्यम से किसानों के बीच,छाता,स्प्रे मशीन,साइकिल आदि का वितरण भी किया गया।इस मौके पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष संजय सिंह,पूर्व पैक्स अध्यक्ष सह जिप सदस्य के अनुज अमृतेश सिंह,राजीव कुमार साहू,संजीत कुमार, अलबेला राय,राकेश मांझी, दिनेश सिंह,शैलेश सिंह,सुभाष पांडेय,उपेंद्र साह समेत कई अन्य मौजूद थे।

## पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 24 घंटे में 47 अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

छपरा। जिले में अपराध एवं अवैध शराब कारोबार के खिलाफ सारण पुलिस का अभियान लगातार जारी है. वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 47 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की.पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में 10 वारंटी,13 शराब कारोबारी, 9 शराब सेवन करने वाले, 10 हत्या के प्रयास के आरोपी,2 जुआ अधिनियम, 2 अपहरण तथा 1 खनन कांड के अभियुक्त शामिल हैं.सभी के विरुद्ध संबंधित थानों में कानूनी कार्रवाई की जा रही है.अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 330.04 लीटर अवैध शराब बरामद की गई.इसमें 65 लीटर देशी शराब एवं 265.04 लीटर विदेशी शराब शामिल है.इसके अलावा शराब तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में प्रयुक्त 4 मोटरसाइकिल,1 ई-रिक्शा और 2 ट्रैक्टर भी जब्त किए गए. पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक जिंदा गोली,तीन खोखा,तीन आधा कारतूस,ताश की गड्डी,तीन अपहृत युवतियों,एक अपहृत व्यक्ति तथा 270 रुपये नकद भी बरामद किए हैं.वहीं यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चलाए गए अभियान में 9 वाहनों से 12 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिघवारा मे करंट लगने से युवक की मौत

दिघवारा।थाना क्षेत्र के नया टोला बसतपुर गांव मे एक युवक का अपने ही घर मे विधुत प्रवाहित तार की चपेट मे आने से मौत हो गई।मृतक गुब्बा प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र मिंटू कुमार बताया जाता है।घटना के सम्बन्ध मे बताया जाता है की मिटू अपने घर मे पंखा चलाने के लिए शुक्रवार की देर रात कनेक्शन कर रहा था इसी बीच विधुत प्रवाहित तार की चपेट मे आ गया जिससे वह पूरी तरह से घायल हो गया।परिजनों नें उसे सी एच सी दिघवारा पहुंचाया जहां चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद पुरे परिवार मे कोहराम मच गया।

### जनता दरबार में तीन पुराने विवाद सुलझाए गए

इसुआपुर।स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में तीन पुराने मामलों का आपसी सहमति और सूझबूझ के साथ सुलझा लिया गया।दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान स्वीकार किया।पहला मामला परसा गांव के गोपाल राय और राजदेव राय के बीच चल रहे विवाद से जुड़ा था।वहीं दूसरा मामला डुमरी गांव निवासी संजय कुमार साह और राजेंद्र साह तथा तीसरा मामला नवादा गांव के सोनेलाल शर्मा और रौशन शर्मा के बीच लंबे समय से लंबित था।जनता दरबार में अधिकारियों की पहल पर दोनों मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा कराया गया।इस अवसर पर सीओ सतीश कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय तथा थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव व अन्य मौजूद थे।

### जून अंत तक पूरे होंगे सबलपुर के बाढ़ सुरक्षा कार्य : डीएम

छपरा।आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है।इसी कड़ी में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने शनिवार को सोनपुर प्रखंड के सबलपुर क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ निरोधक एवं तटबंध सुरक्षा कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को जून माह के अंत तक सभी कार्य हर हाल में पूर्ण कराने का सख्त निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने बताया कि सबलपुर क्षेत्र में कुल 12 संवेदनशील स्थलों पर बाढ़ सुरक्षा कार्य प्रस्तावित हैं, जिनमें फिलहाल 6 स्थलों पर कार्य जारी है।निरीक्षण के दौरान करीब 150 मजदूर कार्यरत पाए गए।इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए श्रमिकों एवं मशीनों की संख्या बढ़ाकर सभी 12 स्थलों पर एक साथ कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया, ताकि समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे किए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाढ़ सुरक्षा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।तटबंध के लगभग 1.8 किलोमीटर लंबे अत्यंत संवेदनशील हिस्से को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित करने का निर्देश देते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिन का कार्य लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्रतिदिन समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

# प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में युवा जागरण कार्यक्रम का आयोजन

■ नैतिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में छपरा स्थित शिल्पी चौक परिसर में एक भव्य युवा जागरण एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मार्गदर्शक एवं प्रेरक वक्ता मनीष कुमार ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होती है। यदि युवा अनुशासित, संस्कारवान और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हों तो देश और समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग करने, नशामुक्त जीवन अपनाने तथा शिक्षा के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को विकसित करने का आह्वान किया। साथ ही सोशल मीडिया की अति, मोबाइल की लत, ऑनलाइन गेम्स, अनावश्यक वीडियो देखने की प्रवृत्ति तथा अन्य नकारात्मक आदतों से दूर रहने की सलाह दी। लगभग 33 वर्षों से युवाओं को मार्गदर्शन दे रहे मनीष कुमार ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने, नकारात्मक विचारों से मुक्ति पाने और जीवन में सफलता प्राप्त करने के व्यावहारिक सूत्र भी बताए। उनके प्रेरणादायी विचारों को उपस्थित युवाओं ने बड़े ध्यानपूर्वक सुना और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अभियानों की जानकारी भी दी गई तथा युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को सही दिशा देने के लिए ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नैतिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्थानीय कार्यकताओं एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन निबंधन शुरू, 22 जून अंतिम तिथि

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशानुसार जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 के आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक जिले के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों से 22 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन निबंधन कराने की अपील की गई है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 24 जून 2026 को किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता बनने वाली टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 10 जुलाई से 14 जुलाई 2026 के बीच विभिन्न जिलों में किया जाएगा। इसके अंतर्गत अंडर-15 बालक वर्ग की प्रतियोगिता मुंगेर, अंडर-17 बालक वर्ग की प्रतियोगिता किशनगंज तथा अंडर-17 बालिका वर्ग की प्रतियोगिता समस्तीपुर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालयों कोपोर्टल पर स्वयं ऑनलाइन निबंधन कराना अनिवार्य होगा। बिना ऑनलाइन निबंधन के किसी भी टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रतियोगिता के लिए अंडर-15 बालक वर्ग के खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01 जनवरी 2012 के बाद तथा अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01 जनवरी 2010 के बाद की निर्धारित की गई है। सभी खिलाड़ियों का आयु सत्यापन मेडिकल टीम द्वारा किया जाएगा। निदेशानुसार टीम में शामिल सभी खिलाड़ी एक ही विद्यालय के होने चाहिए। ऑनलाइन निबंधन के बाद विद्यालयों को टीम सूची का प्रिंटआउट, खिलाड़ियों के जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं विद्यालय पहचान पत्र की छायाप्रति निर्धारित प्रारूप में संबंधित कार्यालय में जमा करनी होगी।

# बिहार में अब लघु खनिज वाहनों के लिए आईएसटीपी अनिवार्य

■ 10 जून 2026 से लागू होगी नई व्यवस्था, अवैध परिवहन पर लगेगी रोक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा राज्य में अन्य राज्यों से प्रवेश करने वाले लघु खनिज लदे वाहनों के लिए इंटर स्टेट ट्रांज़िट पास व्यवस्था लागू कर दी गई है। यह नई व्यवस्था दिनांक 10 जून 2026 से प्रभावी होगी। इसके तहत बिहार में बालू, पत्थर सहित अन्य लघु खनिज लेकर आने वाले सभी वाहनों के लिए आईएसटीपी अनिवार्य होगा।

खनन विभाग के अनुसार, परिवहन चालान में यदि खनिज की मात्रा वजन में अंकित है तो 60 प्रति मीट्रिक टन तथा आयतन में अंकित रहने पर 85 प्रति घनमीटर की दर निर्धारित की गई है। विभाग का मानना है कि इस नई व्यवस्था से राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी तथा अवैध खनिज परिवहन एवं एक ही चालान पर बार-बार ढुलाई जैसी अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा।

विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सभी संबंधित वाहन मालिकों को आईएसटीपी (https://istp.bihar.gov.in पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के बाद प्राप्त लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वाहन मालिक लॉगिन कर सकेंगे। निर्देश में कहा गया है कि अन्य राज्यों से निर्गत खनिज परिवहन चालान जारी होने के 6 घंटे के भीतर वाहन पर लदे खनिज की मात्रा के अनुरूप आईएसटीपी प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ट्रांज़िट पास हेतु भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा।

आईएसटीपी की वैधता संबंधित खनिज परिवहन चालान की वैधता के अनुरूप होगी। खनिज परिवहन के दौरान वाहन चालकों को आईएसटीपी के साथ-साथ अन्य राज्य से निर्गत वैध खनिज परिवहन चालान भी रखना अनिवार्य होगा। जांच के दौरान दोनों में से कोई भी दस्तावेज नहीं मिलने पर बिहार खनिज नियमावली 2019 यथा संशोधित 2026 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनिज परिवहन में जब्त वाहनों को जुमार्ना भुगतान के बाद ही मुक्त किया जाएगा। सारण के खनिज विकास पदाधिकारी ने सभी वाहन मालिकों एवं परिवहनकताओं से अपील की है कि विभाग द्वारा जारी नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें, ताकिआईएसटीपी पारदर्शी एवं वैध खनिज परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिल सके।

# डॉ. संजय मयूख को पुनः विधान परिषद उम्मीदवार बनाए जाने पर सारण में खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार विधान परिषद के चार उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही सारण भाजपा कार्यकताओं में उत्साह और खुशी का माहौल है। भाजपा ने एक बार फिर सारण के लोकप्रिय नेता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. संजय मयूख को विधान परिषद का उम्मीदवार घोषित कर जिले का मान-सम्मान बढ़ाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. संजय मयूख का पुनः उम्मीदवार बनाया जाना पूरे सारण के लिए गौरव एवं सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा कि डॉ. मयूख का जिले के कार्यकताओं एवं आम लोगों से पारिवारिक संबंध रहा है, जिसके कारण आज हर कार्यकर्ता स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा डॉ. संजय मयूख को पुनः उम्मीदवार बनाना सारण भाजपा कार्यकताओं के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डॉ. मयूख हमेशा कार्यकताओं के सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले नेता हैं और हर कार्यकर्ता से भाई जैसा व्यवहार करते हैं। वहीं भाजपा जिला प्रवक्ता प्रकाश रंजन निकु ने कहा कि यह केवल भाजपा ही नहीं बल्कि पूरे सारण जिले के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि जैसे ही भाजपा द्वारा डॉ. संजय मयूख के नाम की घोषणा हुई, वैसे ही जिले के कार्यकताओं एवं समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री निरंजन शर्मा, कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह, संस्कार कुमार, सनी प्रकाश, चंदू, सत्यानंद सिंह, मनोज सिंह, शांतनु कुमार, पूर्व अध्यक्ष रामदयाल शर्मा, अशोक सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह, रंजन यादव सहित जिले के सभी भाजपा कार्यकताओं ने खुशी का इजहार करते हुए डॉ. संजय मयूख को शुभकामनाएं दीं।

# टेलर की दुकान में लगी आग, नगदी समेत लाखों की क्षति

प्रात : किरण संवाददाता



भेल्दी। भेल्दी थाने के जलालपुर चौक स्थित एक सिलाई दुकान में शुक्रवार की रात बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लगने से नगदी समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। भेल्दी थाने के पटराही खुर्द गांव के मो.जमीर आलम ने बताया कि शुक्रवार की रात अपने टेलर की दुकान को बंद कर घर चले गए।रात्रि के करीब 11 बजे लोगों ने दुकान के अंदर से धुआं निकलते हुए देखा तो इसकी सूचना दी गई कि दुकान में भीषण आग लगी हुई है।सूचना मिलने के बाद वह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि टेलर की दुकान धू-धूकर जल रहा है और कुछ लोग आग को बुझाने में जुटे हुए हैं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फायर ब्रिगेड के कर्मियों के करीब दो घंटे के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।इस अग्निकांड में दुकानदार के करीब 20 हजार रुपए, कई सिलाई मशीनें, ग्राहक के सिलाई किए गए कपड़े, कई थान नए कपड़े आग की भेंट चढ़ गए।

# स्वच्छ गांव,स्वच्छ जलवायु, कार्यक्रम के तहत सांसद ने किया पौधारोपण

प्रात : किरण संवाददाता



बनियापुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने पौधा रोपण करते स्वच्छ गांव, स्वच्छ जलवायु कार्यक्रम अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम विषय आधारित फलदार, छायादार वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया है। प्रखंड कार्यालय परिसर में माननीय सांसद, महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा पांच फलदार, छायादार पौधा लगाया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रखंड कर्मियों, अधिकारियों, उपस्थित ग्राम वासी, सम्मानित जन प्रतिनिधियों से भी अपने घर के पास वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया है। रमेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बनियापुर के द्वारा बताया गया कि पेड़ पौधे ही पर्यावरण के सच्चे साथी है। पेड़ पौधे धरती को मजबूती से पकड़ कर रखते है, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखते है, बादलों को अपनी ओर आकृष्ट करते है, फलस्वरूप बारिश होती है। पेड़ पौधे लगाओ, धरती बचाओ। पेड़ पौधे ही है, असली पर्यावरण के साथी। इस अवसर पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कार्यरत कर्मी, प्रखंड समन्वयक एल एस बी ए मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी बी पी आर ओ, सभी पदाधिकारी उपस्थित होकर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए ।वही इस संकल्प को दोहराया कि अपने स्तर से अपने आस पास में स्वच्छता कार्यक्रम ,वृक्षारोपण को प्राथमिकता के साथ लागू करना सुनिश्चित करेंगे।

# खतरे में 'इंसानी भगवान': असुरक्षा के माहौल में सहमे डॉक्टर, चिकित्सा सेवा पर बढ़ रही चिंता

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। चिकित्सकों को यूं ही धरती का दूसरा भगवान नहीं कहा जाता। सीमित संसाधनों और तमाम चुनौतियों के बावजूद डॉक्टर दिन-रात मरीजों की जान बचाने में जुटे रहते हैं। लेकिन हाल के दिनों में डॉक्टरों के खिलाफ बढ़ती हिंसा, कानूनी कार्रवाई और सामाजिक अविश्वास ने चिकित्सा जगत को चिंता में डाल दिया है। चिकित्सकों का कहना है कि अब वे भी खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं और कई बार जोखिम भरे मरीजों का इलाज करने से पहले भी डरने लगे हैं। छपरा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं संजीवनी नर्सिंग होम एंड मैटरनिटी सेंटर के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार ने इस मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुजफ्फरपुर के प्रसाद हॉस्पिटल में आईसीयू में आग लगने से हुई मौतों के मामले में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक की तुरंत गिरफ्तारी ने चिकित्सा समुदाय को चिंता में डाल दिया है। ऐसी घटनाएं डॉक्टरों के मनोबल को प्रभावित कर रही हैं और उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर रही हैं कि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में सबसे पहले जिम्मेदार उन्हीं को ठहरा दिया जाता है।

# बिजली टावर पर महिला चढ़ी, पुलिस सुरक्षित टावर से उतरा, प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता



बनियापुर। थाना क्षेत्र के बनियापुर डाढीबाढ़ी गांव में एक महिला हाई वोल्टेज विद्युत बिजली टावर पर महिला चढ़ गई ,जिसके बाद उसको उतारने,देखने के लिए देखते देखते हजारों की संख्याब में भीड़ जुट गई,जिसके बाद चौकीदार श्री भगवान राय की सूचना पर थानाध्यक्ष पिंटू कुमार अंचलाधिकारी दिना नाथ कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर महिला को काफी समझा बुझाकर सुरक्षित नीचे उतरा और थाना लाया गया। चूंकि ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त महिला द्वारा चेतावनी बोर्ड को नुकसान पहुंचाते,बिजली व्यवस्था भंग करने,शांति व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से जान बूझकर टावर पर चढ़ गई,जो संज्ञेय अप्रभावी। महिला जलालपुर थाना के मंगोलपुर निवासी श्री कृष्ण भगवान 37 वर्षीय रीनादेवी पति सुरेन्द्र महतो बताई गई है।मामले में चौकीदार श्रीभगवान राय के बयान पर प्राथमिकी के बाद आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिघवारा में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

दिघवारा। थाना क्षेत्र के बरुआ पंचायत के मिल्की गांव में एक नवविवाहिता ने पारिवारिक कलह से तंग आकर घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतका की पहचान राजा ठाकुर की 28 वर्षीय पत्नी खुशबू देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक कलह का प्रतीत होता है, हालांकि अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय मोतिहारी द्वारा मेगा कृषि ऋण जनसंपर्क शिविर का किया गया आयोजन

मोतिहारी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय मोतिहारी द्वारा कृषि ऋण जनसंपर्क शिविर का आयोजन समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार ने अपनी सहभागिता दर्ज की।इस आयोजन में जिले भर के अनेक जीविका समूह के सदस्यों तथा किसान भाइयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख श्री विवेक कुमार पाण्डेय एवं अग्रणी जिला प्रबंधक श्री राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। क्षेत्रीय प्रमुख महोदय ने बताया कि केंद्रीय कार्यालय के निदेशानुसार पूरे भारतवर्ष में सेंट्रल बैंक द्वारा आज दिनांक 06.06.2026 को मेगा कृषि ऋण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा अपने संबोधन में सेंट्रल बैंक के इस तरह के आयोजन की काफी सराहना की गई। उनके द्वारा जिले में कृषि विकास में सेंट्रल बैंक के शाखाओं के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों का प्रशंसा किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि जिले का अग्रणी बैंक होने के नाते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपने शाखाओं के माध्यम से जिले के विकास में अहम भूमिका निभाते आ रहा है और इस तरह के आयोजन के माध्यम से आगे भी जिले वासियों को वित्त पोषित करता रहेगा। उन्होंने जिविका दिदीयों को सलाह दी कि वे इन ऋण राशि से अपना नया उद्यम स्थापित कर समाज में आत्मनिर्भर होने के लिए मिशाल कायम करें। इस आयोजन में बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बैंक में संचालित विभिन्न कृषि ऋण योजना के बारे में ग्राहकों को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा 2026 जीविका समूह के सदस्यों को 51 करोड़ का ऋण वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला स्तरीय जिविका के अधिकारी गण की सहभागिता काफी सराहनीय रही। ऋण शिविर आयोजन का संचालन जिला जिविका कार्यालय के अधिकारी श्री राजु कुमार ने की। इस कार्यक्रम में जीविका समूह के सदस्यों द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किया गया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री अभिनव आनंद तथा श्री सत्येंद्र कुमार पाण्डेय ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री राजेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा आए हुए सभी गणमान्य का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### एनएच के किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई करें : जिलाधिकारी

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला हाइवे सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में पूर्वी चंपारण जिला से संबंधित एनएच के सभी डिविजन के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित परिवहन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला अंतर्गत गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग परअतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग के विषय पर समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय उच्च पथ डिवीजन के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बताया गया कि अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण वाले स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया, चिन्हित स्थलों की थानावर सूची बना ली जाए एवं स्थानीय थाना के सहयोग से सभी को नोटिस करते हुए यथाशीघ्र एनएच को अतिक्रमण मुक्त किया जाए, ताकि परिवहन सुगम हो सके एवं दुर्घटना की संभावना नहीं रहे। जिलाधिकारी के द्वारा इसके लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

# परमानंद नगर पीरो परिसर में प्रस्तावित नए डिग्री महाविद्यालय की तैयारियों का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जिला पदाधिकारी, भोजपुर, श्री तनय सुलतानिया ने परमानंद नगर पीरो स्थित त्रिडंडी स्वामी डिग्री कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर राज्य सरकार के ह्यसात निश्चय-3ह्व कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित नए डिग्री महाविद्यालय की स्थापना हेतु चल रही तैयारियों एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसी के साथ परिसर का अवलोकन करते हुए सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रत्येक प्रखंड में एक डिग्री महाविद्यालय स्थापित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि सरकार के निदेशानुसार इन प्रस्तावित महाविद्यालयों में 01 जुलाई 2026 से शैक्षणिक गतिविधियों एवं कक्षाओं का संचालन प्रारंभ करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इन महाविद्यालयों के संचालन से स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध होंगे। निरीक्षण के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, पीरो, विशेष कार्य पदाधिकारी भोजपुर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीरो, अंचलाधिकारी, पीरो सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पुल निर्माण शुरू होते ही भू-धारकों का विरोध, सांसदों ने सुनी समस्याएं

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया (सारण)। प्रखंड के चंचलिया दियारा क्षेत्र में गंडक नदी पर निमार्णाधीन तीन लेन पुल सह सड़क परियोजना का कार्य शुरू होते ही स्थानीय भू-धारकों में आक्रोश फैल गया है। प्रभावित लोगों ने निर्माण कार्य में बाधा डालने का प्रयास करते हुए आरोप लगाया कि उनकी सहमति तथा जमीन की विधिवत मापी के बिना ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही, स्थानीय प्रशासन द्वारा उनकी जमीन को टोपो लैंड बताकर बिना मुआवजा दिए अधिग्रहित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। भू-धारकों की शिकायत की सूचना मिलने पर शनिवार दोपहर महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, छपरा सांसद राजीव प्रताप रूडी तथा मढ़ौरा एसडीओ निधि राज चंचलिया दियारा पहुंचे। यहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं भू-धारकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। बैठक के दौरान भू-धारकों ने आरोप लगाया कि तरैया अंचल कार्यालय एवं सीओ द्वारा चंचलिया दियारा की जमीन को टोपो लैंड बताकर मामला जटिल बना दिया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि वे वर्षों से उक्त भूमि की मालगुजारी रसीद कटवा रहे हैं, सरकार को लगान दे रहे हैं तथा भूमि की खरीद-बिक्री और नामांतरण भी नियमित रूप से हो रहा है। ऐसे में यदि जमीन टोपो लैंड है तो उसकी रसीद कैसे जारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, पुल एवं एप्रोच सड़क निर्माण में लगभग 62 भू-धारकों की जमीन प्रभावित हो रही है। इनमें से 40 रैयतों ने अपने भूमि संबंधी दस्तावेज अंचल कार्यालय में जमा करने का दावा किया है, जबकि अंचल प्रशासन द्वारा केवल 20 लोगों के दस्तावेज जमा होने की बात कही जा रही है। समस्याओं से अवगत होने के बाद सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर गांव में विशेष शिविर लगाने का सुझाव दिया, ताकि सभी प्रभावित लोग आसानी से अपने दस्तावेज जमा कर सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिलाधिकारी एवं एसडीओ के साथ बैठक कर मुआवजा प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा तथा इसके लिए एक तिथि भी निर्धारित की गई है। वहीं सांसद राजीव प्रताप रूडी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रभावित लोगों के आवेदन स्वीकार किए जाएं। उन्होंने कहा कि आवेदन और भूमि संबंधी दस्तावेजों की जांच कर फाइल तैयार की जाए तथा उसे वरीय अधिकारियों को भेजा जाए, ताकि मुआवजा प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ हो सके।

# सहार में बंद पड़ा समेकित बाल विकास सेवा परियोजना कार्यालय




प्रात : किरण संवाददाता

सहार (भोजपुर)। सहार प्रखंड स्थित समेकित बाल विकास सेवा परियोजना (आईसीडीएस) कार्यालय शनिवार को दोपहर से बंद मिला। कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लटका हुआ था, जबकि कार्यालय समय में आम लोगों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लिए यहां पहुंचना पड़ता है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चंदना माधव से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है और वे मामले की जानकारी प्राप्त कर रही हैं।कार्यालय के बंद रहने से आंगनबाड़ी सेवाओं एवं अन्य विभागीय कार्यों के लिए आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि यदि किसी कारणवश कार्यालय बंद था तो इसकी पूर्व सूचना सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जानी चाहिए थी, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो।अब देखना यह होगा कि विभाग इस मामले में क्या स्पष्टीकरण देता है और कार्यालय बंद रहने के कारणों का खुलासा कब तक किया जाता है।

# विश्वविद्यालय में 60% तक शिक्षकों के पद रिक्त अतिथि प्राध्यापकों के भरोसे चल रही उच्च शिक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता आवश्यक मानी जाती है, लेकिन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा में शिक्षकों के बड़े पैमाने पर रिक्त पद शिक्षा व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौती बने हुए हैं। विश्वविद्यालय से जुड़े महाविद्यालयों और विभागों में कई विषयों में शिक्षकों की भारी कमी है, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। विश्वविद्यालय के19 अंगीभूत महाविद्यालयों में स्वीकृत शिक्षकों के 979 पदों में से बड़ी संख्या में पद खाली हैं। वर्तमान में स्थायी शिक्षकों की संख्या521 है,जबकि लगभग 197 अतिथि प्राध्यापक विभिन्न विभागों में शिक्षण कार्य संभाल रहे हैं। स्नातक और स्नातकोत्तर विभाग मैं अतिथि प्राध्यापक कार्यरत हैं।विश्वविद्यालय के कई विभाग अतिथि शिक्षकों और अस्थायी व्यवस्थाओं के सहारे संचालित हो रहे हैं। सबसे अधिक रिक्तियां हिंदी, वनस्पति विज्ञान और जंतु विज्ञान विभाग में हैं, जहां 22-22 पद खाली हैं। वहीं अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, गणित और वाणिज्य जैसे प्रमुख विषयों में 17-17 पद रिक्त बताए जा रहे हैं। शिक्षकों की कमी के कारण नियमित कक्षाओं के संचालन, शोध कार्यों, प्रयोगशाला गतिविधियों तथा नए पाठ्यक्रमों के क्रियान्वयन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बहुविषयक शिक्षा, कौशल आधारित पाठ्यक्रम और अनुसंधान को बढ़ावा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि पर्याप्त शिक्षकों के अभाव में इन उद्देश्यों को धरातल पर उतारना कठिन साबित हो रहा है। विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन शिक्षक-छात्र अनुपात संतोषजनक नहीं है। इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में बाधाएं आ रही हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार और संबंधित आयोगों के माध्यम से होती है। लंबे समय से नियमित नियुक्तियां नहीं होने के कारण रिक्त पदों की संख्या बढ़ती गई है। दूसरी ओर छात्र संगठनों ने भी सरकार से शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। उच्च शिक्षा विशेषज्ञ एवं बिहार राज्य अतिथि प्राध्यापक संघ के संयोजक सदस्य डॉ. आदित्य कुमार आनन्द का कहना है कि आज विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को पटरी पर लाने में अतिथि प्राध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने मांग की कि अनुभवी अतिथि शिक्षकों का सेवा समायोजन कर उन्हें नियमित किया जाए। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत 15 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए हैं, जहां लगभग 480 शिक्षकों की आवश्यकता होगी। ऐसे में रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति और अनुभवी शिक्षकों के समायोजन से ही शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार संभव हो सकेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर साक्षी कुमारी सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और गंगा स्वच्छता अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए महाराजा कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेवक साक्षी कुमारी को जिला प्रशासन, जिला गंगा समिति तथा जिला स्तरीय जलवायु परिवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा सम्मानित किया गया। शहर के करमन टोला निवासी राजेश कुमार की पुत्री साक्षी कुमारी को समाहरणालय सभागार में आयोजित समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में भोजपुर के उप विकास आयुक्त ने उन्हें सम्मानित कर प्रशस्ति प्रदान की। साक्षी कुमारी पिछले कई वर्षों से एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा, पर्यावरण जागरूकता और गंगा स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को भी उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रभावी जनजागरूकता अभियान चलाया था, जिसकी सराहना करते हुए जिला प्रशासन ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं की ऐसी प्रतिबद्धता समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। साक्षी जैसे युवा न केवल जागरूकता फैला रहे हैं, बल्कि लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद साक्षी कुमारी ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है। परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल है।

# सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक समान नामांकन कोटा लागू करने की तैयारी

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर नामांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में सभी विश्वविद्यालयों में एक समान नामांकन कोटा लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के लागू होने पर विभिन्न विश्वविद्यालयों में अलग-अलग प्रकार के विशेष कोटों की व्यवस्था समाप्त हो सकती है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा में भी इस प्रस्ताव को लेकर चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से होने वाले नामांकन में एकरूपता लाने की कवायद चल रही है। वर्तमान में विभिन्न विश्वविद्यालयों में एनसीसी, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा अन्य विशेष श्रेणियों के लिए अलग-अलग कोटा निर्धारित है, जिससे नामांकन प्रक्रिया में भिन्नता देखने को मिलती है। प्रस्ताव के अनुसार सभी विश्वविद्यालयों में एक समान कोटा व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि छात्रों को समान अवसर मिल सके। इसके साथ ही कुलपति कोटे को समाप्त करने पर भी विचार किया जा रहा है। इससे नामांकन प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनेगी तथा सीटों के आवंटन में समानता आएगी। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि अभी इस संबंध में अंतिम अधिसूचना जारी नहीं हुई है। विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न बैठकों में प्रस्ताव के बिंदुओं पर चर्चा की जा रही है। अधिसूचना जारी होने के बाद ही नए नियमों को लागू किया जाएगा। गौरतलब है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हर वर्ष नामांकन लेते हैं। ऐसे में एक समान कोटा व्यवस्था लागू होने से प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि यदि यह प्रस्ताव लागू होता है तो बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में नामांकन नियमों की एकरूपता स्थापित होगी और छात्रों को किसी प्रकार की असमानता का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब छात्रों और कॉलेज प्रशासन की निगाहें सरकार द्वारा जारी की जाने वाली आधिकारिक अधिसूचना पर टिकी हैं, जिसके बाद नई व्यवस्था की स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी।

# रोहतास के डिहरी में वीरता दिवस की भव्य तैयारी,1857 के नायक बाबू निशांन सिंह को दी जाएगी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता




रोहतास जिले के डिहरी प्रखंड अंतर्गत जक्की बिगहा स्थित इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में 7 जून 2026 को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू निशान सिंह का वीरगति दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसको लेकर कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था के द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में संस्था की ओर से आज एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा,उद्देश्य और तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि सभा नहीं बल्कि एक ऐतिहासिक चेतना का प्रतीक होगा। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। पंकज सिंह ने कहा कि बाबू निशान सिंह जी का बलिदान देश की आजादी की लड़ाई में अमिट योगदान है। इस वीरगति दिवस पर रोहतास ही नहीं बल्कि कैमूर, भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद सहित पूरे बिहार से लोग शामिल होंगे। हमारा उद्देश्य युवाओं को उनके इतिहास और बलिदान से अवगत कराना है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन में बिहार सरकार के कई मंत्री,एमएलसी, विधायक और पूर्व सांसदों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था के सचिव राजन राज ने बताया कि कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था का उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन,संघर्ष और बलिदान को समझे। बाबू निशान सिंह जैसे महानायकों की विचारधारा को समाज तक पहुँचाना ही इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य है। इस भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय स्तर पर उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि यह कार्यक्रम रोहतास जिले में ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन के रूप में दर्ज होगा जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संदेश भी देगा। मौके पर कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिंह उर्फ.गोपाल जी, युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबुज सिंह, पूर्व अध्यक्ष सीमल सिंह, रवि सिंह संतोष सिंह, विशाल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भोजपुर में बारिश से मौसम हुआ सुहाना

## धान की नर्सरी के लिए वरदान बनीं बूंदें आम-जामुन में घुलेगी कुदरती मिठास



चरपोखरी।भीषण गर्मी, तपती धूप और उमस से बेहाल भोजपुर जिले के लोगों के लिए शनिवार का दिन राहत लेकर आया।जिले के चरपोखरी प्रखंड सहित आसपास के तमाम इलाकों में हुई झमाझम बारिश ने न सिर्फ मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है, बल्कि यह बारिश स्थानीय किसानों और बागवानी करने वालों के लिए भी बेहद सुखद साबित हो रही है।पिछले कई दिनों से आसमान में टकटकी लगाए बैठे अन्नदाताओं के चेहरे इस मानसूनी फुहार से खिल उठे हैं।कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय हुई यह बारिश खेतों में नई जान फूंकने के साथ-साथ फलों का स्वाद बदलने में भी बेहद असरदार साबित होगी। आम और जामुन में घुलेगी कुदरती मिठास, बढ़ेगा रसीलापन इस बारिश का सबसे बड़ा और सीधा फायदा फलों के राजा कहे जाने वाले आम और इस मौसम के प्रमुख फल जामुन को मिलने जा रहा है। चरपोखरी के कृषि सलाहकार रंजीत कुमार के अनुसार तेज धूप के बाद जब बारिश की बूंदें आम के पेड़ों पर पड़ती हैं, तो फलों के भीतर रासायनिक बदलाव होते हैं और काबोर्हाइड्रेट की मात्रा संतुलित हो जाती है। इससे आमों के पकने की प्रक्रिया प्राकृतिक रूप से तेज होती है और उनमें एक खास कुदरती मिठास आ जाती है।इसके साथ ही जिले के बागानों में इस समय जामुन के पेड़ भी फलों से लदे हुए हैं। बारिश के पानी से जामुन का कसैलापन दूर होगा और फलों का आकार बढ़ने के साथ-साथ वे अधिक रसीले और मीठे हो जाएंगे। वहीं आने वाले दिनों में बाजार में आने वाली अमरूद की शुरूआती फसल की गुणवत्ता और चमक भी इस बारिश से सुधरेगी। धान के बिचड़े के लिए वरदान साबित होगी यह बारिश यह बारिश भोजपुर के कृषि क्षेत्र के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। खरीफ सीजन की शुरूआत के इस समय में किसान खेतों में नमी की कमी के कारण बेहद चिंतित थे और उन्हें धान की बिचड़ा तैयार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शुक्रवार को हुई इस राहत की बारिश से खेतों की मिट्टी को जरूरी नमी मिल गई है, जिससे अब किसानों के लिए धान का बिचड़ा डालना काफी आसान हो जाएगा। मिट्टी में सही नमी होने के कारण बिचड़े का अंकुरण बेहतर तरीके से होता है और पौधों की जड़ें मजबूत बनती हैं। इसके अलावा, जिन किसानों ने पहले ही बिचड़ा डाल दिया था। उनके पौधों को भी इस पानी से नया जीवन मिला है। जिससे कृत्रिम सिंचाई पर उनकी निर्भरता और लागत दोनों कम होगी।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, आरपीएफ की कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। पटना गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की घटना में आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 31 मई 2025 की रात लगभग 10:40 बजे आरा रेलवे स्टेशन से पूर्व स्थित श्री टोला नहर पुल के समीप हुई थी, जब गाड़ी संख्या 22346 पटना गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस के इंजन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर फेंक दिया था। पत्थर लगने से इंजन का अग्रिम शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था। इस घटना से रेल परिचालन के साथ-साथ यात्रियों और रेल कर्मचारियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। घटना के बाद प्राप्त शिकायत के आधार पर आरपीएफ पोस्ट आरा में रेल अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरपीएफ आरा के निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल तथा ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान फुटेज में एक व्यक्ति को इंजन की ओर पत्थर फेंकते हुए स्पष्ट रूप से देखा गया। इसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और फुटेज में दिख रहे व्यक्ति के हुलिये एवं पहनावे के आधार पर उसकी पहचान की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ ने गावस्कर पासवान, निवासी बहिरो, थाना नवादा, जिला भोजपुर को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के समय वह वही टी-शर्ट पहने हुए मिला, जो घटना के दिन सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही थी। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने ही ट्रेन के इंजन पर पत्थर फेंका था। साक्ष्यों और स्वीकारोक्ति के आधार पर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। आरपीएफ ने लोगों से अपील की है कि रेलवे संपत्ति और चलती ट्रेनों पर पत्थरबाजी न करें, क्योंकि यह गंभीर और दंडनीय अपराध है तथा इससे यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है।

# बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ 9 जून को राजद का धरना-प्रदर्शन

राष्ट्रीय जनता दल राजद की ओर से आगामी 9 जून, मंगलवार को जगदीशपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। बहुत हुआ अत्याचार, अब नहीं सहेंगे भ्रष्टाचारह्ल के नारे के साथ राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हल्ला बोला जाएगा। आयोजक और इंडिया गठबंधन समर्थित पूर्व प्रत्याशी किशोर कुणाल ने बताया कि यह आंदोलन आम जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। राजद इस धरने के माध्यम से सरकार से जनहित के सवालों पर जवाबदेही की मांग करेगी। पार्टी की ओर से क्षेत्र के सभी कार्यकताओं, समर्थकों और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे भारी संख्या में इस प्रदर्शन में शामिल हों और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। ह्यजनता की ताकत, बदलाव की शुरूआतह्ल का संकल्प लेते हुए आयोजकों ने इसे एक निर्णायक आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। किशोर कुणाल ने जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्टी कार्यकताओं, समर्थकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम जगदीशपुर प्रखंड कार्यालय पर पहुंचें और अपनी एकता का प्रदर्शन करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि ह्लजनता की ताकत ही बदलाव की शुरूआत हैह्व। कार्यकताओं को निर्देश दिया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आंदोलन में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाएं।

# सड़क पर लौटे फुटपाथी दुकानदार सासाराम में जाम की समस्या, फिर गहराई

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास जिले के सासाराम में फुटपाथी दुकानदारों को व्यवस्थित करने के लिए बनाया गया वेंडर जोन फिलहाल उद्देश्य में सफल होता नहीं दिख रहा है। सैकड़ों की संख्या में सब्जी, फल एवं अन्य सामान बेचने वाले फुटपाथी दुकानदार एक बार फिर मुख्य सड़कों पर कब्जा जमाकर बैठ गए हैं। जिससे शहर में जाम की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। प्रशासन द्वारा कुछ समय पहले एसडीएम डॉ.नेहा कुमारी के नेतृत्व में पोस्ट ऑफिस चौराहा क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था जिससे लोगों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक टिक नहीं सकी और स्थिति धीरे-धीरे फिर पहले जैसी हो गई। पुरानी बस पड़ाव क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से वेंडर जोन विकसित किया गया था। ताकि फुटपाथी दुकानदारों को वहां शिफ्ट कर व्यवस्थित व्यापार कराया जा सके। शुरूआत में कुछ दुकानदार वहां गए भी लेकिन बाद में ग्राहकों की कमी और असुविधा का हवाला देते हुए अधिकांश दुकानदार वापस सड़क किनारे लौट आए। दुकानदारों का कहना है कि वेंडर जोन शहर के मुख्य बाजार से दूर और एक किनारे स्थित है जहां ग्राहकों की आवाजाही कम होने के कारण बिक्री प्रभावित होती है। इसी वजह से उन्हें मजबूरी में फिर से सड़क किनारे दुकान लगाने को विवश होना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या से आम जनता रोज परेशान हो रही है लेकिन प्रशासनिक सख्ती के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।

# पर्यावरण दिवस पर पीजी गणित विभाग द्वारा पौधरोपण

आरा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पीजी गणित विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. विजय सिंह के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विजय सिंह ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।इस अवसर पर शोधार्थी सदाशंकर राय, अतुल, सोनू मिश्रा, विनोद, प्रवीण, विक्रांत, ब्यूटी, प्रीति प्रिया, अनामिका राज तथा छात्र बम-बम चौबे और राजेश यादव सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कार में मार टक्कर, दो गंभीर

औरंगाबाद। औरंगाबाद में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में शाही समारोह में शामिल होने जा रहे छह लोग घायल हो गए। 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना एनएच -139 पर ओबरा थाना क्षेत्र की है। घायलों में मदनपुर के इस्लामपुर निवासी मो. मुख्तार अंसारी (45), मो. अली (14), मो. आलमगीर, मो. पप्पू, मो. सोहेल और मो. राजू के तौर पर हुई है। सभी कार से गांव के ही मो. मुजाहिद अंसारी की शादी में शामिल होने के लिए गोरखपुर जा रहे थे। इस दौरान हादसे के शिकार हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इलाज के लिए ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मो. मुख्तार अंसारी, मो. अली, मो. आलमगीर और मो. पप्पू सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मो. पप्पू और मो. आलमगीर की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल सभी लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की पहचान और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### बिवि. के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद हिदायतुल्लाह खान की जयंती मनी

गया जी।बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद हिदायतुल्लाह खान की जयंती जिला कार्यालय राजेन्द्र आश्रम मे किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष युगल किशोर सिंह की अध्यक्षता मे जयंती मनाई गयी, सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर मलायार्पण एवं पुष्पांजलि किया गया,प्रमुख हिदायतुल्ला खान कांग्रेसी नेता और बैरिस्टर थे।उनका संक्षिप्त राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन इस प्रकार है राजनीतिक सफर उन्होंने पूर्वी चंपारण की हरसिद्धि विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था और वे 1972, 1980, 1985 तथा 1990 में लगातार विधायक चुने गए थे।जयंती कार्यक्रम मे प्रदीप शर्मा विधा शर्मा अजय सिंह शिवनाथ प्रसाद राजनन्दन सिंह अशोक प्रसाद भारती डॉ कुमारी गीता पासवान मदीना खातून सविंदर चौधरी अर्जुन गुप्ता सहित कांग्रेसजण उपस्थित हुए हैं।

### वजीरगंज में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण

वजीरगंज। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को वजीरगंज प्रखंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने अपने आवास परिसर वास्तु विहार में पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।उसके बाद प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर जनप्रतिनिधियों के साथ वृक्षारोपण किया ।बीडीओ प्रभाकर सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती है। सिर्फ पौधा लगाना काफी नहीं है, उसे बचाना और बड़ा करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए और उसकी देखभाल करे। तभी हम प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं से लड़ पाएंगे।इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, प्रखंड कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाए। बीडीओ ने कर्मियों को निर्देश दिया कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित सिंचाई और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।कार्यक्रम के अंत में बीडीओ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी दोहराया और लोगों से इसे जनआंदोलन बनाने की बात कही।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता भोला मिश्रा के निधन पर डॉ. प्रेम ने जताया गहरा शोक

गया जी।अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बोधगया निवासी श्री भोला मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

डॉ. प्रेम कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय भोला मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित, कर्मठ एवं लोकप्रिय कार्यकर्ता थे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन भाजपा परिवार एवं सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है।उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मिश्रा का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा संगठन के प्रति उनकी निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी।

# सुरक्षित रेल यात्रा को ले सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत बनाएंगे:रेल एसपी

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी। रेलवे के पटना रेल पुलिस जिला क्षेत्र में यात्रियों को सुरक्षित, निर्भय और सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेल पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता अभियान के तहत रेल एसपी अनंत कुमार राय ने पटना-गया रेल सेक्शन का विस्तृत निरीक्षण किया तथा विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा, निगरानी एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े पहलुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रेल एसपी ने कहा कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए स्टेशनों और ट्रेनों में चौबीसों घंटे सतर्क निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा अपराध की रोकथाम के लिए नियमित गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया।

**अपराध नियंत्रण और यात्री सुरक्षा पर रहेगा विशेष फोकस**

निरीक्षण के दौरान रेल एसपी अंनत कुमार राय ने जीआरपी अधिकारियों एवं जवानों को सुरक्षा संबंधी विशेष टॉस्क सौंपते हुए कहा कि रेलवे परिसर में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए सक्रिय और सजग रहना आवश्यक है। उन्होंने प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज, प्रवेश एवं निकास द्वार सहित संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

**स्टेशनों और ट्रेनों में बढ़ेगी निगरानी**

रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्टेशनों तथा चलती ट्रेनों में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती को मजबूत किया जा रहा है। आधुनिक निगरानी प्रणाली, नियमित जांच और गश्ती दलों के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। साथ ही यात्रियों से भी किसी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

**गया जंक्शन के जीआरपी को भी सौंपा गया विशेष दायित्व**

गया जीआरपी के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को विशेष रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। उन्हें रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में लगातार निगरानी रखने, अपराध नियंत्रण पर विशेष फोकस करने तथा यात्रियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खासकर झारखंड की ओर से आने वाली ट्रेनों में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का सख्त निर्देश दिया। बताया गया कि धनबाद, गोमो की ओर से आने वाली कुछ ट्रेनों में अवैध शराब की तस्करी की शिकायत मिल रही है। इसके खिलाफ विशेष टीम लगाकर कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया है। साथ ही संलिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा गया है। रेल एसपी ने विश्वास जताया कि पुलिस की सक्रियता और सतर्कता से रेल यात्रियों को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध होगा तथा रेलवे परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत बनेगी।

## ग्राम लखनपुर में खेत बचाओ अभियान का आयोजन, किसानों को जैविक एवं संतुलित पोषण प्रबंधन की दी गई जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता



मानपुर। प्रखंड अंतर्गत ग्राम लखनपुर में किसानों के बीच ह्यखेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य सुधार, जैव उर्वरकों के उपयोग, हरित खाद तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई है।इस अवसर पर डॉ. रश्मि प्रियदर्शी, मृदा वैज्ञानिक ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए केवल रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहना उचित नहीं है। उन्होंने किसानों को पीएसबी (ढरइ), एजोटोबैक्टर, बीजीए (इङ्ख) जैसे जैव उर्वरकों के उपयोग के लाभों की जानकारी दी तथा बताया कि इनके प्रयोग से पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है एवं रासायनिक उर्वरकों की उपयोग दक्षता में सुधार होता है। उन्होंने खेतों में हरित खाद (ग्रीन मैन्योरिंग) के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि ढैंचा एवं सनई जैसी फसलों का उपयोग मिट्टी में जैविक कार्बन बढ़ाने और नत्रजन उपलब्ध कराने में सहायक होता है।इस कार्यक्रम में नेहा ने भी किसानों के साथ मृदा स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर चर्चा की है। उन्होंने किसानों को नियमित मृदा परीक्षण कराने, संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने तथा मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु आवश्यक उपायों की जानकारी दी है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने मृदा स्वास्थ्य एवं जैव उर्वरकों के प्रयोग से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया है। किसानों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया है।

# डीएम व एसपी ने ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। ईवीएम / वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक अरवल के द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन उपकरण, प्रवेश निकास व्यवस्था तथा वेयरहाउस की समुचित रख-रखाव की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने वेयरहाउस में रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनो (एश्ट) की सुरक्षा एवं संरक्षा से संबंधित सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए समय-समय पर नियमित निगरानी की जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप त्रैमासिक निरीक्षण किया जाता है, ताकि मशीनों की सुरक्षा और रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नाजारत उप समाहर्ता, संबंधित पदाधिकारी, जिला स्तरीय विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़ासीन के नवनिर्मित भवन को अस्थायी रूप से किया गया चिन्हित

- **डिग्री कॉलेज का अपना भवन निर्मित होने तक शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा:पदाधिकारी**

प्रातः किरण संवाददाता




अरवल। जिले में एकमात्र डिग्री कॉलेज के संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम मे शनिवार को जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैस, उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) दीपक कुमार सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों के साथ पंचायत सोनभद्र बंशी सूर्यपुर स्थित चिन्हित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि डिग्री कॉलेज, बंशी का संचालन आगामी 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, खड़ासीन (प्रखंड बशी) के नवनिर्मित तीन मंजिला भवन को अस्थायी रूप से चिन्हित किया गया है। डिग्री कॉलेज का अपना भवन निर्मित होने तक इसी भवन से शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने भवन एवं परिसर का विस्तृत निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया कि 01 जुलाई 2026 से पूर्व भवन की रंगाई-पुताई एवं अन्य आवश्यक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि निर्धारित समय पर कॉलेज का संचालन प्रारंभ किया जा सके।

उन्होंने कॉलेज परिसर के विकास एवं चहारदीवारी निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर संबंधित विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही अंचलाधिकारी, बंशी को निर्देशित किया गया कि चिन्हित भूमि का सीमांकन तीन कार्यदिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए, जिससे भविष्य में कॉलेज के स्थायी विकास कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ ज्योतिष कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 8 जून को होगा एनएच 139 को फोर लेन बनाने के लिए महाधरना

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में एन एच 139 संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समाजसेवी रामानुज पांडेय, इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह, कुमार सौरभ सिंह, राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू जी, प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, सुनील चौबे, स्वर्णजीत कुमार सिंह,मनोज सिंह,रवि कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह सहित अन्य प्रबुद्ध जनों के संयोजकतत्व में आयोजित बैठक में एन एच 139 रोड को फोरलेन करने वास्ते 8 जून को अनुग्रह मिडिल स्कूल के सामने महा धरना करने का निर्णय लिया गया। संबोधन के क्रम में वक्ताओं ने कहा कि पिछले एक दशक से एन एच 139 पर हमेशा नित्य प्रतिदिन सड़क दुर्घटना होती रहती हैं। एक दशक में लगभग 2500 से अधिक लोगों ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी। लेकिन सरकार की गहरी नींद नहीं खुली। संघर्ष समिति केंद्र सरकार से पुरजोर तरीके से मांग करती है कि इस राजमार्ग को फोरलेन करने की अत्यंत आवश्यकता है। झारखंड राज्य के पलामू जिले में हरिहरगंज सीमा पर उस पार फोरलेन का निर्माण दो-तीन वर्ष पूर्व ही कर दिया गया।बिहार सीमा औरंगाबाद जिले से बिहटा तक फोर लेन अब तक नहीं किया जाना सरकार की दोहरी मानसिकता को दशार्ता है। पिछले सप्ताह दो मुहान पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया है उसके लिए डायवर्सन निर्माण में तेजी लाने की भी बात कही गई।आज के बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में मांग किया कि एन एच 139 को फोर लेन किया जाए यदि उन लोगों की मांग नहीं सुनी जाती है तो महा धरना के बाद चरणबद्ध आंदोलन भी किया जाएगा। महाधरना के लिए अपील किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग उसमें अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं ।

संघर्ष समिति की बैठक में डॉ रित्विक,रामविकास कुमार, मनोज कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, दिलीप कुमार, अनिल कुमार सिंह,शैलेंद्र कुमार सिंह,भारती भूषण गौतम सिंह,भरत भूषण सिंह, अमरेंद्र चौबे, विकास कुमार सिंह,धर्मेंद्र तिवारी,मनोज कुमार सिंह, अजय सिंह,सोनल कुमार सिंह, चुलबुल सिंह, गुड्डन सिंह रविंद्र कुमार, निखिल कुमार सिंह, अंकु कुमार सिंह, सोनू कुमार सिंह, रंजीत कुमार, युसूफ आजाद अंसारी,सिनेश राही सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड में 40 हजार पौधे का लगाने लक्ष्य : कार्यक्रम पदाधिकारी

- **बीस पंचायत में दो दो हजार पौधे लगाए जाएंगे**

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। पर्यावरण दिवस के मौके पर मनरेगा पदाधिकारी रजनीश शेखर ने बताया कि इस बार प्रखंड में 40 हजार पौधा लगाने का रखा गया है।जिसमे 20 पंचायतों मे करीब दो दो हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बेल पंचायत के इमामगंज एवम सरसौली पंचायत के सरोवर तालाब महथू मे पौधा रोपण के मौके पर कही।कहा कि पर्यावरण पौधा रोपण से सुरक्षित रहेंगी। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली की बेहतर बनाने की लेकर यह निर्णय लिया गया है। कहा कि वैसे व्यक्ति या किसान जो पौधे निजी जमीन पर लगाना चाहते है उन्हें भी पौधे उपलब्ध कराई जाएगी और उसे देखभाल करने हेतु वन पोशाक भी प्रतिनियुक्ति किया जाएगा।विद्यालयों मे छात्र छात्राओं को भी पौधा लगाने को प्रेरित करेंगे ताकि गावो मे हरियाली आए। सबों से कहा कि पौधा रोपण कर उसे देखभाल का भी संकल्प ले।

पौधा न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते है। बल्कि आने वाले पीढ़ियां के लिए स्वच्छ एवम सुरक्षित नींव की मजबूती प्रदान करते है। सरकार भी पौधा रोपण अभियान मे बढ़चकर हिस्सा लेने को निर्देशित किया है।

पंचायतों मे भी तालाब एवम अन्य सुरक्षित जगहों पर पौधा लगाया जाएगा। कहा कि पौधा लगाकर रक्षा करना हम सभी को दायित्व है। आप सबों से आग्रह है पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाए और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने को प्रेरित करे। मौके पर सरसौली के पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक मेहता, बेल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद नसीम अख्तर समेत बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

### टूटू खान को फिर मिली हम की कमान, बने जिलाध्यक्ष

गया जी।गया जिले के कद्दावर नेता डॉ सिबगतुल्लाह खान उर्फ टूटू खान को एक बार फिर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम सेक्युलर) का गया जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके पुनर्नियुक्त होने की खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस अवसर पर कई नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में दानिश रिजवान, मो. कमांडर, नन्दलाल मांझी, दिवाकर कुमार सिंह, रूबी देवी, रीना सिंह सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी ने विश्वास जताया कि टूटू खान के नेतृत्व में पार्टी संगठन जिले में और अधिक मजबूत होगा तथा जनता के बीच अपनी पकड़ को और सशक्त बनाएगा। समर्थकों ने कहा कि डॉ. सिबगतुल्लाह खान लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करते रहे हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ पार्टी को आगामी दिनों में मिलेगा।

# सड़क हादसे में महिला मौत

प्रातः किरण संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। थाने के बेल गांव मे खुदवा फेसर पथ पर बेल गांव के गुड्डू मेडिकल के समीप बाइक के धक्के से एक महिला की मौत घटना स्थल पर हो गई। बताया जाता है कि वह महिला दाउदनगर थाने के महावर गांव निवासी स्वर्गीय ईश्वरधारी राम की पत्नी हेवंती कुंवर बताई गई है। ग्रामीणों की माने तो मृतक बेल गांव मे शिक्षक रामजन्म राम के घर शादी समारोह मे आई थी। दोपहर मे घर लौटने के लिए जब बेल बाजार मे पहुंची, तो पचरुखिया तरफ से आ रही बाइक पर सवार चालक ने धक्का मार दिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई । ग्रामीणों ने बाइक चालक को पीछा की, परंतु वह स्पीड मे आगे फरार हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखा। ओबरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों को घंटों जाम के साथ ग्रामीणों को समझाया बुझाकर जाम को हटाया। थानाध्यक्ष नीतिश कुमार पुलिस दल के साथ पहुंची और ग्रामीणों एवम परिजन को समझाने के बाद शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु औरंगाबाद भेज दिया। थानाध्यक्ष परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं का लाभ हर हाल में दिलाया जाएगा। आप घबड़ाए नही बल्कि मुआवजा की राशि दिलाई जाएगी। मृतक के दो लड़का है। जिसमे एक लड़का और एक बेटी अविवाहित है । जिसमे बड़े लड़का का नाम अजीत कुमार जो शादी शुदा है। घटना के बाद सड़कों पर भीड़ लग गई। ओबरा पुलिस ने सबों को समझा बुझाकर शांत किया।

# कंप्यूटर एवम सिलाई प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

- **भारत माता के फोटो पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित के उपरांत किया गया शुभारंभ**

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिले के रफीगंज प्रखंड के कझपा जाखिम बाजार मे कंप्यूटर एवम सिलाई प्रशिक्षणार्थियों का 90 दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता योजना प्रमुख एकल ग्राम उत्थान फाउंडेशन के अर्जुन शर्मा ने की। जब की, कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के फोटो पर समिति प्रधान अध्यक्ष अरविंद शर्मा, एकल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, सचिव संजय शर्मा, समिति सदस्य जितेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप पुष्प अर्पित कर एवम दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम मे सभी छात्र छात्राएं कार्यकता गण एवम अन्य सम्मानित अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को उनके प्रशिक्षण एवम उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र वितरण किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधन मे शिक्षा कौशल विकास आत्म निर्भरता एवम सामाजिक सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों के निरंतर सीखने अनुशासन बनाए रखना तथा समाज एवम राष्ट्र के विकास मे शक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन सौहाद्रपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न हुआ। मौके पर अरविंद शर्मा, अर्जुन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिवेश मे प्रशिक्षण महत्व रखता है। इस मौके पर सेंटर निदेशक अंजनी कुमार, प्रबंधक दुर्गेश दुबे, कृषि कुमार, कम्प्यूटर प्रशिक्षक अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी रामप्रसाद सिंह, कृषि मित्र ब्रिज मोहन प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# मलाबार ग्रुप के हंगर फ्री वर्ल्ड ने दैनिक भोजन वितरण अभियान के परिवर्तनकारी प्रभाव को लेकर एक सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत किया

- **स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम के प्रभाव को रिपोर्ट के माध्यम से किया प्रस्तुत**

प्रातः किरण संवाददाता



गया। विश्व भूख दिवस के अवसर पर मलाबार ग्रुप की मानवीय पहल हंगर फ्री वर्ल्ड ने अपनी स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम के प्रभाव को रिहैबिलिटेशन इम्पैक्ट रिपोर्टः इम्पैक्ट स्टोरीज- कैसे एक दैनिक भोजन बदल देता है जीवन की दिशा के माध्यम से प्रस्तुत किया। यह रिपोर्ट दशार्ती है कि जमीनी स्तर पर थनल द्वारा संचालित दैनिक भोजन वितरण अभियान ने सड़कों पर रहने वाले जरूरतमंद लोगों को बचाव, चिकित्सा सहायता, आश्रय, सम्मान की पुनर्स्थापना और परिवार से पुनर्मिलन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम की शुरूआत पौष्टिक भोजन तक नियमित पहुंच के माध्यम से भूख की समस्या से निपटने के उद्देश्य से की गई थी।

समय के साथ, यह पहल गहन देखभाल का एक माध्यम भी बन गई है, क्योंकि दैनिक संपर्क के जरिए फील्ड वर्कर्स लाभार्थियों के साथ विश्वास कायम कर पाते हैं, उनके स्वास्थ्य और व्यवहार में होने वाले बदलावों को समझते हैं, संकट की पहचान करते हैं और उन्हें पुनर्वास सहायता से जोड़ते हैं। यह कार्यक्रम वर्तमान में भारत के 20 राज्यों और नौ देशों में संचालित हो रहा है, जिनमें छह जीसीसी देश, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और जाम्बिया शामिल हैं। माइक्रो लर्निंग सेंटर्स और स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम के माध्यम से यह पहल 1,43,000 लाभार्थियों तक पहुंच रही है।इस पहल पर टिप्पणी करते हुए मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि एक भोजन साधारण लग सकता है। लेकिन जब इसे निरंतरता और मानवीय संवेदनशीलता के साथ प्रदान किया जाता है, तो यह केवल भोजन नहीं रह जाता। हंगर फ्री वर्ल्ड के माध्यम से हमने देखा है कि नियमित संपर्क किस तरह विश्वास कायम करता है और वही विश्वास अक्सर पुनर्वास, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, भावनात्मक सहयोग और सम्मान की होनी चाहिए।

# जिला अध्यक्ष राजू बरनवाल के नेतृत्व में ब्रह्मयोनी पहाड़ पर पीपल और नीम के पौधे लगाए गए

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गया महानगर जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान जदयू महानगर के जिला अध्यक्ष राजू बरनवाल के नेतृत्व में ब्रह्मयोनी पहाड़ पर पीपल और नीम के पौधे लगाए गए तथा प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया है।

इस कार्यक्रम में जदयू महानगर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। इस अवसर पर राजू बरनवाल ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वृक्ष न केवल शुद्ध वायु, छाया और प्राकृतिक सौंदर्य प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी पर जीवन के संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।

इस कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया है। जदयू नेताओं ने लोगों से अपील की कि वे वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाएं और प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# जिला पदाधिकारी ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की

- राजस्व मामलों के समयबद्ध निष्पादन का दिया निर्देश
- लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह द्वारा समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान ई-म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा-2, अंचलवार अतिक्रमित भूमि, अंचल कार्यालयों में प्राप्त जन शिकायतों का निवारण, जन शिकायत पोर्टल, मुख्यमंत्री ई-कम्प्लायंस डैशबोर्ड, जिला पदाधिकारी की जनसुनवाई में प्राप्त एवं लंबित मामलों, सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, सीआरडब्ल्यूजेसी, एलपीए, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) से संबंधित भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव, अन्य भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव तथा डीसीएलआर कोर्ट की अद्यतन स्थिति सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े सभी कार्य आम जनता के हितों एवं अधिकारों से सीधे जुड़े हैं। इसलिए सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।उन्होंने निर्देश दिया कि ई-म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी एवं आधार सीडिंग से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत पात्र लाभुकों को समय पर लाभ उपलब्ध कराया जाए। अतिक्रमित सरकारी भूमि को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा जन शिकायतों के निष्पादन में विशेष सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री ई-कम्प्लायंस डैशबोर्ड एवं न्यायालय से संबंधित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राजस्व कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही एवं पारदर्शिता के साथ करें, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

बैठक में अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी, सभी राजस्व कर्मचारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की 'अधिनायक लिपिक' परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कदाचार मुक्त कराई जाएगी : जिला प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता



मोतिहारी। अध्यक्ष, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में अधिनायक लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 10.06.2026 को जिला में निर्धारित है। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता श्री मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग संपन्न हुई, जिसमें बताया गया कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में अधिनायक लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु परीक्षा के लिए कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 7896 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे तक एक पाली में आयोजित की जाएगी। अपर समाहर्ता के द्वारा इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षकों को सभी जरूरी निर्देश दिया गया और कहा गया कि सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर की व्यवस्था करा लें। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें।

परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि 08:00 बजे पूर्वाह्न में एलॉटेड परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश 08:30 बजे पूर्वाह्न से कराया जाएगा। 09:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों का दो लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया।पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा का प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ प्रवेश करेंगे। संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी, इरेजर,शार्पनर एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/ गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तेल टैंकर की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत, चालक फरार

बगहा। नगर थाना क्षेत्र के दीनदयाल नगर निवासी सब्जी विक्रेता विनय कुमार (30 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वह स्वर्गीय हीरा कुशवाहा के पुत्र थे। घटना बगहा थाना के सामने उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार तेल टैंकर ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि विनय कुमार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बगहा एवं चौतरवा थाना के सहयोग से दुर्घटना में शामिल तेल टैंकर को जब्त कर लिया। हालांकि हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बताया जाता है कि विनय कुमार अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी सरिता देवी, डेढ़ वर्ष का एक पुत्र तथा गर्भवती पत्नी हैं। अचानक हुई इस दुखद घटना से परिवार पर संकट का पहाड़ टूट पड़ा है।

### जनता जागरूक होगी तभी बदलेगा बिहार का भविष्य : प्रशांत किशोर

बगहा। बगहा दो प्रखंड के महुअवा में जनसुराज पार्टी की ओर से आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से संवाद कर क्षेत्रीय समस्याओं तथा बिहार के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय थारु कल्याण महासंघ के सचिव राजकुमार महतो ने की, जबकि संचालन अंबेडकर मंच के अध्यक्ष एवं वाल्मीकिनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दृगनारायण प्रसाद ने किया। जनसंवाद को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में वास्तविक राजनीतिक बदलाव तभी संभव है, जब जनता जाति और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर अपने बच्चों की शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य के मुद्दों पर मतदान करेगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से लोगों को मूलभूत समस्याओं से भटकाकर वोट लेने का काम किया जाता रहा है, लेकिन अब समय आ गया है कि जनता अपने अधिकारों और विकास के प्रति जागरूक बने।

### रतनमाला के समीप एनएच पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, कई घायल

बगहा। बगहा नगर क्षेत्र के रतनमाला के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और उन पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार और असावधानी के कारण यह दुर्घटना हुई। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई तथा आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को सड़क से हटाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस घायलों की पहचान करने और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रतनमाला के समीप एनएच पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता बच्चों को जैव विविधता संरक्षण का दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय वन्यजीव संस्थान की एनएमसीजी जलज परियोजना के तहत जीवन ज्योति वेद अकादमी कोचिंग संस्थान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में बच्चों ने पर्यावरण, वन्यजीवों और नदियों के संरक्षण से जुड़े विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों को प्रकृति के महत्व, जैव विविधता के संरक्षण तथा स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना सहायक मुकेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों में जागरूकता विकसित कर भविष्य में प्रकृति संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित की जा सकती है। वहीं शिक्षक आशीष द्विवेदी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि पेड़-पौधों, जल स्रोतों और वन्यजीवों की रक्षा से ही पृथ्वी का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता बचाने का संकल्प लिया।

## पुलिस लाइन में पौधारोपण, एसपी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- पुलिसकर्मियों के साथ पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प, पर्यावरण बचाने की अपील

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस लाइन बगहा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) रामानंद कुमार कौशल ने किया। इस दौरान एसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में एसपी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना जरूरी है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर को हरा-भरा बनाने तथा लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा कि एक पौधा भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर जीवन का आधार बन सकता है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में भी वीटीआर का आकर्षण बरकरार

बगहा। भीषण गर्मी के बावजूद वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में पर्यटकों का उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा है। समर वैकेशन के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक अपने परिवार और बच्चों के साथ वीटीआर पहुंच रहे हैं। जंगल सफारी और बोटिंग का आनंद लेने के लिए लोगों को वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है। वीटीआर के प्राकृतिक सौंदर्य, घने जंगल, वन्य जीवों की मौजूदगी और शांत वातावरण के साथ साथ मौसम की अद्रता ने पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना दिया है। खासकर बच्चों के लिए वीटीआर इस गर्मी की छुट्टियों में फर्स्ट चॉइस बनकर उभरा है। यहां आने वाले पर्यटक जंगल की सैर के साथ-साथ बोटिंग का रोमांच भी भरपूर तरीके से ले रहे हैं।

## घरेलू गैस के 32116 एवं वाणिज्यिक गैस के 1353 सिलेंडर उपलब्ध

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। जिले में घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान की जा रही है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 14.2 किलोग्राम के 32116 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के 1353 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 5 जून को जिलेभर में कुल 11753 गैस सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी कराई गई। जिला प्रशासन का लगातार प्रयास है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी अनावश्यक विलंब के उनके घर तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री सिन्हा ने बताया कि गैस आपूर्ति एवं वितरण से संबंधित प्राप्त 12 शिकायतों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शिकायतों के निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस बुकिंग, डिलीवरी अथवा आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की देरी, अनियमितता या अन्य शिकायत होने पर जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## बिल्ली के दो बच्चों को निगल गया पायथन, वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू

- बिल्ली के शोर से घरवालों को हुई घटना की जानकारी, सूचना मिलते ही पहुंची वन विभाग की टीम

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। जलसंसाधन विभाग के ऊपरी शिविर स्थित तीन नंबर पहाड़ गंडक कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक विशालकाय पायथन सांप ने घर में घुसकर बिल्ली के दो बच्चों को निगल लिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पायथन का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, गंडक कॉलोनी निवासी एवं फल विक्रेता मुकेश श्रीवास्तव के घर के बेडरूम में बिल्ली ने हाल ही में बच्चों को जन्म दिया था। इसी दौरान वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के जंगल क्षेत्र से निकलकर एक विशालकाय पायथन घर में घुस आया और बिल्ली के दो बच्चों को निगल गया। बिल्ली के चिल्लाने पर खुला राज प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिल्ली के लगातार चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के लोग कमरे में पहुंचे। वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे में विशालकाय पायथन मौजूद था, जिसने बिल्ली के दो बच्चों को निगल लिया था।

वन विभाग ने किया रेस्क्यू: घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वनकर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद पायथन को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे जटाशंकर जंगल क्षेत्र में ले जाकर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। रेंजर ने बताया कि बरसात और गर्मी के मौसम में जंगलों से निकलकर सांप एवं अन्य वन्यजीव रिहायशी इलाकों में पहुंच जाते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुष एकेडमी के छात्रों ने रोपे एक हजार पौधे

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चम्पापुर स्थित आयुष एकेडमी के छात्रों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए दोन कैनाल नहर के किनारे व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों ने करीब 1000 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व शिक्षक महेंद्र कुमार ने किया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लिया और नहर के दोनों किनारों पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। पौधारोपण के बाद लगभग 2 किलोमीटर क्षेत्र हरियाली की चादर से आच्छादित नजर आया।

इस अवसर पर महेंद्र कुमार ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का भी संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में छात्रों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा कि एक पौधा केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध वातावरण और बेहतर जीवन का आधार है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस अभियान ने क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराया।

## राजस्व कर्मचारी प्रदीप कुमार मिश्र निलंबित

- कार्यों में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। जिला प्रशासन ने राजस्व कार्यों में लापरवाही, लगातार अनधिकृत अनुपस्थिति एवं पदाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए मझौलिया अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी श प्रदीप कुमार मिश्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि 05 जून को आयोजित राजस्व संबंधी समीक्षात्मक बैठक में श्री मिश्र अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि उनके आवंटित हल्का में दाखिल-खारिज, परिमार्जन सहित राजस्व से संबंधित अधिकांश मामले निर्धारित समय सीमा के बाद भी लंबित हैं तथा कार्यों की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक है। अंचल अधिकारी, मझौलिया ने भी प्रतिवेदित किया कि श्री मिश्र प्रायः बिना सूचना के अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण जमाबंदी संशोधन, आधार सीडिंग, सरकारी भूमि सत्यापन, लगान अद्यतीकरण, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम से जुड़े मामलों के निष्पादन तथा सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निपटारे जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा बार-बार स्पष्टीकरण मांगने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया गया तथा वरीय पदाधिकारियों के निदेशों की अवहेलना की जाती रही। उक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी, श्री तरनजोत सिंह ने उनके आचरण को बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के प्रावधानों के प्रतिकूल मानते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला राजस्व शाखा, बेतिया निर्धारित किया गया है तथा नियमों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान मुख्यालय में प्रतिदिन की वास्तविक उपस्थिति के आधार पर किया जाएगा।

वहीं अंचल अधिकारी, मझौलिया को निर्देश दिया गया है कि एक पक्ष के भीतर आरोप-पत्र गठित कर अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अपर समाहर्ता, श्री राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि सरकारी कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं लोक सेवाओं के निष्पादन में बाधा उत्पन्न करने वाले कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## नेपाल गृह मन्त्रालय ने 12 सीडीओ समेत 18 सहसचिवों का किया तबादला

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। नेपाल के गृह मन्त्रालय ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 12 प्रमुख जिला अधिकारी (सीडीओ) एवं 6 सहसचिवों सहित कुल 18 अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन किया है। गृह मन्त्रालय द्वारा जारी निर्णय के अनुसार विभिन्न जिलों में कार्यरत सीडीओ को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जबकि कई सहसचिवों को जिलों का नया प्रमुख जिला अधिकारी नियुक्त किया गया है। मंत्रालय के अनुसार, निराजन घिमिरे को स्यांगजा, कुमान सिंह गुरुङ को कास्की तथा लक्ष्मी पाण्डेय गौतम को धादिङ का नया प्रमुख जिला अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, कार्यकाल पूरा कर चुके कई सीडीओ को अन्य जिलों एवं मंत्रालय के विभिन्न विभागों में स्थानांतरित किया गया है। गृह मन्त्रालय के प्रवक्ता आनन्द काफ्ले ने बताया कि यह नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। मंत्रिपरिषद के निर्णय के आधार पर अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं तथा रिक्त पदों पर आवश्यक पदस्थापन किया गया है। मंत्रालय ने कुछ सहसचिवों को अध्यागमन कार्यालय, राष्ट्रीय विपद् जोखिम न्यूनीकरण तथा व्यवस्थापन प्राधिकरण और राष्ट्रिय परिचयपत्र तथा पञ्जीकरण विभाग में भी नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल को नेपाल सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ऑस्ट्रेलिया में नेपाली अचार की बढ़ी मांग, करोड़ों रुपये का हुआ निर्यात

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। नेपाली अचार की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ रही है। खासकर ऑस्ट्रेलिया में नेपाली अचार की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। हालिया आंकड़ों के अनुसार चालू आर्थिक वर्ष के पहले पांच महीनों में नेपाल ने विभिन्न देशों को 140 टन से अधिक अचार का निर्यात किया, जिससे 8 करोड़ 24 लाख नेपाली रुपये से अधिक की आमदनी हुई। इनमें सबसे बड़ा बाजार ऑस्ट्रेलिया रहा। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में ऑस्ट्रेलिया को 41 हजार किलोग्राम से अधिक अचार निर्यात किया गया, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ 93 लाख नेपाली रुपये रही। इसके अलावा कनाडा, दक्षिण कोरिया, जापान, अमेरिका और ब्रिटेन सहित कई देशों में भी नेपाली अचार की अच्छी मांग देखी गई। नेपाल में बने आम, लप्सी, नींबू, मूली और विभिन्न मसालों से तैयार अचार विदेशों में रहने वाले नेपाली समुदाय के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशों में नेपाली खाद्य उत्पादों की बढ़ती पहचान से अचार उद्योग को नया बाजार मिला है। व्यापार से जुड़े जानकारों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में नेपाली अचार का निर्यात लगातार बढ़ा है। नौ महीनों में ही 3.5 लाख किलोग्राम से अधिक अचार का निर्यात कर नेपाल ने 16 करोड़ 86 लाख नेपाली रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा अर्जित की है।

## साढ़े पांच साल से लगातार जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क भोजन शिविर चलवाना बड़े आत्मगौरव की बात: गरिमा

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। नगर में लाल बाजार के हजारीमल धर्मशाला के समीप स्थित पातालेश्वर महादेव के मंदिर परिसर में बीते साढ़े पांच साल से भी अधिक से नगर निगम क्षेत्र और बाहर से भी आने वाले सैकड़ों जरूरतमंद-असहायों के लिए संचालित निःशुल्क गर्म भोजनालय के 2011 वें दिन शनिवार को पूरा हुआ। अपने निजी कोष से इस अनूठे भोजनालय को संचालित महापौर गरिमा देवी सिकारिया दल बल सहित पहुंचीं। प्रथम करोना त्रासदी काल में ही गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए बीते मई 2020 को इस अनूठे भोजनालय का उद्घाटन किया था। अपने निजी कोष से नगर निगम और आगंतुक गरीब असहाय लोगों के लिए परोसा जाने वाला गर्म पका भोजन शिविर का संचालन शनिवार को 2011 वें दिन तक लगातार जारी रहने को नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने आत्म गौरव का विषय बताया। इस अनूठे भोजनालय के व्यवस्थित संचालन में सजक सहयोगी और समाजसेवी नवेंदु चतुर्वेदी और अन्य सहयोगियों का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने हृदय से आभार जताया। वही भोजनालय के प्रबंधक समाजसेवी नवेंदु चतुर्वेदी ने कहा कि अपने निजी कोष से बारहों महीने तीसों दिन इस भोजनालय का संचालन करवाने वाली महापौर गरिमा देवी सिकारिया यहां गरीब, लाचार, असहायों और निःशक्ततों के लिए सचमुच की साक्षात देवी हैं। प्रतिदिन भोजन कराया जाने वाले अपने तरह के इस अनूठे भोजनालय की नियमित देखभाल में केवल वह ही नहीं बल्कि उनके पति और स्थानीय नगर पार्षद रोहित सिकारिया के अलावें उनकी सासू मां सुमन देवी, ससुर भोला नाथ सिकारिया भी अपनी व्यस्ततम व्यवसायिक दिनचर्या के बावजूद पूरी रुचि रखते हैं। जहां प्रतिदिन दोपहर दर्जनों गरीब असहाय, लाचार और गरीबों को मुफ्त में ताजा गर्म भोजन परोसा जाता है। यहां प्रतिदिन दर्जनों महिला पुरुष भोजन ग्रहण करते हैं। शिविर में जो भी आता है भोजन करने के बाद ही वापस जाता है। भोजन के लिए किसी प्रकार का कोई बंधन या वर्गीकरण नहीं है।

## गंडक नदी में इस सीजन के पहले घड़ियाल घोंसले से 31 शावकों का सफल उद्भवन

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। गंडक नदी में घड़ियाल संरक्षण अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। बेतिया वन प्रमंडल के बगहा रेंज अंतर्गत रतवल पुल के समीप वर्ष 2026 के प्रजनन सत्र के पहले घड़ियाल घोंसले से 31 शावकों का सफल उद्भवन हुआ। इसके बाद सभी शावकों को वन विभाग और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया ( डब्ल्यू टी आई ) की देखरेख में उनके प्राकृतिक आवास गंडक नदी में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। रेंजर मलाकार ने बताया की शावकों को नदी में छोड़ने के दौरान वन संरक्षक ( सीएफ ) गौरव ओझा, प्रभागीय वन अधिकारी ( डीएफओ ) पंकज कुमार, क्षेत्र पदाधिकारी मलाकार, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया ( डब्ल्यू टी आई ) के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने इसे घड़ियाल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए संयुक्त प्रयासों का सकारात्मक परिणाम बताया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, घोंसले की पहचान अप्रैल और मई माह में वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया तथा बिहार वन विभाग द्वारा किए गए संयुक्त क्षेत्रीय सर्वेक्षण के दौरान हुई थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 07 जून 2026



## संक्षिप्त खबरें

### गरज के साथ झमाझम हुई बारिश से मौसम का मिजाज हुआ खुशनुमा, मिली राहत

तारपुर (मुंगेर)। पिछले करीब 10 दिनों से आकाश से बरस रहे आग से क्षेत्रवासियों का जीना जहां मुहाल हो गया था, वहीं शनिवार के अहले सुबह गरज के साथ एकाएक तेज आंधी के साथ झमाझम हुई बारिश से दिनों भर मौसम का मिजाज बदलते ही चारों ओर बेहतरीन खुशनुमा मौसम रहा। क्षेत्रवासियों के साथ-साथ कारोबारी दूरदराज से आने वाले व्यापारियों दुकानदारों सहित तारापुर एवं संग्रामपुर में आ जा रहे छात्र-छात्राओं को भी झमाझम बारिश पड़ने से उन्हें भी काफी राहत मिली है। प्रचंड गर्मी के कारण लोगों के साथ साथ कारोबारियों को सुबह ८:०० बजे के बाद घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। दूसरी ओर खेतीवाड़ी को लेकर भी किसानों एवं मजदूरों को तेज धूप के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एकाएक तापमान में कमी आते ही किसानों ने तेजी से खेती बाड़ी का काम शुरू कर दिया है। धान खेती को लेकर किसानों ने बीज तैयार करने को लेकर खेतों की जूताई भी शुरू कर दिया है। झमाझम हुई बारिश से खासकर गर्मा हरी सब्जी एवं हरी मर्चा मकई मूंग की खेती तेज धूप के कारण पानी बिना झुलस रहा था जो अब हरा-भरा हो उठा है। पूर्व मुखिया विजय यादव कर्मवीर भारती प्रकाश यादव नीतीश कुमार निराला ईत्यादि ने बताया कि क्षेत्र में लगातार जब तक झमाझम बारिश नहीं होगी तब तक धान बिछड़ा के लिए खेत की जुताई का काम पूरी तरह से शुरू नहीं किया जा सकता।

### मूसलाधार बारिश से जमालपुर कारखाना का शॉप जलमग्न एक घंटे ठप रहा कामकाज

मुंगेर। शनिवार अहले सुबह तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने जमालपुर कारखाना परिसर को जलमग्न कर दिया। लगभग एक घंटे की बारिश से हफ्र 1, 2, 3, 4 शॉप, उइरए और मिल राइट बूथ से लेकर शॉप तक आने-जाने वाले रास्तों पर पानी भर गया। भारी वर्षा के कारण रेल कर्मियों को काम करने में काफी परेशानी हुई। वर्षा रुकने और शॉप से जमा पानी निकालने के बाद करीब एक घंटे बाद कामकाज शुरू हो सका। शॉप में काम करने वाले कर्मी समय पर तो पहुंचे, लेकिन बारिश ने उनके काम पर पानी फेर दिया। रेल कर्मियों ने बताया कि बारिश के दिनों में जलजमाव नई बात नहीं है। अंग्रेजों के समय का अंडरग्राउंड ड्रेनेज नाला जाम पड़ा है। इसे साफ करने की दिशा में पहल हुई थी, लेकिन पूरी तरह सफाई न होने से बारिश होने पर जलजमाव की समस्या फिर सामने आ जाती है। कर्मियों ने सावधानीपूर्वक पानी निकालने के बाद काम शुरू किया।

### जानकी नगर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण आईटीसी प्रवाह ने चलाया जागरूकता अभियान

मुंगेर। विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर गत शुक्रवार को सदर प्रखंड के जानकी नगर गांव में किसानों और जन समुदाय के साथ आईटीसी मिशन सुनहरा कल प्रवाह द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रवाह के प्रोग्राम ऑफिसर अजय कुमार ठाकुर ने कहा कि सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और जैव विविधता बचाने पर ध्यान देना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

उपस्थित लोगों ने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया और कार्यक्रम स्थल पर पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर प्रवाह के फील्ड स्टाफ श्रवण पंडित और अरुण कुमार, आत्मा प्रतिनिधि भवानी भूषण, रजनीश कुमार उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरि सिंह महाविद्यालय में पौधा रोपण किया गया

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय के हवेली खड़गपुर नगर स्थित हरि सिंह महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 11 पौधारोपण किया गया। एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रभारी प्राचार्य डॉ शंभु पासवान ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में मिशन लाइफ अधिनियम, स्वच्छता अधिनियम, अवशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, एकल उपयोग प्लास्टिक में कमी पर्यावरण संरक्षण विषयों पर जागरूक किया। वहीं वृक्ष के महत्व को बताते हुए मत्स्य पुराण के अनुसार पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के आपसी संबंध और उसके महत्व को वैज्ञानिक रूप से समझाते हुए एक श्लोक का वर्णन करते हुए बताया कि- दशकूपसमावापी दसवापी समो ह्रदः।

# राहत: विक्रमशिला सेतु के समीप बना बेली ब्रिज रविवार से जनता को समर्पित

## आवागमन होगा और सुगम, सड़क संगठन की टीम कर रही युद्ध स्तर पर कार्य



प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। विक्रमशिला सेतु के समीप तैयार किए गए बहुप्रतीक्षित बेली ब्रिज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और रविवार से इसे आम जनता के आवागमन के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि पुल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है तथा शेष तकनीकी और संरचनात्मक कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। सीमा सड़क संगठन की टीम और अभियंता युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं ताकि पुल पूरी तरह सुरक्षित और मानकों के अनुरूप तैयार हो सके। जिलाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम पुल का अंतिम ट्रायल किया गया। ट्रायल के दौरान यदि कोई तकनीकी सुझाव या आवश्यक सुधार सामने आते हैं तो उन्हें तत्काल पूरा किया जाएगा। इसके बाद पुल को आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल के समीप स्थापित पुलिस पिकेट एवं नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और निगरानी को ध्यान में रखते हुए यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त पिकेट बनाया गया है।

इसे हीट लैमिनेटेड संरचना के रूप में विकसित किया गया है तथा वहां तैनात पुलिसकर्मियों के लिए पंखा, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि वे हर मौसम में बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। जिलाधिकारी ने विश्वास जताया कि बेली ब्रिज शुरू होने के बाद लोगों में उत्साह का माहौल रहेगा और सुरक्षित व सुगम आवागमन को लेकर उनका भरोसा और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों को निर्बाध आवाजाही की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

ज्ञात हो कि भागलपुर में गंगा नदी पर बना विक्रमशिला सेतु का एक हिस्सा 4 मई 2026 की देर रात (करीब 12:50 से 1:00 बजे के बीच) टूटकर गंगा नदी में गिर गया था। पुल के पाया नंबर 132 और 133 के बीच का स्लैब ध्वस्त हो गया था। गनीमत यह रही कि जिला प्रशासन के द्वारा समय रहते पुल पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी, जिससे कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ इस घटना के कारण भागलपुर को नवगछिया और कोसी-सीमांचल क्षेत्र से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से ठप हो गया था।

# तरैटा गांव में प्राथमिक विद्यालय नहीं होने से बच्चे पठन पाठन से वंचित



प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले सुल्तानगंज प्रखंड भीरर्खुद पंचायत तरैटा गांव में प्राथमिक विद्यालय स्थानांतरण को लेकर ग्रामीण अमित कुमार ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय तरैटा गांव का विद्यालय भवन निर्माण को लेकर मध्य विद्यालय नारायणपुर में सिप्ट कर दिया गया था/जो दस वर्ष बितने को अबतक तरैटा गांव में प्राथमिक विद्यालय नहीं आने यहां बच्चे पढन पाढन से वंचित हो रहे इसके लिए सुल्तानगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार को लिखित आवेदन देने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने स्थल निरक्षण करते हुए विभाग के अधिकारियों पत्र जारी करते तरैटा गांव में प्राथमिक विद्यालय पुर्ण : स्थानांतरण करने की बात कही गई है लेकिन दो माह से अधिक होने पर भी अबतक प्राथमिक विद्यालय तरैटा गांव स्थापीत नहीं करने पर यहां बच्चे पढन पाढन से वंचित होने की बात सामने आ रही है।

एक तरफ बिहार सरकार बच्चों शिक्षा के लाखों, करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, दुसरी तरैटा गांव में विघालय नहीं होने पर बच्चे पढन पाढन से वंचित हो रहे हैं

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण



प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। सुल्तानगंज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री किसान मोर्चा सतीश कुमार उर्फ कन्हैया झा के नेतृत्व में सुल्तानगंज प्रखंड के प्रखंड कार्यालय एवं सुल्तानगंज प्रखंड के इंग्लिश चिचरौन पंचायत के समुदायिक भवन छठ घाट पर फलदार एवं छाया दार पेड़ लगाया गया साथ क्षेत्र के लोगों से एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के अनुरोध किया कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम सभी को पर्यावरण की रक्षा करना है।

इसलिए अपने हाथों से एक पेड़ अवश्य लगावे कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायती राज जिला प्रकोष्ठ संयोजक ओम दत्त चौधरी युवा नेता प्रभाकर सिंह जद यू नेता डॉक्टर अरविंद कुमार ताती बबलू कुमार साह रामानंद ताती विजय कुमार राजेश कुमार टिंकू कुमार पासवान सहित अनेकों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## नेत्राडाइन ने ई-हाईवे पर सुरक्षा देने के लिए एनएचईवी के साथ की साझेदारी

प्रात: किरण संवाददाता

हावड़ा। एआई-संचालित फ्लीट सुरक्षा और प्रदर्शन तकनीक प्रदाता नेत्राडाइन ने नेशनल हाईवेज फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का उद्देश्य लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक गतिशीलता को सहयोग देने के लिए भारत के उभरते इलेक्ट्रॉनिक हाईवे नेटवर्क के इंटेलिजेंस और सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना है। इस सहयोग के तहत नेत्राडाइन के एआई-संचालित समाधानों को एनएचईवी-समर्थित कॉरिडोर पर चलने वाले कनेक्टेड वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों में चरणों में तैनात किया जाएगा। यह तकनीक वास्तविक समय में फ्लीट दृश्यता, संभावित जोखिमों का पहले से पता लगाने, चालक के व्यवहार का विश्लेषण और परिचालन निगरानी प्रदान करेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक सुरक्षित और अधिक विश्वसनीय ईवी परिवहन इकोसिस्टम बनाने में मदद मिलेगी। एनएचईवी भारत के राजमार्गों को इलेक्ट्रॉनिक राजमार्गों में बदलने के लिए काम कर रहा है और 2027 तक अपने नेटवर्क को 26 राजमार्ग गलियारों (कॉरिडोर) तक विस्तारित करने की योजना बना रहा है। एनएचईवी के कार्यक्रम निदेशक अभिजीत सिन्हा ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला के संकट, लॉकडाउन या वैश्विक तेल संकट जैसी बाधाओं के दौरान आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आवाजाही सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह इलेक्ट्रॉनिक लेयर चालक की सुरक्षा में सुधार करेगी, दुर्घटनाओं को कम करेगी और माल ढुलाई ऑपरेटरों के लिए परिचालन विश्वसनीयता बढ़ाएगी।

### जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने सिक्किम में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को किया मजबूत

दुगार्पुर। सिक्किम की प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने दो पूरी तरह से लैस लाइफ-सपोर्ट एम्बुलेंस दान करके सर थुटोब नामग्याल मेमोरियल अस्पताल को अपना सहयोग देने की घोषणा की है। यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। साल 2022 से जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस सिक्किम के लिए प्रमुख बीमाकर्ता के रूप में कार्य कर रहा है, जो पूरे राज्य में वित्तीय साक्षरता और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों में जुटा है। इस पहल पर बात करते हुए जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओआलोक रुंगटा ने कहा कि हम अपनी भूमिका को केवल सुरक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं मानते।

## महिला पतंजलि समिति एवं गायत्री परिवार ने चलाया जागरूकता अभियान

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गायत्री शक्तिपीठ, हवेली खड़गपुर में महिला पतंजलि समिति एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला पतंजलि योग समिति मुंगेर की जिला प्रभारी स्मिता देवी ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। गायत्री परिवार की वरिष्ठ परिजन मीरा देवी, मीणा केसरी एवं इंदु भगत ने कहा कि परिवार के हर शुभ अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन का महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण और संरक्षण समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। उपस्थित महिलाओं ने क्षेत्र को स्वच्छ एवं हरित बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में तहसील प्रभारी शैल अग्रवाल, सीमा केसरी, संगीता देवी, प्रतिमा भारती सहित दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### ग्रामीण चिकित्सक सेवा समन्वयक समिति की बैठक एकता ही हमारी ताकत: डॉ. इकबाल

संग्रामपुर (मुंगेर)। शनिवार को संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत झिकुली पंचायत भवन में ग्रामीण चिकित्सक सेवा समन्वयक समिति की बैठक संघ की मजबूती को लेकर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संग्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष डॉ. सौरभ ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष डॉ. इकबाल ने कहा कि आप लोगों की एकता देखकर गर्व महसूस हो रहा है। इस एकता को बरकरार रखते हुए संघ को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए शारदा लाइफ लाइन अस्पताल मुंगेर के सर्जन डॉ विक्रांत कुमार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाति कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र को सर्वसम्मति से जिला संरक्षक बनाया गया। उपस्थित चिकित्सकों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में जिला सचिव डॉ. योगेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. रमाकांत, डॉ. दिवाकर कुमार सिंह, सचिन, कोषाध्यक्ष डॉ. सीताराम प्रसाद सिंह, डॉ. मुनील लाल यादव, डॉ. रोहित, डॉ. सुमित, डीआर नीतिश, डॉ. कृष्ण, डॉ. शिव लोचन सहित सैकड़ों ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित रहे और संघ की मजबूती के लिए संकल्प लिया।

### लालू-राबड़ी से सुरक्षा हटाने पर भड़का राजद

■ प्रोफेसर सुमन बोले: सड़क से सदन तक करेंगे आंदोलन

मुंगेर। बिहार सरकार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की + सुरक्षा हटाए जाने पर राजद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रो. विनय कुमार सुमन, जिला युवा राजद मुंगेर अध्यक्ष मो. आसिफ वसीम, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक रजक, जिला युवा राजद महासचिव राजा कुशवाहा, सदर प्रखंड राजद अध्यक्ष अशोक चौधरी और जमालपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष मो. कौसर फैयाज ने इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया। नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को अपमानित करने के लिए 10 सर्कुलर रोड स्थित बंगला खाली करने का नोटिस पहले ही दिया गया है, जबकि कई ऐसे नेता आज भी बंगलों में रह रहे हैं जो न विधानसभा न विधान परिषद के सदस्य हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी को + और अन्य भाजपा नेताओं को, + सुरक्षा मिली है। ऐसे में लालू-राबड़ी की सुरक्षा कटौती उनके जान-माल से खिलवाड़ है। नेता द्वय एक चेतावनी दी कि सरकार बदले की भावना से विरोधियों को परेशान करना बंद करे, वरना राजद सड़क से सदन तक आंदोलन कर सरकार की नींद हराम कर देगा।

### महेशी गांव में दो पक्षों में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने थाने में लिखित प्राथमिक कराई दर्ज

भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के महेशी पंचायत में देर शाम दो पक्षों में जमकर मारपीट करने के मामले में सुल्तानगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामला को शांत करते हुए घायलों का ईलाज कराते हुए दोनों पक्षों से लिखित आवेदन देकर किया प्राथमिक दर्ज, पहला पक्ष किरण देवी, ११ नामजद, १० अज्ञात दुसरे पक्ष मो अदनान १५ अज्ञात, तीन नमाज, महेशी पंचायत की घटनाएं, छेड़खानी करने एवं मारपीट मामले में सुल्तानगंज पुलिस ने दोनों पक्षों से आवेदन लेकर किया प्राथमिक दर्ज, पुलिस पुरे घटना को लेकर घटना की छानबीन में जुटी।

### मिनी बैंक जा रहे सीएसपी संचालक पर हमला 50 हजार रुपये लूटकर बदमाश फरार

सुल्तानगंज। थाना क्षेत्र के महेशी चौक के समीप शनिवार को अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक को निशाना बनाते हुए मारपीट कर 50 हजार रुपये लूट लिए। पैन गांव निवासी चंदन कुमार अपने बैग में करीब 75 हजार रुपये लेकर बाइक से अपना मिनी बैंक सीसीपी केंद्र जा रहे थे। रास्ते में महेशी चौक के पास एक युवक ने पीछे से हमला कर उन्हें सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद बदमाश ने उनके साथ जमकर मारपीट की और बैग में रखे 50 हजार रुपये लेकर मौके से फरार हो गया। हमले में चंदन कुमार के सिर पर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें सुल्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। घटना के बाद पीड़ित ने सुल्तानगंज थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### अल्केम लेबोरेट्रीज ने सेमाग्लूटाइड की सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज लॉन्च की, कीमत 350 से शुरू

पटना। अल्केम लेबॉरेट्रीज लिमिटेड ने सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज फॉर्मेट में सेमाग्लूटाइड के लॉन्च की घोषणा की। यह उत्पाद विभिन्न डोज के विकल्प में उपलब्ध होगा और इसकी शुरूआती कीमत ३५० रखी गई है। अल्केम भारत में सेमाग्लूटाइड को सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज फॉर्मेट में पेश करने वाली पहली कंपनी है। यह लॉन्च मरीजों के लिए उपचार के विकल्पों का विस्तार करता है और किफायती मूल्य निर्धारण के माध्यम से उपचार शुरू करने की बाधाओं को कम करता है। कंपनी को ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से टाइप-२ डायबिटीज मेलिटस और मोटापे के प्रबंधन हेतु, आहार और व्यायाम के साथ सहायक उपचार के रूप में सेमाग्लूटाइड प्री-फिल्ड सिरिंज के निर्माण और विपणन की मंजूरी प्राप्त हुई है। मार्च २०२६ में अल्केम भारतीय बाजार में प्री-फिल्ड डिस्पोजेबल और पुनः उपयोग योग्य (रीयूजेबल) इंजेक्शन पेन फॉर्मेट में सेमाग्लूटाइड लॉन्च कर चुकी है। कंपनी को सेमाग्लूटाइड वायल्स के लिए भी नियामकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिन्हें शीघ्र ही लांच किया जाएगा।

इस पर टिप्पणी करते हुए डॉ. विकास गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अल्केम, ने कहाः सेमाग्लूटाइड मेटाबॉलिक विकारों के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपचार विकल्प के रूप में उभरा है। हमारे द्वारा पहले से पेश किए गए पेन फॉर्मेट डॉक्टरों और मरीजों की जरूरतों को पूरा करते रहेंगे, और अब हमारी प्री-फिल्ड सिरिंज के लॉन्च के साथ हम उनके लिए उपलब्ध विकल्पों का दायरा और व्यापक बना रहे हैं। भारत में, जहां रोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहां दवा की आपूर्ति के अनेक व्यावहारिक फॉर्मेट उपलब्ध कराना अधिक मरीजों को उपचार शुरू करने और उसे जारी रखने में मदद करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अल्केम प्रमुख चिकित्सीय क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती दवाएं उपलब्ध कराने तथा भारत में मरीजों की बेहतर देखभाल को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संपूर्ण क्रांति दिवस पर खड़गपुर से उठी आवाज, जेपी सेनानियों ने सरकार से मांगा सम्मान और अधिकार

प्रात: किरण संवाददाता

खड़गपुर (मुंगेर)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के ऐतिहासिक संपूर्ण क्रांति आंदोलन की याद में शुक्रवार को हवेली खड़गपुर स्थित निषाद भवन में आयोजित जेपी सेनानियों की बैठक लोकतंत्र, संघर्ष और अधिकारों की आवाज बनकर उभरी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने जहां जेपी आंदोलन के गौरवशाली इतिहास को याद किया, वहीं वर्तमान समय में लोकतंत्र सेनानियों की उपेक्षा पर चिंता भी व्यक्त की।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ जेपी सेनानी बासुदेव प्रसाद सिंह ने की तथा संचालन श्याम सुंदर सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जेपी सेनानी नागरिक परिषद, मुंगेर के जिला उपाध्यक्ष सह मुख्य प्रवक्ता गोरेलाल मंडल ने अपने ओजस्वी संबोधन से सभा में नई ऊर्जा का संचार किया। गोरेलाल मंडल ने कहा कि 5 जून 1974 केवल एक तारीख नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के पुनर्जागरण का दिन है। इसी दिन गांधी मैदान, पटना से लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने ह्लसंपूर्ण क्रांतिह्व का बिगुल फूंका था, जिसने भ्रष्टाचार, महंगाई और कुशासन के खिलाफ देशव्यापी जनआंदोलन का रूप ले लिया। उन्होंने कहा कि उस आंदोलन ने सत्ता को यह संदेश दिया था कि लोकतंत्र में अंतिम शक्ति जनता के पास होती है।

उन्होंने कहा कि जेपी आंदोलन के सेनानियों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल की सलाखों के पीछे दिन बिताए, यातनाएं सहीं और अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना संघर्ष किया। लेकिन दुखद है कि आज उन्हीं लोकतंत्र सेनानियों की कई समस्याएं वर्षों से समाधान की प्रतीक्षा कर रही हैं।

सभा के दौरान गोरेलाल मंडल ने बिहार सरकार से मांग की कि जेपी सेनानी सलाहकार परिषद के अध्यक्ष का अविलंब नामांकन किया जाए। उन्होंने कहा कि परिषद का गठन लोकतंत्र सेनानियों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

इसलिए इस पद को लंबे समय तक रिक्त रखना उचित नहीं है। गोरेलाल मंडल ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान केवल भाषणों और समारोहों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी समस्याओं के समाधान और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के रूप में भी दिखाई देना चाहिए। उन्होंने सरकार से लोकतंत्र सेनानियों के हित में ठोस पहल करने की मांग की। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को भी जेपी के विचारों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आदर्श, पारदर्शिता, नैतिक राजनीति और जनभागीदारी की सोच पहले से अधिक प्रासंगिक हो गई है।

बैठक में उपस्थित जेपी सेनानियों ने गोरेलाल मंडल की मांगों का जोरदार समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री से जल्द कार्रवाई की अपील की। सभा में यह भी कहा गया कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में अशोक मंडल, लखन लाल सिंह, राघव विलास सिंह, चुनचुन शर्मा, चमेली देवी, सुधीर कापरी, गिरीश मंडल, मोहन मंडल, बालदेव मंडल, गिरिजा प्रसाद, कैलाश दास, पशुपति सिंह, सविता देवी, अनार देवी सहित बड़ी संख्या में जेपी सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नामांकन में तथ्य छिपाने के आरोप में मुख्य पार्षद पर एफआईआर

## राज्य निर्वाचन आयोग की जांच के बाद हुई कार्रवाई, पुलिस ने शुरू की जांच, नगर परिषद की राजनीति में बढ़ी सरगर्मी

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रभु शंकर के खिलाफ नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में हवेली खड़गपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। उन पर नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र में महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने तथा गलत जानकारी प्रस्तुत करने का आरोप लगाया गया है। यह कार्रवाई राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के निर्देश और जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विशाल मोहन द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर हवेली खड़गपुर थाना में कांड संख्या 200/26 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित दस्तावेजों को खंगालने की प्रक्रिया जारी है।

**शिकायत से शुरू हुई जांच की प्रक्रिया:**

बताया जाता है कि यह मामला नगर परिषद क्षेत्र के मुलुकटांड़ वार्ड संख्या-22 की निवासी एवं नगर परिषद चुनाव की पूर्व प्रत्याशी मनीषा कुमारी द्वारा दायर शिकायत से जुड़ा हुआ है। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के दौरान मुख्य पार्षद प्रभु शंकर ने अपने नामांकन पत्र और शपथ पत्र में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों का खुलासा नहीं किया था।

शिकायत में विशेष रूप से यह आरोप लगाया गया था कि उनके विरुद्ध पूर्व से दर्ज जमीन विवाद एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित मामलों की जानकारी नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग को नहीं दी गई। शिकायत मिलने के बाद मामला राज्य निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आया और आयोग ने इसकी गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच का आदेश दिया।

**राज्य निर्वाचन आयोग ने मांगी थी रिपोर्ट**

मामले की समीक्षा करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, मुंगेर से विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी थी। आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों, नामांकन पत्र, शपथ पत्र तथा अन्य अभिलेखों की जांच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि नामांकन के समय प्रस्तुत दस्तावेजों में कुछ आवश्यक जानकारियों का पूर्ण रूप से उल्लेख नहीं किया गया था। जांच रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को भेजी गई, जिसके आधार पर आयोग ने आगे की कार्रवाई का निर्देश दिया।

**प्रशासनिक जांच में आरोपों की पुष्टि :**

जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच में शिकायत के कई बिंदुओं को सही पाया गया। इसके बाद बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-447 के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की अनुशंसा की गई। प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विशाल मोहन ने हवेली खड़गपुर थाना को पत्र भेजकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। इसके आधार पर पुलिस ने मुख्य पार्षद प्रभु शंकर के विरुद्ध नाम निर्देशन पत्र में तथ्य छिपाने, गलत जानकारी देने तथा धोखाधड़ी से संबंधित आरोपों में मामला दर्ज कर लिया।

**पुलिस ने शुरू की जांच :**

हवेली खड़गपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और दस्तावेजों का अध्ययन किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार नामांकन से जुड़े सभी अभिलेखों को एकत्र किया जा रहा है और आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों एवं पक्षकारों से भी पूछताछ की जा सकती है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज :

मुख्य पार्षद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद नगर परिषद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के बीच चर्चा का दौर जारी है। कई लोग इसे नगर परिषद की राजनीति का बड़ा घटनाक्रम मान रहे हैं। नगर परिषद के आगामी विकास कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों पर भी इस मामले के प्रभाव को लेकर चचाएं शुरू हो गई हैं। वहीं आम लोगों की निगाहें अब पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया पर टिकी हुई हैं।

आगे क्या होगा? कानूनी जानकारों के अनुसार प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस जांच करेगी और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। यदि जांच में आरोपों की पुष्टि होती है तो मामला न्यायालय तक पहुंच सकता है। वहीं जांच पूरी होने तक सभी पक्षों की भूमिका और तथ्यों की कानूनी जांच जारी रहेगी। मुख्य पार्षद के खिलाफ दर्ज इस प्राथमिकी ने हवेली खड़गपुर नगर परिषद की राजनीति में एक नया मोड़ ला दिया है। अब देखना होगा कि जांच और कानूनी प्रक्रिया में आगे क्या निष्कर्ष निकलता है और इसका स्थानीय राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ता है।

# अखिल भारतीय शौण्डिक संघ ने आयोजित किया भव्य सम्मान समारोह

## कई मंत्री, विधायक, पूर्व मंत्री और एमएलसी हुए शामिल

### देश के विभिन्न राज्यों और बिहार के कोने कोने से पहुंचे शौण्डिक समाज के लोग

अभय आर्या

पटना। अखिल भारतीय शौण्डिक संघ की ओर से पटना के बाबू जगजीवन राम शोध संस्थान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी समारोह में शौण्डिक समाज से जुड़े कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों, विधायकों और समाज के प्रबुद्ध जनों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।

इसके बाद, अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के महामंत्री श्यामसुंदर प्रसाद ने मंच का कुशल संचालन किया। उन्होंने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता पर विशेष बल देते हुए सभी को संगठन को और मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया।

**प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही**

इस कार्यक्रम में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के कई दिग्गज एक मंच पर नजर आए, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहेः मंत्री व विधायकः मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, डॉ. श्वेता गुप्ता, ओबरा विधायक प्रकाश चन्द्र।

मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज की तरक्की के लिए समाज की एकजुटता जरूरी है. उन्होंने कहा कि शौण्डिक समाज के लोग समाज को अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग कर रहे हैं जो बिल्कुल जायज मांग है। उन्होंने कहा कि वे समाज की इस मांग से सरकार को अवगत कराने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शौण्डिक समाज के जो लोग संपन्न हैं वे अपने समाज के निचले पायदान के लोगों के उत्थान के लिए अपना हरसंभव सहयोग दें तभी समाज का तेजी से विकास संभव हो सकेगा। मंत्री ने समाज के प्रबुद्ध लोगों से भी समाज के विकास के



लिए हरसंभव सहयोग देने का आह्वान किया। तो वही डॉ. श्वेता गुप्ता ने समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के प्रसार, युवाओं के सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व की बढ़ती भूमिका तथा सामाजिक समरसता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, संगठन और शिक्षा में निहित होती है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सकारात्मक सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे आना होगा।उन्होंने कहा कि शौण्डिक समाज ने सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी सशक्त पहचान बनाई है और आने वाले समय में यह समाज विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आपसी सौहार्द, सहयोग और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

अपने संबोधन में डॉ. गुप्ता ने बिहार में एनडीए के प्रति समाज द्वारा दिए जा रहे व्यापक जनसमर्थन एवं विश्वास के लिए समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का यह विश्वास विकास, सुशासन एवं जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति सकारात्मक सोच का परिचायक है।पूर्व मंत्री व जनप्रतिनिधिः पूर्व मंत्री रामचंद्र पूर्वे, पूर्व मंत्री समीर महासेठ, पूर्व एमएलसी सुमन कुमार महासेठ, लालगंज के पूर्व विधायक केदारनाथ प्रसाद।संघ व समाज के प्रतिनिधिः अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के प्रो. रामावतार महतो, डॉक्टर स्मिता, डॉक्टर वरुण कुमार, ज्योति वैध, अनिल वैध, दानापुर सूढ़ी संघ के अरविंद लाल बिहारी, दिगंबर मंडल, अवधेश भक्त और प्रो. रतनेश प्रसाद।

झारखंड शौण्डिक समाज के कार्यकारी अध्यक्ष विनय बाबू, डॉ. रीता चकोर, मुंद्रिका बाबू, सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**मेधावी बच्चों और नवनिवार्चित जनप्रतिनिधियों का सम्मान**

समारोह के दौरान समाज की प्रतिभाओं और नेतृत्वकताओं को प्रोत्साहित किया गया।

**मेधावी छात्र-छात्राएं:**

बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शौण्डिक समाज के होनहार बच्चों को मंच पर सम्मानित किया गया।

जनप्रतिनिधि व कर्मठ लोगः समाज के नवनिवार्चित जनप्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज का नाम रोशन करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

**समारोह का मुख्य उद्देश्य:**

इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य शौण्डिक समाज के संगठन को धरातल पर मजबूती प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान मंच से शौण्डिक समाज को अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग पर विशेष जोर दिया गया और इसके लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

# पारदर्शी तरीके से आपकी समस्या का होगा समाधान : थानाध्यक्ष

### थानाध्यक्ष ने पब्लिक की समस्या सुनकर समाधान करने का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिले के ओबरा मुख्यालय के पुनपुन नदी के तट पर सामुदायिक भवन मे समस्या को निराकरण उसके समाधान को लेकर पुलिस पब्लिक संवाद संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष नीतिश कुमार ने किया। थानाध्यक्ष नीतिश कुमार ने उपस्थित आम जनता के बीच की दूरी को कम करना और कानून व्यवस्था को मजबूत करने को ले कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी ली। उन्होंने सभी उपस्थित आम पब्लिक से कहा कि आप अपनी समस्या को लेकर बेहिचक आए आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आपकी समस्या का समाधान सुनिश्चित की जाएगी। थानाध्यक्ष ने उपस्थित महिलाओं और पुलिस से सीधा संवाद कर समस्याओं को जाना और उसका समाधान करने को आश्वाशन दिया। कहा कि यह पुलिस पब्लिक संगोष्ठी आम जनता जनप्रतिनिधि और प्रभुत्व सामाजिक नागरिकों के साथ संवाद करेंगे और उसका समस्या का समाधान करेंगे। विशेषकर घर के पारिवारिक विवाद पति पत्नी का विवाद भूमि विवाद की समस्या सुनी गई और निष्पक्ष तरीके से समस्या का समाधान करने का आश्वाशन दिया।

उन्होंने कहा कि आप सभी हमारी सम्मानित व्यक्ति है। आपकी समस्याओं को हर हाल में सुनी जाएगी और समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्हें संगोष्ठी के माध्यम से अवैध शराब के कारोबार और अन्य असमाजिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए आम सबों से सहयोग मांगा।

# राजगीर मलमास मेला आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम : डॉ. प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राजगीर में आयोजित ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के मलमास मेले में अपने परिवार सहित सहभागिता की। उन्होंने सपरिवार प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में पवित्र कुंड में स्नान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य एवं देश की सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली तथा जनकल्याण के लिए विभिन्न देवी-देवताओं से प्रार्थना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजगीर का मलमास मेला सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक साधना का विश्वविख्यात केंद्र है। यह मेला देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है।

कहा जाता है कि मलमास मेला को शुभ व्यवस्थित करने का काम मगध के तात्कालिक चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध ने शुरू कराया था। भक्ति और कुश्ती दोनों उनके जीवन में प्रिय और अभिन्न अंग था। महाराज जरासंध की नगरी राजगीर में मलमास अवधि में सारे देवी देवता आकर निवास करते हैं।उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मलमास के दौरान राजगीर के पवित्र कुंडों में स्नान, दान और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस अवधि में सभी देवी-देवता राजगीर में निवास करते हैं और श्रद्धापूर्वक की गई आराधना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि लाखों श्रद्धालु इस मेले में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं।

राजगीर केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखने, तंबाकू निषेध तथा धार्मिक अनुष्ठानों को श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ संपन्न करने का आग्रह किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करते हैं ।

# जम्होर थाना द्वारा लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के मध्य विद्यालय के प्रांगण में जम्होर थाना के तत्वावधान में जिला प्रशासन औरंगाबाद के निर्देश पर लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया।जम्होर थाना के थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने विचार समन्वय किया एवं पुलिस पब्लिक के बीच में समन्वय स्थापित कैसे हो इस बात पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव देते हुए कहा कि जम्होर थाना क्षेत्र में अनुग्रह नारायण स्टेशन मार्ग तक ट्रकों की एंट्री की समय सीमा का निर्धारण हो। जगह-जगह पर पब्लिक को जागृत कर सीसीटीवी लगाया जाए। थानाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में पुलिस और पब्लिक के बीच जो सहयोगपूर्ण जागृति आई है इस निरंतरताता को बरकरार रखी जाए। किसी भी प्रकार के अपराध नियंत्रण में पब्लिक का सहयोग अपेक्षित है। संवाद गोष्ठी में जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, वर्तमान अध्यक्ष संजय गुप्ता, जम्होर विकास मंच के सचिव राणा सुनील सिंह, समाजसेवी डॉ नेहाल अहमद, सोनू जायसवाल, सुरेश यादव रामप्रसाद चौधरी, टूना पांडेय दिलावर सिंह, बिजली मिस्त्री मोहनलाल गौड़ एवं गंगा दयाल सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, वार्ड प्रतिनिधि वीरेंद्र राम वकील अहमद, मुर्शीद आलम, सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।गोष्ठी के सफल क्रियान्वयन में एस आई नितिन मिश्रा एवं मुकुल आनंद मांझी ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# केन्द्रीय मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा योजना के अंतर्गत 2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि का किया गया वितरण




गया जी।समाहरणालय सभाकक्ष, गया में माननीय केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है।इस बैठक में जिला पदाधिकारी, गया, वरीय पुलिस अधीक्षक, गया सहित जिला प्रशासन, परिवहन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

इस बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन एवं आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के आश्रित परिजनों को मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा योजना के अंतर्गत 2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण भी किया गया है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को जन-जन तक पहुँचाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया गया है।

# तेरबिधा मोड़ पर नगर आयुक्त के निर्देश पर वार्ड पार्षद दिपक चंद्रवंशी ने युद्ध स्तर पर काम कराया

गया जी।गया के तेलबिधा एवं गोलबिधा मोड़ आने जाने वाले लोगो को कोई कठिनाई नही हो इसके लिए वार्ड 15पार्षद दिपक चंद्रवंशी ने पानी लिकेज को तुरंत संज्ञान लेकर युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य किया और इसकी सुचना नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया एवं बुडको अधिकारी को करवाकर पानी लिकेज बंद करवाने का काम किया है।

# शहर तेलपा थाना के द्वारा लोक संवाद गोष्ठी आयोजन

करपी। शहर तेलपा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर तेलपा पंचायत सरकार भवन में लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर तेलपा के थानाध्यक्ष बालेश्वर पासवान ने किया । बैठक में क्षेत्र की समस्याओं, कानून-व्यवस्था और आपसी समन्वय को लेकर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस-जन सहयोग बढ़ाने की अपील की। लोक संवाद गोष्ठी के मौके पर शहर तेलपा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरंजन यादव, समाजसेवी अमरेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार, चंप्रल्ला चादव, मंजय कुमार, बिन्छ कुमार, असमा स्नातून, सरिता देवी, कौशल्या कुपारी जीविका दीदी, आशा कुमारी जीविका समेत थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक एवं ग्रामीण जनता शामिल हुए।

# केन्द्रीय मंत्री की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, शहर में बाहरी टोटो चालक पर होगी कार्रवाई

गया। केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी गया श्री शशांक शुभंकर ने बताया कि वर्ष 2022 से 2026 अबतक कुल 2490 सड़क दुर्घटना हुई है, वर्ष 2025 में 601 सड़क दुर्घटना हुई है, वर्ष 2026 ( जनवरी से मई) तक में 251 सड़क दुर्घटना हुए हैं। जिनमे हीट एंड रन के कुल 873 मामले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गया जिला काफी बड़ा जिला है साथ ही जीटी रोड भी गया जिला में पड़ता है। गया पटना मुख्य मार्ग भी गया में ही है। सड़क दुर्घटनाएं की संख्या ज्यादा होती रहती है। उन्होंने कहा कि कई सारे ऐसे सड़क दुर्घटनाएं हैं जिनका मामला थाना में दर्ज नहीं हो पता है जिसके कारण उन मामलों को चिन्हित करने में कठिनाई होती है। उन्होंने निर्देश दिया है कि विभिन्न निजी एवं सरकारी अस्पतालों से भी सड़क दुर्घटनाएं का डाटा प्राप्त किया जाए ताकि वैसे सभी मामलों को भी प्राप्त करते हुए उन्हें सरकार की योजना से लाभान्वित किया जा सके।

विगत दो मां पहले केंद्र सरकार द्वारा एक योजना लागू की गई है जिसमें यदि कहीं कोई सड़क दुर्घटना होती है तो उनका इलाज निशुल्क किया जाए और इलाज वाली शुल्क जिस अस्पताल में भर्ती होंगे उसे अस्पताल को सीधे परिवहन विभाग एवं केंद्र सरकार द्वारा उपचार का राशि मुहैया कराई जाएगी इसके लिए उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सभी प्राइवेट अस्पतालों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन सभी अस्पतालों का एनरोलमेंट करवाने का निर्देश दिए हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जिले में वैसे सभी स्पॉट चिन्हित है जहां लगातार सड़क दुर्घटना होती है, उन संबंधित स्पॉट के समीप सड़क सुरक्षा के पर्याप्त साइनेज लगाया जाए साथ ही पब्लिक अवेयरनेस भी करवाते रहें। सड़क दुर्घटना में जो गोल्डन आवर अर्थात सड़क हादसा के बाद 45 मिनट का जो वक्त होता है वह काफी गोल्डन आवर होता है। उस अवधि में घायल व्यक्ति को समुचित इलाज के अभाव के कारण ही उनकी मृत्यु होती है उस अवधि में उपचार होने से घायल व्यक्ति की जान बच सकती है। इसके लिए जो भी एस ओ पी है उसका अच्छे से पालन करवाते हुए बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये। मगध मेडिकल अस्पताल में ट्रामा सेंटर को पूरी तरीके से फंक्शनल करवाने का निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बैठक के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि शेरघाटी अस्पताल में भी ट्रामा सेंटर चालू करवाया जाए ताकि जीटी रोड पर यदि कहीं रोड एक्सीडेंट होते हैं तो मरीज को तुरंत इलाज करवाया जा सके।

इस बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए, ताकि सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की निरंतर समीक्षा हो सके।

# लोक संवाद गोष्ठी में ग्रामीणों ने उठाई जनसमस्याएं, सात आवेदन प्राप्त




प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। अनुमंडल क्षेत्र में शनिवार को लोक संवाद गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेरघाटी एसडीपीओ संदीप कुमार ने की। गोष्ठी का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों तक मामलों को पहुंचाना था।कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारी पूजा कुमारी, मो. इम्तियाज, आभान्स कुमार एवं रविराज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गोष्ठी में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।ग्रामीणों द्वारा बिजली बिल में गड़बड़ी, नल-जल योजना की अनियमितता, भूमि विवाद, राशन कार्ड से नाम कटने तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों की शिकायतें दर्ज कराई गईं। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित करने का आश्वासन दिया।एसडीपीओ संदीप कुमार ने कहा कि लोक संवाद गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आम लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जा सके।

उन्होंने लोगों से प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करने तथा किसी भी समस्या की जानकारी समय पर देने की अपील की।गोष्ठी के दौरान कुल सात आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निष्पादन की प्रक्रिया शुरू करने की बात अधिकारियों ने कही। कार्यक्रम में सुबोध सिंह, अरविंद सिंह, मन्नू सिंह, राजेश सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# निजी विद्यालयों पर बढ़ते दबाव के खिलाफ शिक्षण संघ ने जताई चिंता

शेरघाटी/गया भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ की गया जिला इकाई की ओर से शनिवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निजी विद्यालयों के समक्ष उत्पन्न विभिन्न समस्याओं और संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित विद्यालय संचालकों एवं शिक्षाविदों ने सरकार द्वारा निजी विद्यालयों के लिए जारी किए जा रहे नए-नए नियमों और निर्देशों पर चिंता व्यक्त की।वक्ताओं ने कहा कि निजी विद्यालयों को बार-बार जांच और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के दायरे में लाकर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार और विद्यालय प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के संरक्षक एवं मुख्य अतिथि रामस्वरूप विद्यार्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने संगठन की एकजुटता को आवश्यक बताते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। बैठक की अध्यक्षता वृज राज ने की, जबकि संचालन सचिव विनोद मेहरवार ने किया।

# सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, अवैध ट्रैक्टरों पर हो कड़ी कार्रवाई : अध्यक्ष, बिवि

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शनिवार को गया जिला समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा गया के सांसद जीतन राम मांझी के साथ शामिल हुए। इस बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई है।

इस बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए, ताकि सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की निरंतर समीक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि केवल सांसद एवं विधायक ही नहीं, बल्कि पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों को भी सड़क सुरक्षा अभियान से जोड़ना आवश्यक है। इसके लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर नियमित बैठकों का आयोजन किया जाए तथा गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए।डॉ. प्रेम कुमार ने गया शहर में अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टरों, टोटो एवं बालू ढोने वाले वाहनों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में ट्रैक्टर बिना निर्धारित मानकों एवं यातायात नियमों का पालन किए सड़कों पर चल रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों गया शहर के उतरी भाग छोटकी नवादा क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 एवं 5 में चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। ट्रैक्टरों से संबंधित कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें राहगीरों एवं आम नागरिकों की मृत्यु हुई है।

हाल ही में गया रेलवे स्टेशन के समीप शनि मंदिर के पास परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र की ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत्यु अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है।

उन्होंने जिला प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टरों तथा बालू ढोने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जाए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए गए विभिन्न कार्यों की भी समीक्षा की गई है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च पथ प्राधिकरण, पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दुर्घटना-प्रवण स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर सुधारात्मक कार्य किए गए हैं।

मुख्य सड़कों पर सुरक्षित यातायात के लिए क्रॉसिंग पेंटिंग, रोड साइनेज, रम्बल स्ट्रिप, गति अवरोधक सहित अन्य सुरक्षा उपाय स्थापित किए गए हैं।पथ प्रमंडल संख्या-01, गया द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ब्लैक स्पॉट वाले मार्गों पर रोड साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, जेबरा क्रॉसिंग एवं रोड डेलिनेटर लगाए गए हैं। टंक एरिया, जेल एरिया, दिनेश रोड सहित विभिन्न सड़कों पर रोड साइन बोर्ड स्थापित किए गए हैं तथा मस्तालिपुर, मेहता पेट्रोल पंप के समीप एवं शहर के अन्य स्थानों पर जेबरा क्रॉसिंग की व्यवस्था की गई है।इस बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का विवरण आई-रेड (क्फ्अऊ) पोर्टल पर दर्ज किया जाता है तथा प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर सड़क सुरक्षा कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# समर्थ पोर्टल के सफल क्रियान्वयन को लेकर कुलपति ने प्राचार्यों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक , दिए कई निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

बोधगया ।मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के गणित विभाग स्थित रामानुज सभागार में विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत एवं नवस्थापित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है।इस बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक कुलपति प्रो दिलीप कुमार केशरी ने की है। इस बैठक में कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम, अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. पी. के. चौधरी, सीसीडीसी डॉ. संजय तिवारी, कुलानुशासक प्रो. के. डी. पी. वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रतिम पार्थ दास सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित रहे हैं।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-28 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया को समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित किए जाने संबंधी निर्देशों के आलोक में महाविद्यालयों की तैयारियों की समीक्षा करना तथा प्राचार्यों की शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान करना था।कार्यवाहक कुलपति प्रो केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल एवं पारदर्शी व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए समर्थ पोर्टल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर नामांकन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्रहितैषी बनाया जाएगा। उन्होंने सभी प्राचार्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने महाविद्यालयों में तकनीकी एवं प्रशासनिक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े हैं।

इस बैठक के दौरान प्राचार्यों द्वारा समर्थ पोर्टल पर नामांकन से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं को विस्तार से रखा गया है। कई महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन, डेटा अपलोडिंग तथा आधार एवं अपार (अढअअफ) आईडी से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं।

# पटना का धनरुआ पंचायत बना महिला सशक्तिकरण का अनुकरणीय मॉडल

- **संस्थागत प्रसव, स्कूल नामांकन, पेंशन और श्रम कार्ड में 100 प्रतिशत कवरेज**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी और पारदर्शी शासन मिसाल बनकर उभरी रही है। पटना जिले के धनरुआ प्रखंड की धनरुआ पंचायत की मुखिया रानी कुमारी आज विकास की मुख्यधारा में सक्रिय नेता और निर्णयकर्ता बनकर उभरी हैं। महिला मुखिया के नेतृत्व में इस पंचायत ने कल्याणकारी योजनाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन कर देश के लिए एक आदर्श पेश किया है।

पंचायत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किए हैं। 100 प्रतिशत संस्थागत प्रसव, 100 प्रतिशत स्कूल नामांकन, 100 प्रतिशत पेंशन कवरेज और 100 प्रतिशत श्रम कार्ड वितरण जैसी उपलब्धियां धनरुआ को महिला-हितैषी और समावेशी पंचायत का बेहतरीन उदाहरण बनाती हैं।

**खुले में शौच मुक्त गांव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

पंचायत में आवास योजना के तहत 99 परिवारों को घर मिला है, वहीं 380 शौचालयों का निर्माण कर खुले में शौच मुक्त गांव की दिशा में ठोस कदम उठाए गए।

**महिलाओं के लिए मजबूत संस्थागत ढांचा**

पंचायत ने महिलाओं को शासन की मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। अगस्त 2022 में गठित लैंगिक मंच के जरिए महिलाएं अपनी समस्याएं खुलकर रख रही हैं। दीदी अधिकार केंद्र लगातार सक्रिय है, जहां महिलाओं को योजनाओं, अधिकारों और कानूनी सहायता के लिए एक खिड़की मिलती है। पंचायत में विभिन्न रजिस्टरों का भी किया जा रहा है- विवाह निबंधन रजिस्टर (बाल विवाह रोकने के लिए), घरेलू हिंसा रजिस्टर और सरकारी योजना रजिस्टर। इनके जरिए न सिर्फ पारदर्शिता बनी हुई है, बल्कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा भी हो रही है। नियमित बैठकें, जागरूकता अभियान और सामुदायिक गतिविधियां महिलाओं के आत्मविश्वास को लगातार बढ़ा रही हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496